Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़



## जनवरी 2025

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. रुपए के अवमूल्यन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कमज़ोर रुपया भारत के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है।
2. कमज़ोर मुद्रा से आयातित खाद्य तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20 व्यक्तियों को मनमाने और पूर्वव्यापी आपराधिक विधि से संरक्षण प्रदान करता है।
2. भारत का उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि एक गैर-नागरिक अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षण पाने का हकदार नहीं है, क्योंकि इसमें 'भारतीय मूल का व्यक्ति' शब्द का प्रयोग किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 औषधियों एवं सौंदर्य प्रसाधनों के विनियमन के लिये केंद्रीय एवं राज्य नियामकों को विभिन्न ज़िम्मेदारियाँ सौंपता है।
2. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) देश में दवाओं और उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये मानक और उपाय निर्धारित करता है।
3. भारतीय औषधि महानियंत्रक भारत में औषधियों के विनिर्माण, बिक्री, आयात और वितरण के लिये मानक निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**4. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे IMPS (तत्काल भुगतान सेवा) अवसंरचना पर निर्मित है, यह उपयोगकर्त्ताओं को किसी भी दो पक्षों के बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरण करने की अनुमति देता है।
2. यह विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं, निर्बाध निधि मार्गन और मर्चेंट भुगतानों को एक मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करने की सुविधा प्रदान करता है।
3. सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण इसे विशेष रूप से भारत में उपयोग के लिये बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**5. पूंजीगत व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका तात्पर्य सरकार द्वारा बुनियादी ढाँचे, भवन, मशीनरी और उपकरण जैसी भौतिक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण और विनिर्माण के लिये आवंटित धनराशि से है।
2. इसे उत्पादक और विकास को बढ़ावा देने वाला माना जाता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता में वृद्धि करता है तथा भविष्य में आय तथा रोज़गार उत्पन्न करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**नोट:**

**6. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन 2019 में केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) को मिलाकर किया गया था।
2. YH मालेगाम समिति ने सर्वप्रथम सभी प्रमुख सांख्यिकीय गतिविधियों के लिये नोडल निकाय के रूप में NSO की स्थापना का सुझाव दिया था।
3. यह वर्तमान में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**7. एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अमेरिकी नियोक्ताओं को ऐसे व्यवसायों में अप्रवासी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिये "उच्च स्तर के कौशल" और "कम-से-कम स्नातक की डिग्री" की आवश्यकता होती है।
2. एच-1बी वीज़ा अधिकतम छह वर्षों के लिये जारी किया जा सकता है, जिसके बाद वीज़ा धारक को वापस लौटने से पहले कम-से-कम 12 माह की अवधि के लिये अमेरिका छोड़ना पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कृषि क्षेत्र, देश के चालीस प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोज़गार देता है।

**कथन-II:** PM-किसान योजना में लगभग 10 करोड़ किसानों को उनकी तत्काल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रतिवर्ष 6,000 रुपए दिये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**9. जॉर्जिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह काकेशस क्षेत्र में स्थित एक देश है, जिसकी पश्चिमी सीमा काला सागर से लगती है।
2. जॉर्जिया की सीमाएँ रूस, ईरान और तुर्कमेनिस्तान से मिलती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**10. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से एक वैश्विक संधि।
B. ओज़ोन परत को क्षति पहुँचाने वाले पदार्थों (ODS) के उत्पादन और उपभोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके ओज़ोन परत की संरक्षण के लिये एक वैश्विक समझौता।
C. सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को बढ़ावा देने के लिये संयुक्त राष्ट्र का एक प्रस्ताव।
D. ध्रुवीय क्षेत्रों में जैवविविधता के संरक्षण के लिये एक ढाँचागत समझौता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**11. स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा विकसित एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करना है।
2. यह सूक्ष्मगुरुत्व में प्रयोगों के लिये संस्थानों और स्टार्टअप्स से पेलोड की मेज़बानी के लिये ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) के चौथे चरण, POEM-4 (PSLV ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंटल मॉड्यूल)-4 का उपयोग करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**12. स्पेस डॉकिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दो तीव्र गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षा में ले जाने, उन्हें पास लाने तथा उन्हें एक इकाई बनाने के लिये जोड़ने की जटिल प्रक्रिया है।
2. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) का निर्माण स्पेस डॉकिंग का उपयोग करके किया गया था, जिसमें विभिन्न मॉड्यूलों को अलग-अलग प्रक्षेपित करके किया गया था और अंतरिक्ष में डॉक किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I:** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) कंपनियों के लिये लेखांकन और लेखा परीक्षा मानकों का सुझाव देता है, जिसके लिये केंद्र सरकार से अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

**कथन II:** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के तहत एक संवैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**14. ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (CPTPP) के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CPTPP एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है, जिस पर वर्ष 2018 में 11 देशों ने हस्ताक्षर किये थे।
2. हाल ही में भारत इस व्यापार समूह में शामिल होने वाला 12वाँ सदस्य बन गया है।
3. CPTPP ने वस्तुओं एवं सेवाओं पर 99% टैरिफ हटा दिये हैं, सदस्य देश वन्यजीव तस्करी में कटौती करने पर सहमत हुए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**15. विनिमय दर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक मुद्रा की कीमत दूसरी मुद्रा के संदर्भ में विनिमय दर के रूप में जानी जाती है।
2. एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा के साथ विनिमय दर, दोनों मुद्राओं के धारकों के बीच सापेक्ष मांग को दर्शाती है।
3. वित्त मंत्रालय 36 व्यापारिक साझेदार देशों की मुद्राओं के संबंध में रुपए की अंकित प्रभावी विनिमय दर (NEER) को सारणीबद्ध करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**16. मानव विकास सूचकांक (HDI) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है ?**

A. विश्व बैंक
B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
D. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

**17. परिसीमन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 82 के अंतर्गत संसद प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम पारित करती है।
2. अनुच्छेद 170 के अंतर्गत, प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम के अनुसार राज्यों को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में भी विभाजित किया जाता है।
3. 87वें संशोधन अधिनियम 2003 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रावधान 2001 की जनगणना के आधार पर नहीं, बल्कि 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**18. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSP वह गारंटीकृत राशि है, जो सरकार द्वारा किसानों की खरीदने पर उन्हें दी जाती है।
2. MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।
3. वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अंतिम निर्णय लेती है।

**उपर्युक्त में से कितने सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**19. स्थगन प्रस्ताव के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अविलंबनीय सार्वजनिक महत्त्व के किसी मामले पर चर्चा करने के लिये पेश किया गया तथा तत्काल चिंता का विषय होना चाहिये तथा इसके लिये अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है।
2. यह प्रस्ताव राज्यसभा में प्रस्तावित होता है, परन्तु लोकसभा में नहीं।
3. स्थगन प्रस्ताव पारित होने पर सरकार को इस्तीफा देना होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**20. राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वनों के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों का त्वरित व कुशल समाधान करना है।
2. आवेदन करने के मूल अधिकार क्षेत्र के अलावा, एनजीटी के पास एक न्यायालय (ट्रिब्यूनल) के रूप में अपील सुनने का अपीलीय अधिकार क्षेत्र भी है।
3. न्यायाधिकरण सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य नहीं, बल्कि 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**21. विश्व स्वास्थ्य संगठन ( WHO ) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर-सरकारी संगठन है और आमतौर पर स्वास्थ्य मंत्रालयों के माध्यम से अपने सदस्य राज्यों के साथ मिलकर काम करता है।
2. स्वतंत्रता के बाद भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन का सदस्य बना।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ भारत सरकार के समन्वित प्रयास से वर्ष 1977 में चेचक का उन्मूलन कर दिया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**22. नीति आयोग के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2015 में नीति आयोग ने कम सरकार के साथ बेहतर शासन के लिये "नीचे से ऊपर" दृष्टिकोण तथा सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने हेतु योजना आयोग का स्थान लिया।
2. योजना आयोग के विपरीत, इसके पास धन आवंटित करने की शक्ति है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**23. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ( UNFCCC ) पार्टियों के सम्मेलन 29 ( COP-29 ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) का लक्ष्य 2035 तक विकासशील देशों के लिये जलवायु वित्त को तीन गुना बढ़ाकर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष करना है।
2. इसने जलवायु परिवर्तन से निपटने में स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों के महत्त्व पर ज़ोर दिया।
3. भारत ने अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिलकर जैविक अपशिष्ट से मीथेन को कम करने पर COP-29 घोषणा का समर्थन किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केलकर समिति (2002)
2. राजा जे. चेलैया समिति (1991)
3. टी.आर. रुस्तगी समिति (2011)

**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उपरोक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है ?**

A. भारत में कर सुधार

B. बैंकिंग क्षेत्र में सुधार

C. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम

D. पर्यावरण नीति और कानून

**25. भारतीय प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें दोहरी आपराधिकता के सिद्धांत को लागू किया जाता है, जिसका अर्थ है कि अपराध अनुरोधकर्त्ता देश के राष्ट्रीय कानूनों के साथ-साथ अनुरोधित देश के राष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत भी अपराध माना जाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

2. विदेश मंत्रालय का कांसुलरी, पासपोर्ट और वीज़ा प्रभाग इसका प्रशासन करता है तथा आने वाले और जाने वाले प्रत्यर्पण अनुरोधों पर कार्रवाई करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

**कथन-I:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध न होने की स्थिति में ग्रामीण परिवारों को वैकल्पिक आय स्रोत प्रदान करके आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

**कथन-II:** मनरेगा एक मांग आधारित मज़दूरी रोज़गार योजना है, जो देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में सुधार के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार को कम-से-कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोज़गार प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**27. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. दिनेश गोस्वामी समिति (1990)
2. इंद्रजीत गुप्ता समिति (1998)
3. तन्खा समिति (2010)

**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उपरोक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है?**

A. चुनाव सुधार
B. शैक्षिक सुधार
C. सार्वजनिक क्षेत्र में सुधार
D. न्यायिक सुधार

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार ने प्राथमिक स्तर (6-14 वर्ष) के लिये शिक्षा का अधिकार (RTI) अधिनियम के एक भाग के रूप में सर्व शिक्षा अभियान (SSA) को क्रियान्वित किया है।
2. सरकार ने राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के माध्यम से सर्व शिक्षा अभियान को माध्यमिक शिक्षा (आयु वर्ग 14-18) तक विस्तारित कर दिया है।
3. उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सरकार राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के माध्यम से उच्च शिक्षा पर ध्यान दे रही है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**29. खाड़ी क्षेत्र के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फारस की खाड़ी के आस-पास के क्षेत्र को संदर्भित करता है, जो अरब प्रायद्वीप और दक्षिण-पश्चिमी ईरान के बीच स्थित हिंद महासागर का एक सीमांत सागर है।
2. खाड़ी भू-राजनीतिक तनावों का केंद्र है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच विवाद, सऊदी-ईरान प्रतिद्वंद्विता तथा यमन गृह युद्ध शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**30. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्णत: आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है।
2. यह योजना केवल उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014 के अंतर्गत नियम और योजना अधिसूचित की है।

3. यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विक्रय कार्य में लगे सभी स्ट्रीट वेंडरों के लिये उपलब्ध है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**31. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों के विपरीत, यह एकमात्र ऐसा अंग है जो न्यूयॉर्क (अमेरिका) में स्थित नहीं है।
2. हाल ही में हिंदी को अंग्रेज़ी और फ्रेंच के साथ आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया गया है।
3. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अन्य अंगों के विपरीत, न्यायालय में सरकारों के प्रतिनिधि शामिल नहीं होते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**32. बोत्सवाना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिणी अफ्रीका में स्थित एक स्थलरुद्ध देश है।
2. इसकी सीमा दक्षिण और पूर्व में दक्षिण अफ्रीका, पश्चिम में नामीबिया और पूर्व में ज़िम्बाब्वे से लगती है।
3. विशाल कालाहारी रेगिस्तान इसका 70 प्रतिशत से अधिक भाग घेरे हुए है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा देश उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है ?**

A. नामिबिया
B. बोत्सवाना
C. जाम्बिया
D. ज़िम्बाब्वे

**33. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला मूल्य वर्द्धित कर प्रणाली है।
2. इसे 101वें संविधान संशोधन अधिनियम 2016 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**34. भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट पर आधारित है।
2. राष्ट्रपति द्वारा उचित समझे जाने पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।
3. राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य सरकार निलंबित रहती है और केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से सीधे राज्य का प्रशासन चलाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**35. भारत में दिवाला कानूनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दिवाला अधिनियम, 1848 को घरेलू स्तर पर दिवालियापन से निपटने के क्रम में पहले दिवाला कानून के रूप में प्रस्तुत किया गया था।
2. प्रेसीडेंसी-टाउन इन्सॉल्वेंसी एक्ट, 1909 केवल कलकत्ता, बॉम्बे एवं मद्रास पर लागू था।
3. प्रांतीय दिवाला अधिनियम, 1920 मुफस्सिल क्षेत्रों में दिवालियापन को नियंत्रित करने पर केंद्रित था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**36. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. एराडी समिति (2000)
2. मित्रा समिति (2001)
3. ईरानी समिति (2005)

**निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र उपर्यक्त समितियों से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. शैक्षिक सुधार

B. दिवाला एवं शोधन अक्षमता सुधार

C. बीमा क्षेत्र संबंधी सुधार

D. इनमे से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) भूजल प्रबंधन के लिये वैज्ञानिक विशेषज्ञता प्रदान करता है, जिसमें अन्वेषण, निगरानी और जल गुणवत्ता आकलन शामिल हैं।

**कथन-II:** केंद्रीय भूजल प्राधिकरण का गठन जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विश्व के लगभग 70% लिथियम भंडार अर्जेंटीना, चिली और बोलीविया के "लिथियम त्रिकोण" में केंद्रित हैं।

**कथन-II:** इलेक्ट्रिक वाहन (EV) का उत्पादन पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (ICE) वाहन के निर्माण की तुलना में काफी अधिक ऊर्जा-गहन है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**39. क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में क्रिप्टोकरेंसी को वैध मुद्रा के रूप में मान्यता दे दी गई है।
2. आयकर अधिनियम, 1961 के तहत क्रिप्टोकरेंसी को "वर्चुअल डिजिटल एसेट्स" (VDA) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
3. क्रिप्टो परिसंपत्तियों को वर्तमान में धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत विनियमित किया जाता है और वित्तीय आसूचना इकाई भारत द्वारा इसकी जाँच की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**40. भूजल में नाइट्रेट संदूषण में वृद्धि के निहितार्थ के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अत्यधिक नाइट्रेट संदूषण से मेथेमोग्लोबिनेमिया हो सकता है, जिसे ब्लू बेबी सिंड्रोम भी कहा जाता है।
2. इससे झीलों और तालाबों में शैवालों की वृद्धि होती है, जिससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**41. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA), 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को जानने और नियंत्रित करने का अधिकार प्रदान करता है।
2. इसमें यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तिगत डेटा का प्रसंस्करण केवल व्यक्ति की स्पष्ट सहमति से ही किया जा सकता है।
3. यह अनुपालन की निगरानी एवं शिकायतों के निपटान के लिये भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**42. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रोग रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (RSV) के समान परिवार का है।
2. कोविड-19 के समान यह भी एक नया रोग है, जिसने पहले कभी मनुष्यों को संक्रमित नहीं किया था।
3. इसका प्रकोप ठंड के मौसम में अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**43. वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है ?**

A. संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली एक पहल जिसका उद्देश्य वैश्विक निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और दुनिया भर में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना है।

B. वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिये चीन द्वारा प्रस्तावित एक रूपरेखा, जिसमें संप्रभुता, अहस्तक्षेप और शांतिपूर्ण विवाद समाधान पर ज़ोर दिया गया है।

C. यूरोपीय संघ की नीति सदस्य देशों में आतंकवाद-रोधी और साइबर सुरक्षा के लिये एकीकृत दृष्टिकोण बनाने पर केंद्रित थी।

D. सामूहिक रक्षा को मज़बूत करने और उभरते खतरों के खिलाफ अपने सदस्य देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये नाटो द्वारा संचालित रणनीति है।

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिमालय में लगभग 4,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित एक अंतर्देशीय झील है।
2. यह विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झीलों में से एक है।
3. इसका निर्माण भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के टकराव के कारण एक टेक्टोनिक झील के रूप में हुआ।

**निम्नलिखित में से कौन-सी झील उपर्युक्त का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करती है ?**

A. पैंगोंग त्सो झील

B. सांभर झील

C. लोकटक झील

D. पुलिकट झील

**45. कॉफी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 19वीं सदी के मध्य में अंग्रेज़ों के आगमन के साथ ही भारत में व्यावसायिक कॉफी की खेती पूरी तरह फलने-फूलने लगी।
2. भारत में कॉफी पश्चिमी और पूर्वी घाट के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में घनी प्राकृतिक छाया के नीचे उगाई जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. केरल सबसे बड़ा उत्पादक है, जो कुल कॉफी उत्पादन का लगभग दो तिहाई उत्पादन करता है, उसके बाद कर्नाटक का स्थान है, जिसकी शेष हिस्सेदारी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**46. श्री नारायण गुरु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान की वकालत की।
2. उनका मूल विश्वास "एक जाति, एक धर्म, सभी के लिये एक ईश्वर" के नारे में व्यक्त हुआ।
3. वे आदि शंकराचार्य द्वारा प्रस्तुत अद्वैतवादी दर्शन, अद्वैत वेदांत के प्रमुख समर्थक बन गए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के अंतर्गत किसानों को उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर सब्सिडी दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं।

**कथन-II:** NBS नीति का उद्देश्य P&K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरक के बीच इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**48. संसद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद का सत्र आहूत करने का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 85 में निर्दिष्ट है।
2. संसद का सत्र आहूत करने का अधिकार संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति को है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है।
3. संविधान के अनुच्छेद 86 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार भारत में एक निश्चित संसदीय कैलेंडर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** संविधान के अनुच्छेद 51 (A) (a) के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे एवं उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान करे।

**कथन-II:** राष्ट्रपति द्वारा आकाशवाणी पर राष्ट्र को संबोधित करने से ठीक पहले और बाद में राष्ट्रगान के पूर्ण संस्करण का गायन होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**50. कॉलेजियम प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 और अनुच्छेद 217 उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित हैं।
3. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) ने न्यायिक नियुक्तियों में सरकार को समान भूमिका दी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**51. पवित्र उपवनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अछूती वन भूमि हैं, जो स्थानीय निवासियों द्वारा अछूती छोड़ दी गई हैं तथा स्थानीय लोगों द्वारा अपनी संस्कृति और धार्मिक विश्वासों के कारण संरक्षित हैं।
2. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 राज्य सरकारों को निज़ी या सामुदायिक भूमि को सामुदायिक रिज़र्व में परिवर्तित करने की अनुमति देता है, जिसमें पवित्र उपवन भी शामिल हो सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**52. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | पहल | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म | सरकारी अधिकारियों के लिये ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल |
| 2. | ई-ऑफिस पहल | सरकारी कार्यप्रवाह को डिजिटल बनाना |
| 3. | सरकारी ई-बाज़ार (GeM) | ऑनलाइन क्रय प्रक्रिया |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** G7 की चर्चा और घोषणा महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर वैश्विक समन्वय की दिशा को प्रभावित कर सकती हैं।

**कथन-II:** G7 विश्व की सर्वाधिक विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का एक अनौपचारिक समूह है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**54. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सेवाओं में व्यापार पर सामान्य समझौते (GATS) के संदर्भ में सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) सिद्धांत के उद्देश्य और अनुप्रयोग का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. MFN सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि व्यापारिक अधिकार किसी देश की आर्थिक या राजनीतिक सामर्थ्य के आधार पर प्रदान किये जाएँ, तथा बड़े व्यापारिक साझेदारों को अधिक अनुकूल पहुँच की शर्तें प्राप्त हों।
B. MFN सिद्धांत के अनुसार दो देशों के बीच सहमत सर्वोत्तम पहुँच की शर्तों को स्वचालित रूप से व्यापार प्रणाली में अन्य सभी प्रतिभागियों पर लागू किया जाना चाहिये, चाहे उनके समन्वय करने की क्षमता कुछ भी हो।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

C. MFN सिद्धांत केवल उन देशों पर लागू होता है, जिन्होंने GATS के अंतर्गत विशिष्ट प्रतिबद्धताएँ की हैं, तथा ऐसे देशों को इसमें शामिल नहीं किया जाता है जिन्होंने ऐसी प्रतिबद्धताएँ नहीं की हैं।

D. MFN सिद्धांत को नियम-आधारित ढाँचे के स्थान पर द्विपक्षीय दृष्टिकोण लाने के लिये तैयार किया गया है, जो व्यक्तिगत देशों के बीच समन्वय पर केंद्रित होगा।

**55. "इम्पॉसिबल ट्रिनिटी" थियोरम, जिसे प्रायः समाचारों में देखा जाता है, का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. किसी देश की मौद्रिक स्वतंत्रता, विनिमय दर स्थिरता और पूर्ण पूंजी गतिशीलता को एक साथ प्राप्त करने में असमर्थता।

B. तीन देशों की एक साथ आर्थिक वृद्धि हासिल करने में असमर्थता।

C. किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति, बेरोज़गारी और आर्थिक विकास के बीच का व्यापार-स्थिरता।

D. राजकोषीय घाटा, चालू खाता घाटा और बाह्य ऋण स्थिरता के बीच संतुलन।

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सामान्य सरकारी ऋण मुख्यतः रुपए में होता है, तथा द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्रोतों से प्राप्त बाह्य ऋण का इसमें मामूली योगदान होता है।
2. घरेलू स्तर पर जारी सरकारी बॉन्ड अधिकतर मध्यम से दीर्घकालिक होते हैं, जिनकी औसत परिपक्वता अवधि लगभग 12 वर्ष होती है।
3. एन.के. सिंह समिति ने राजकोषीय नीति के प्राथमिक लक्ष्य के रूप में ऋण का उपयोग करने का सुझाव दिया था।

**उपर्युक्त कथन में से कौन-सा/से सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**57. ऑपरेशन समाधान प्रायः किस संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है?**

A. सीमा पार आतंकवाद को लक्षित करने वाला एक सैन्य अभियान।

B. वामपंथी उग्रवाद (LWE) से निपटने के लिये एक सरकारी पहल।

C. प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत अभियान।

D. ग्रामीण युवाओं के लिये कौशल विकास कार्यक्रम।

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वर्तमान में इसे विकसित राष्ट्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**कथन-II:** विकसित देश से तात्पर्य एक परिपक्व और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले राष्ट्र से है, जिसमें उच्च स्तर का औद्योगीकरण, तकनीकी अवसंरचना और समग्र सामाजिक कल्याण शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**59. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी व्यक्ति के "व्यक्तिगत डेटा" के प्रसंस्करण के लिये "सहमति" को प्राथमिक कारक मानता है।
2. कुछ प्रकार के संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को भारत में ही संग्रहीत और संसाधित किया जाना आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

60. **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. यह खुदरा खरीदार के नजरिये से मूल्य परिवर्तन को मापता है।
2. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानकर जारी किया जाता है।
3. मौद्रिक नीति समिति (MPC) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये CPI डेटा का उपयोग करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

61. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** परमाणु अपशिष्ट अत्यधिक रेडियोधर्मी होता है, इसे सुरक्षित स्थानों पर संग्रहित किया जाना चाहिये, ताकि रिसाव को रोका जा सके तथा आसपास के वातावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके।

**कथन-II:** प्रयुक्त ईंधन से तात्पर्य परमाणु रिएक्टर ईंधन से है, जो परिचालन के दौरान विकिरणित हो जाता है तथा जब यह परमाणु प्रतिक्रिया को जारी रखने के लिये अधिक कुशल नहीं रह जाता है, तो इसे अंतत: हटा दिया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

62. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राजकोषीय नीति के माध्यम से किसी देश की सरकार, अर्थव्यवस्था के संचालन के लिये कर राजस्व और सार्वजनिक व्यय के प्रवाह को नियंत्रित करती है।

**कथन-II:** तीव्र आर्थिक विकास प्राप्त करना भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राजकोषीय नीति के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

63. **'राज्य वित्त रिपोर्ट 2024-25' हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
B. नीति आयोग
C. वित्त मंत्रित्व
D. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)

64. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. सेवाओं में व्यापार पर वर्ष 1995 के सामान्य समझौते में विधिक सेवाओं को छोड़कर सेवाओं के आवागमन के लिये प्रावधान शामिल हैं।
2. क्षेत्रीय संधियाँ सामान्यत: विधिक कर्मियों को अस्थायी आधार पर तथा नियामक निगरानी के तहत सीमा पार आवागमन की अनुमति देती हैं।
3. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनी बाज़ार में भारतीय अधिवक्ताओं के अधिक एकीकरण को प्रोत्साहित करने के लिये अधिवक्ता स्थापना निर्देश प्रस्तुत किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

65. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. यह मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. इसे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा संरक्षण सुनिश्चित बाघ मानक (CAITS) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
3. इसे यूनेस्को द्वारा बायोस्फीयर रिज़र्व के रूप में नामित किया गया था।

**कौन-सा टाइगर रिज़र्व उपर्युक्त विवरण से सही सुमेलित है?**

A. कान्हा टाइगर रिज़र्व
B. पन्ना टाइगर रिज़र्व
C. बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व
D. सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व

**66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर-बेसिन जल स्थानांतरण की अवधारणा सर्वप्रथम 130 वर्ष पहले सर आर्थर कॉटन द्वारा प्रस्तावित की गई थी।
2. राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी (NWDA) की स्थापना वर्ष 1982 में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत नदी जोड़ो के सर्वेक्षण, जाँच और व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिये की गई थी।
3. केन-बेतवा लिंक परियोजना (KBLP), वर्ष 1980 की राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत भारत की पहली नदी जोड़ो पहल है, जिसका कार्यान्वयन केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. *केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले* में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत सूचना के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी।
2. वर्ष 2019 में, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के कार्यालय को RTI अधिनियम, 2005 के तहत एक 'सार्वजनिक प्राधिकरण' घोषित किया।
3. सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 ने मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) और सूचना आयुक्तों (IC) का कार्यकाल घटाकर 3 वर्ष कर दिया, जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**68. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) का सबसे अच्छा वर्णन निम्नलिखित में से किसमें किया गया है?**

A. यह शेयरों के एक चयनित समूह के आधार पर शेयर बाज़ार के समग्र प्रदर्शन का एक माप है।
B. यह एक आर्थिक संकेतक है जो विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में आर्थिक प्रवृत्तियों की प्रचलित दिशा को दर्शाता है।
C. यह मौद्रिक नीति का मार्गदर्शन करने के लिये केंद्रीय बैंकों द्वारा निर्धारित बेंचमार्क ब्याज दर है।
D. यह वस्तुओं एवं सेवाओं की एक निश्चित टोकरी की लागत में परिवर्तन का एक सांख्यिकीय माप है।

**69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ज़िम्बाब्वे विश्व में लिथियम का सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. दक्षिण अफ्रीका में विश्व के 90% से अधिक प्लैटिनम भंडार मौजूद हैं और यह पैलेडियम तथा रोडियम जैसी अन्य प्लैटिनम समूह धातुओं (PGM) का एक प्रमुख उत्पादक है।
3. भारत वर्तमान में अपनी तेल मांग का आधे से अधिक हिस्सा अफ्रीका से प्राप्त करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 270 केंद्र सरकार एवं राज्यों के बीच शुद्ध कर आय के वितरण से संबंधित है।
2. वित्त आयोग (FC) केंद्र सरकार के करों के विभाज्य पूल से धन के ऊर्ध्वाधर वितरण के लिये सिफारिशें करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**71. निम्नलिखित में से कौन सा कारण सबसे बेहतर रूप से इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) मनाने के लिये 9 जनवरी को ही क्यों चुना गया है?**

A. यह उस दिन का प्रतीक है जब महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने के लिये दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे।
B. यह भारतीय संविधान को अपनाए जाने के स्मरण में मनाया जाता है।
C. यह दिवस भारत की अर्थव्यवस्था में अनिवासी भारतीयों के योगदान पर केंद्रित है।
D. यह वह दिन है जब भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली थी।

**72. Mpox के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. Mpox, जिसे मंकीपॉक्स के नाम से भी जाना जाता है, एक DNA वायरस है।
2. इस वायरस की पहचान सर्वप्रथम वर्ष 1958 में बंदरों में हुई थी, लेकिन अब यह मनुष्यों को भी संक्रमित करता पाया गया है।
3. यद्यपि Mpox यौन संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, लेकिन इसे यौन संचारित रोग नहीं माना जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राथमिक तरंगें भूकंपीय तरंगों में सबसे तेज़ होती हैं, ये ध्वनि तरंगों के समान होती हैं जो गैसों, तरल पदार्थों और ठोस पदार्थों से होकर गुज़रती हैं तथा सतह पर सबसे पहले पहुँचती हैं।
2. प्रेम तरंगें क्षैतिज तरंगें होती हैं, जिनकी गति पार्श्व दिशा में होती है तथा उनमें कोई ऊर्ध्वाधर विस्थापन नहीं होता।
3. रेले तरंगें भूकंपीय तरंगें हैं जो अंडाकार भूगर्भीय गति उत्पन्न करती हैं, ये तरंगें सबसे अधिक फैलती हैं तथा ऊर्ध्वाधर तल में लंबवत और क्षैतिज रूप से चलती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें 'पाई' के निकटतम अनुमानित मान की गणना के लिये जाना जाता है।
2. उन्होंने सबसे पहले बताया कि चंद्रमा और ग्रह सूर्य के प्रकाश के परावर्तन के कारण चमकते हैं।
3. उन्होंने गणित में स्थान-मूल्य प्रणाली का प्रयोग किया, जिसने बाद में दशमलव प्रणाली के औपचारिकीकरण की नींव रखी।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. आर्यभट्ट
B. पाइथागोरस
C. अल-ख्वारिज्मी
D. ब्रह्मगुप्त

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

**75. 69 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें अनुच्छेद 239AA को शामिल किया गया, जिसके तहत दिल्ली विधानसभा और उपराज्यपाल (L-G) की स्थापना की गई, जिसमें L-G विधानसभा की सलाह पर कार्य करेंगे।
2. 'सहायता और सलाह' खंड केवल राज्य और समवर्ती सूची के अंतर्गत आने वाले मामलों पर लागू होता है, जिसमें सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस एवं भूमि शामिल नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत केंद्र और राज्य सरकारों को सभी योजनाओं तथा कार्यक्रमों का नियमित सामाजिक ऑडिट कराना आवश्यक है।

**कथन-II:** सामाजिक ऑडिट सरकार और सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही को विकसित करने तथा मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. *केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य* (1962) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के प्रति अविश्वास और उसकी नीतियों की कड़ी आलोचना के बीच अंतर किया।
2. *बलवंत सिंह एवं अन्य बनाम पंजाब राज्य* (1995) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124A (राजद्रोह) को समाप्त कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**78. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 5 परिभाषित करता है कि कौन भारत का नागरिक है, यह नागरिकता जन्म, माता-पिता की नागरिकता या भारत में निश्चित अवधि तक निवास के आधार पर प्राप्त की जा सकती है।
2. भारतीय कानून के अनुसार किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त करने पर भारतीय राष्ट्रीयता त्यागना आवश्यक है, जिसका अर्थ है भारत में राजनीतिक अधिकार समाप्त होना।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना जल संसाधन मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय) के तहत की गई थी।
2. यह भारत में भूजल संसाधनों के प्रबंधन, अन्वेषण, निगरानी, मूल्यांकन और विनियमन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
3. यह अन्वेषण, निगरानी और जल गुणवत्ता आकलन सहित भूजल प्रबंधन के लिये वैज्ञानिक विशेषज्ञता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB)
B. राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी (NWDA)
C. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)
D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**80. भूकंप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह के नीचे वह बिंदु है जहाँ से भूकंप शुरू होता है।
2. हाइपोसेंटर भूकंप के उद्गम स्थल के ठीक ऊपर स्थित सतही बिंदु होता है।
3. ऊर्जा एक भ्रंश के साथ मुक्त होती है, जो भूपर्पटी की चट्टानों में एक तीव्र दरार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**81. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व का पहला स्थायी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है, जो रोम संविधि (एक अंतरराष्ट्रीय संधि) द्वारा शासित होता है।
2. यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमकता के आरोपी व्यक्तियों की जाँच तथा उन पर मुकदमा चलाता है।
3. इसे एक संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के एक अभिन्न अंग के रूप में कार्य करता है और इसके ढाँचे के तहत कार्य करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**82. स्थानीय शासन के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 नगरपालिकाओं के चुनावी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप पर रोक लगाता है।
2. 74 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से अनुच्छेद 243U शहरी स्थानीय सरकारों के लिये पाँच वर्ष का कार्यकाल अनिवार्य करता है।
3. सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश राज्य , 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि चुनाव में देरी के लिये परिसीमन एक वैध बहाना नहीं हो सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उनकी जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
2. उन्होंने विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
3. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें "आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. स्वामी विवेकानंद
B. महात्मा गांधी
C. रवीन्द्रनाथ टैगोर
D. बाल गंगाधर तिलक

**84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय संविधान के तहत विवाह के अधिकार को स्पष्ट रूप से मौलिक या संवैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता न देकर वैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है।

**कथन-II:** सर्वोच्च न्यायालय ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 16 और पुट्टस्वामी मामले , 2017 का हवाला देते हुए अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार अनुच्छेद 21 का एक मौलिक हिस्सा माना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**85. डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (DPDP एक्ट), 2023 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को नियंत्रित करने का अधिकार देता है, जिसमें पहुँच, सुधार और मिटाने के अधिकार भी शामिल हैं।
2. इसमें डेटा प्रोसेसिंग के लिये सहमति प्रपत्र के साथ स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने पुराने हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह ले ली है।
2. इन्हें रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के अंतर्गत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) द्वारा डिज़ाइन किया गया है।
3. इन्हें हवा से हवा, हवा से सतह, सटीक नर्दिेशति हथयिारों को ले जाने के लयि डज़िाइन कयि गया है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा विमान उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. सुखोई Su-30MKI

B. हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस

C. गोलीकांड

D. मिराज 2000

**87. सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जी-सेक एक प्रकार का ऋण साधन है, जो सरकार द्वारा अपने राजकोषीय घाटे को वित्तपोषित करने के लिये जनता से धन उधार लेने के लिये जारी किया जाता है।
2. भारत में केन्द्र और राज्य सरकारों दोनों को ट्रेजरी बिल तथा बॉन्ड जारी करने का अधिकार है।
3. जी-सेक को जोखिम-मुक्त गिल्ट-एज्ड उपकरण कहा जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 और अन्य क़ानूनों के तहत भारत के राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष होते हैं ।
2. केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति नाममात्र के प्रमुख होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा कुलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भूमि का एक संकरा विस्तार है, जिसे इसके संकीर्ण आकार के कारण 'चिकन नेक' कहा जाता है।
2. यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के बीच स्थित है।
3. यह भारत और इसके पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एकमात्र स्थलीय संपर्क मार्ग है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है ?

A. मालदा कॉरिडोर
B. सिलीगुड़ी कॉरिडोर
C. ख़ैबर दर्रा
D. काराकोरम दर्रा

**90. कुंभ मेले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुंभ मेला 12 वर्षों में चार बार आयोजित किया जाता है।
2. पुष्यभूति वंश के राजा हर्षवर्द्धन ने प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन प्रारम्भ किया।
3. अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया और वर्ष 1565 में नागा साधुओं को मेले में शाही प्रवेश का नेतृत्व करने का सम्मान किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वेदांत कहता है कि परम सत्य, ब्रह्म, एक और अविभाज्य है तथा प्रत्येक जीव में विद्यमान है।

**कथन-II:** स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएँ वेदांत दर्शन में गहराई से निहित थीं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(A) सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार के रूप में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है।
2. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अवैध उपयोग के दोषी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकता है।
3. नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 शब्दों या संकेतों या दृश्य चित्रणों या अन्य माध्यम से अस्पृश्यता को उकसाने और प्रोत्साहित करने पर दंड का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**93. खनन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चूहा-छेद खनन (Rat-hole mining) कोयला निकालने की एक अवैध और अत्यधिक खतरनाक विधि है, जो भारत के कुछ क्षेत्रों में प्रचलित है।
2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने चूहा-छेद खनन पर प्रतिबंध लगा दिया।
3. खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत राज्य सरकारों को अवैध खनन को रोकने के लिये नियम बनाने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**94. 'मिशन मौसम' अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है ?**

A. चरम मौसम की घटनाओं और जलवायु परिवर्तन प्रभावों की भविष्यवाणी करने और प्रतिक्रिया देने की भारत की क्षमता को बढ़ाना

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

B. समुद्री जैवविविधता संरक्षण पर अंतर-सरकारी सहयोग को बढ़ावा देना
C. हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का पहला जलमग्न संग्रहालय स्थापित करना
D. प्राचीन समुद्री त्योहारों को पुनर्जीवित करने के लिये वैश्विक अभियान शुरू करना

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गिनी सूचकांक किसी अर्थव्यवस्था के भीतर आय या उपभोग असमानता को मापता है तथा पूर्ण समानता से विचलन को इंगित करता है।
2. गिनी सूचकांक 1 पूर्ण समानता को दर्शाता है, जबकि सूचकांक 0 पूर्ण असमानता को दर्शाता है।
3. गिनी सूचकांक लोरेंज वक्र और पूर्ण समानता की एक काल्पनिक रेखा के बीच के क्षेत्र को मापता है, जिसे रेखा के नीचे अधिकतम क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आधार वर्ष एक विशिष्ट संदर्भ वर्ष है, जिसके आधार पर आगामी एवं पूर्ववर्ती वर्षों के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के आँकड़ों की गणना की जाती है।

**कथन-II:** यह एक स्थिर संदर्भ बिंदु प्रदान करता है और आर्थिक प्रदर्शन को मापने के लिये एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है तथा समय के साथ तुलना करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**97. अक्सर समाचारों में आने वाले शब्द 'गिरमिटिया' का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. गिरमिटिया का आशय श्रमिकों के ऐसे समूह से है, जिन्हें भारत से विभिन्न ब्रिटिश उपनिवेशों में बागानों में कार्य करने के लिये भेजा गया था।
B. यह पर्यावरण विज्ञान में लुप्तप्राय प्रजातियों के प्रवास पैटर्न का वर्णन करने के लिये प्रयुक्त एक शब्द है।
C. यह सिंधु घाटी सभ्यता में खोजी गई एक विशिष्ट प्राचीन कलाकृति संबंधी व्यापार प्रथाओं से संबंधित है।
D. यह भारतीय शहरों में शहरी प्रवासियों के अधिकारों की वकालत करने वाला एक आधुनिक राजनीतिक आंदोलन है।

**98. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें निष्पक्ष और नैतिक निर्वाचन प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये चुनाव प्रक्रियाओं, उम्मीदवार की पात्रता, राजनीतिक दल पंजीकरण एवं अयोग्यता संबंधी मानदंडों की रूपरेखा दी गई है।
2. यह सत्ता के दुरुपयोग को रोकने पर केंद्रित है क्योंकि इसके तहत नियम बनाने के लिये "निर्वाचन आयोग के परामर्श" को आवश्यक किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**99. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के सभी भूमिधारक किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. इसके तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की आय सहायता मिलती है, जो 2,000 रुपए की तीन बराबर किस्तों में वितरित की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. इस योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार पात्र किसान परिवारों की पहचान करने की ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों तथा केंद्रशासित प्रदेशों (UT) के प्रशासन की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद की गयी थी।
2. यह अपने अत्याधुनिक जलयान बेड़े के साथ साथ अरब सागर में सर क्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरवन डेल्टा की देख रेख करता है।
3. यह प्रत्येक वर्ष अपने प्रशिक्षित जनशक्ति का एक बड़ा दल भेजकर संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में समर्पित सेवाएँ प्रदान करता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा बल उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है?**

A. भारतीय तटरक्षक बल (ICG)
B. सीमा सुरक्षा बल (BSF)
C. भारतीय नौसेना
D. केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम तिब्बत में कैलाश पर्वत के निकट यारलुंग त्सांगपो के रूप में होता है।
2. यह ब्रह्मपुत्र नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है।
3. यह अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले नमचा बरवा चोटी के चारों ओर एक घोड़े की नाल के आकार का मोड़ बनाती है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी नदी उपरोक्त विवरण से सबसे अच्छी तरह मेल खाती है?**

A. सिंधु
B. सियांग नदी
C. सतलुज
D. सुबानसिरी

**102. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पद का कार्यकाल पाँच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो जाए है।
2. पद छोड़ने के बाद CAG भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी भी अन्य पद के लिये अपात्र है।
3. यह सरकारी निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा वित्तपोषित निकायों के खातों का भी लेखा-परीक्षण करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई नहीं

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MOPNG) की प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है जो अन्यथा खाना पकाने के परंपरागत ईंधन का उपयोग कर रहे थे।

**कथन-II:** खाना पकाने के परंपरागत ईंधन के उपयोग से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**104. निम्नलिखित समितियों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि मूल्य आयोग (APC), 1965
2. राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF), 2004
3. शांता कुमार समिति, 2014

**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उपर्युक्त समितियों से सर्वाधिक संबंधित है?**

A. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)
B. ग्रामीण अवसंरचना विकास
C. पर्यावरण संरक्षण और संधारणीय कृषि
D. खेती और सटीक कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

**105. निम्नलिखित में से कौन-सा कारण रुपए के कमज़ोर होने के लिये उत्तदायी ठहराया जा सकता है?**

1. अमेरिका में बेहतर होते व्यापक आर्थिक परिदृश्य के बीच अमेरिकी डॉलर में मज़बूती।
2. अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा ब्याज दरों में मामूली कटौती की आशा के कारण अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में उछाल ।
3. वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण तेल की कीमत में अस्थिरता।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**106. प्राय: समाचारों में आने वाले शब्द सूरत, नीलगिरि और वाग्शीर निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

1. भारतीय नौसेना की पनडुब्बियाँ और जहाज़
2. पश्चिमी घाट में खोजी गईं नई प्रजातियाँ
3. गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ
4. इसरो के आगामी उपग्रह मिशन

**107. लिथियम (Li) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लिथियम (Li), एक नरम और चाँदी जैसी सफेद धातु है जिसे रिचार्जेबल बैटरी की उच्च मांग के कारण 'सफेद सोना' कहा जाता है।
2. Li-आयन बैटरियाँ एक इलेक्ट्रोड सामग्री के रूप में एक अंत:स्थापित लिथियम यौगिक का उपयोग करती हैं, जबकि गैर-रिचार्जेबल लिथियम बैटरी में धात्विक लिथियम का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** निजता का अधिकार एक मूल अधिकार है जो किसी व्यक्ति को राज्य एवं गैर-राज्य संस्थाओं से सुरक्षित रखता है तथा उसे जीवन में अपने निर्णय स्वयं लेने की अनुमति देता है।

**कथन-II:** वर्ष सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में निजता के अधिकार को मूलभूत एवं अविभाज्य अधिकार बताया तथा कहा कि यह व्यक्ति से जुड़ा हुआ है, तथा इसमें उस व्यक्ति से संबंधित सभी सूचनाएँ एवं उसके द्वारा चुने गए विकल्प शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**109. प्राय: समाचारों में देखी जाने वाली K-आकार की अर्थव्यवस्था को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है:**

1. ऐसी स्थिति जिसमें सरकार कल्याणकारी योजनाओं के वित्तपोषण के लिये ऋण में वृद्धि करती है, जिससे राजकोषीय स्थिरता पर दोहरा प्रभाव पड़ता है।
2. आर्थिक सुधार की विशेषता असमान वृद्धि है, जहाँ कुछ क्षेत्रों या आय समूहों में सुधार होता है जबकि अन्य में गिरावट आती है या स्थिरता आती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. एक आर्थिक संरचना जो सभी क्षेत्रों के लिये समान विकास पर ध्यान केंद्रित करती है तथा संतुलित विकास सुनिश्चित करती है।
4. एक आर्थिक घटना जिसमें व्यापार घाटा और निर्यात वृद्धि विपरीत दिशाओं में चलती है, जिससे राष्ट्रीय आय प्रभावित होती है।

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शफीन जहान बनाम अशोकन केएम (2020) में, न्यायालय ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 21 में व्यक्तियों को अपने साथी चुनने का अधिकार शामिल है, चाहे वह विवाहित हो या नहीं।
2. नवतेज सिंह जौहर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2018) मामले में, न्यायालय ने सभी व्यक्तियों के शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक तथा यौन साहचर्य के अधिकार को मान्यता दी।
3. कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2023) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की व्याख्या को आगे बढ़ाते हुए निर्णय दिया कि इसे निजी संस्थाओं के विरुद्ध भी लागू किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शांगरी-ला वार्ता दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय विवादों सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के आसपास के सुरक्षा मुद्दों पर "ट्रैक वन" विनिमय मंच के रूप में कार्य करता है।
2. एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग परिषद, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सुरक्षा मुद्दों पर "ट्रैक टू" वार्ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा गठित एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति (EAC) स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के समग्र कार्यान्वयन और निगरानी के लिये उत्तरदायी है।

**कथन-II:** स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये देश में एक मज़बूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**113. खनन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान में यह प्रावधान है कि राज्य सरकार अपनी सीमाओं के भीतर खनिजों का स्वामित्व रखेगी।
2. संविधान की छठी अनुसूची की सूची I के अंतर्गत केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों का स्वामित्व रखने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है।
2. इस मंदिर का इतिहास बहुत समृद्ध है, जिसमें पल्लव, चोल और विजयनगर शासकों समेत विभिन्न दक्षिण भारतीय राजवंशों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।
3. इसमें पारंपरिक दक्षिण भारतीय मंदिर स्थापत्य है, जिसमें ऊँचा गोपुरम (प्रवेश द्वार) और जटिल नक्काशी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर उपरोक्त विवरण से सही सुमेलित है?**

A. मीनाक्षी मंदिर, मदुरै
B. तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, तिरुपति
C. बृहदीश्वर मंदिर, तंजौर
D. रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगम

**115. कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1984 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रक्रियात्मक कानून है, जिसे विशेष प्रक्रिया के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शीघ्र समाधान करने हेतु विशेष न्यायालय स्थापित करने के लिये अधिनियमित किया गया है।
2. यह कुटुंब न्यायालयों को विनिर्दिष्ट पारिवारिक मामलों से संबंधित "वर्तमान में लागू किसी भी विधि के अंतर्गत" सामान्य सिविल न्यायालयों द्वारा "प्रयोज्य" अधिकार क्षेत्र प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**116. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही वर्णन करता है, जब वास्तविक विनिमय दर 1 के बराबर हो?**

A. दोनों देशों की मुद्राएँ क्रय शक्ति समता (PPP) के अनुरूप हैं, एक ही मुद्रा में मापे जाने पर दोनों देशों में वस्तुओं के मूल्य समान हों।
B. अंकित विनिमय दर व्यापारिक साझेदारों की भारित औसत विनिमय दर के समान हो।
C. अंकित विनिमय दर शून्य के बराबर हो।
D. वास्तविक और अंकित विनिमय दर बराबर हो।

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विध्वंसक जहाज़ बहुआयामी जहाज़ होते हैं, जो किसी बेड़े का नेतृत्व करते हैं, वाहक टास्क फोर्स में शामिल हो सकते हैं, स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकते हैं, या खोज अथवा आक्रमण मिशनों के लिये छोटे समूहों में कार्य कर सकते हैं।
2. प्रथम स्वदेशी विध्वंसक, INS दिल्ली, INS मैसूर और INS मुंबई, दिल्ली श्रेणी के जहाज़ थे, ये वर्ष 2000 के आसपास प्रोजेक्ट 15 के तहत निर्मित दिल्ली श्रेणी के जहाज़ थे।
3. सतह, हवा और जल के अंदर के खतरों से निपटने के लिये सेंसर और हथियारों से लैस INS सूरत 7,400 टन विस्थापन के साथ नौसेना का 13वाँ विध्वंसक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**118. प्रायः समाचारों में देखा जाने वाला पद 'पोस्ट-ट्रुथ वर्ल्ड' को सही रूप में कौन-सा विकल्प परिभाषित करता है:**

1. एक ऐसा परिदृश्य जहाँ जनमत वस्तुनिष्ठ तथ्यों की अपेक्षा भावनाओं और व्यक्तिगत विश्वासों से अधिक प्रभावित होता है।
2. यह उस अवधि को दर्शाता है, जब सूचना प्रसारित करने के लिये पारंपरिक समाचारों की तुलना में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का प्रभुत्व था।
3. एक ऐसी दुनिया जहाँ उन्नत प्रौद्योगिकी के उदय ने तथ्य-आधारित पत्रकारिता की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।
4. ऐसी परिस्थिति जहाँ मीडिया संबंधी सख्त विनियमन और तथ्य-जाँच तंत्र के माध्यम से फेक न्यूज़ पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएँगी।

**119. ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GPU समानांतर कंप्यूटिंग के लिये डिज़ाइन किये गए प्रोसेसर हैं, इनका व्यापक रूप से गेमिंग, वीडियो रेंडरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अनुप्रयोगों में उपयोग किया जाता है।
2. मूल रूप से 3D ग्राफिक्स रेंडरिंग में तेजी लाने के लिये विकसित किये गए GPU, अब उन्नत AI कार्यों जैसे कि

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

गहन शिक्षण और तंत्रिका नेटवर्क प्रशिक्षण का समर्थन करने के लिये विकसित हुए हैं।

3. GPU वर्तमान AI अनुसंधान के लिये महत्त्वपूर्ण हैं, जो हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (HPC) और रचनात्मक उत्पादन में तीव्र गणना को सक्षम बनाते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**120. प्रायः समाचारों में उल्लिखित मिनक्वियर्स और एक्रेहोस विवाद निम्नलिखित में से किन देशों के बीच है ?**

A. यूनाइटेड किंगडम और फ्राँस
B. जर्मनी और नीदरलैंड
C. इटली और स्विट्ज़रलैंड
D. स्पेन और पुर्तगाल

**121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** स्पेस डॉकिंग दो तीव्र गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षा में लाने, उन्हें पास लाने और उन्हें एक इकाई निर्माण करने के लिये जोड़ने की जटिल प्रक्रिया है।

**कथन-II:** सतत् डॉकिंग मिशन, आपूर्ति, नए चालक दल के सदस्यों और मॉड्यूलों को पहुँचाकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) को चालू रखते हैं, जबकि पुराने चालक दल की पृथ्वी पर वापसी की सुविधा प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**122. मिशन मौसम पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य मौसम के पूर्वानुमान, मॉडलिंग और प्रसार में भारत के मौसम विभाग की क्षमताओं को बढ़ाना है।
2. यह मौसम मॉडल और अवलोकन प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए AI और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करेगा, जिसमें अतिरिक्त डॉपलर रडार और उपग्रहों की तैनाती भी शामिल है।
3. यह मिशन वर्षा को प्रबंधित करने तथा बाढ़ और सूखे जैसी चरम घटनाओं को कम करने के लिये क्लाउड सीडिंग जैसी मौसम परिवर्तन तकनीकों का पता लगाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कार्बन बाज़ार, बाज़ार आधारित तंत्र हैं जो व्यक्तियों और संगठनों को उनके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन देकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाईन किये गए हैं।

**कथन-II:** कार्बन बाज़ार, कैप-एंड-ट्रेड के सिद्धांत पर कार्य करते हैं, जहाँ सरकार या नियामक निकाय एक विशिष्ट क्षेत्राधिकार के भीतर अनुमत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की कुल मात्रा पर एक सीमा निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**124. भारत की व्यापार नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वातंत्र्योत्तर अवधि को 'लाइसेंस राज' प्रणाली के रूप में जाना जाता है क्योंकि इस अवधि में व्यापार में खुलापन सीमित था और अर्थव्यवस्था अत्यधिक विनियमित थी।
2. भुगतान संतुलन के गंभीर संकट के कारण वर्ष 1991 में उदारीकरण सुधारों को लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप विदेशी निवेश के लिये रास्ता खुला और बाज़ारोन्मुख नीतियों को अपनाया गया।
3. भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 "निर्यात उत्कृष्टता के शहर" के माध्यम से नए शहरों की पहचान को प्रोत्साहित कर रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**125. प्राकृतिक कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके अंतर्गत, जैविक खाद जैसे कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट और गोबर की खाद का उपयोग किया जाता है, बाह्य स्रोतों से इन्हें खेतों में मिलाया जाता है।
2. देश भर में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिये भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (BPKP) को उन्नत करके राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (NMNF) तैयार किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**126. सरकारी पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माई भारत पोर्टल, सामाजिक गतिशीलता, शैक्षिक समानता और व्यावहारिक कौशल के माध्यम से भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिये युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक पहल है।
2. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) की ASPIRE योजना, उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि-उद्योग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन (LBI) केंद्रों को समर्थन देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**127. नेता प्रतिपक्ष (LOP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के दसवें भाग से कम सीटें न रखने वाले सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को विपक्ष का नेता माना जाता है।
2. वह वैधानिक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिये जिम्मेदार विभिन्न चयन समितियों का सदस्य होने का हकदार है।
3. विपक्ष के नेता के पद का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 156 के अंतर्गत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1927 में इन्होंने दलित वर्गों के हितों की रक्षा के लिये बहिष्कृत भारत समाचार पत्र शुरू किया।
2. इन्होंने तीनों गोलमेज़ सम्मेलनों में भाग लिया।
3. इन्हें वर्ष 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपरोक्त विवरण से अधिक मेल खाता है ?**

A. बी.आर. अंबेडकर

B. महात्मा गांधी

C. सुभाष चंद्र बोस

D. जवाहरलाल नेहरू

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** थोक मूल्य सूचकांक (WPI) में सेवाओं में मुद्रास्फीति शामिल नहीं होती है क्योंकि इनका थोक बाजार में कारोबार नहीं होता है, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) एवं जीडीपी डिफ्लेटर इसके लिये जिम्मेदार होते हैं।

**कथन-II:** सीपीआई एवं डब्ल्यूपीआई सूचकांकों में भार आधार वर्ष संशोधित होने तक स्थिर रहता है, जबकि जीडीपी डिफ्लेटर में वे वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन स्तर के आधार पर भिन्न होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन I का सही व्याख्या नही है
3. कथन-I सही है,किंतु कथन-II सही नहीं है
4. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चार प्राचीन शहरी सभ्यताओं में सबसे वृहद् थी।
2. अनाज के भंडारण के लिये विशाल अन्नागारों का उपयोग किया जाता था तथा पक्की ईंटों का व्यापक प्रयोग होता था।
3. उस समय कोई धातु मुद्रा नहीं थी, इसलिए वस्तु विनिमय प्रणाली का प्रयोग किया गया।

**निम्नलिखित में से कौन-सी सभ्यता उपर्युक्त विवरण से सटीक रूप से सुमेलित है ?**

A. मेसोपोटामिया सभ्यता

B. सिंधु घाटी सभ्यता

C. मिस्र की सभ्यता

D. चीन की सभ्यता

**131. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित है, जिसकी सीमा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र एवं पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है।
2. यह विश्व में सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ 2 मिलियन से अधिक निवासी एक छोटे से क्षेत्र में निवास करते हैं।
3. "खुली हवा में कारावास" शब्द का प्रयोग शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा इसकी स्थितियों को दर्शाने के लिये व्यापक रूप से किया गया है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सटीक रूप से सुमेलित है ?**

A. गाज़ा पट्टी

B. पश्चिमी तट

C. साइप्रस

D. लेबनान

**132. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रैट-होल माइनिंग में संकीर्ण क्षैतिज परतों से संकीर्ण गड्ढों के माध्यम से कोयले का निष्कर्षण है, जो इतने चौड़े होते हैं कि एक व्यक्ति उसमें प्रवेश कर माइनिंग कर सके।
2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने वर्ष 2014 में रैट-होल माइनिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था तथा वर्ष 2015 में इसकी अवैज्ञानिक प्रकृति तथा श्रमिकों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए इस प्रतिबंध को बरकरार रखा था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**133. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के तहत सब्सिडी के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एम्बर बॉक्स सब्सिडी वे हैं जो किसी देश के उत्पादों को अन्य देशों की तुलना में सस्ता बनाकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. ब्लू बॉक्स सब्सिडी का उद्देश्य उत्पादन कोटा लागू करके या किसानों से उनकी भूमि का कुछ हिस्सा अलग रखने के लिये बाध्य करके उत्पादन को सीमित करना है।
3. ग्रीन बॉक्स सब्सिडी सरकार द्वारा वित्तपोषित है तथा फसलों को कोई मूल्य समर्थन नहीं दिया जाता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**134. वैश्विक क्षमता केंद्र (GCCs), जो अक्सर समाचारों में दिखते हैं, का सबसे सटीक वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अपतटीय इकाइयाँ, जो आईटी, वित्त एवं विश्लेषण सहित विशिष्ट सहायता सेवाएँ प्रदान करती हैं।
B. सतत विकास और जलवायु कार्रवाई के लिये वैश्विक क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने वाले संगठन।
C. क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा अनुसंधान और नवाचार केंद्र स्थापित किये गए।
D. वैश्विक आर्थिक नीति और रणनीतिक योजना के लिये समर्पित स्वतंत्र थिंक टैंक।

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की प्रणाली केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 1965 में कृषि मूल्य आयोग की स्थापना के साथ शुरू की गई थी।

**कथन-II:** भारत को गेहूँ और चावल जैसी बुनियादी खाद्यान्नों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था, जो वैश्विक बाजारों से खाद्यान्न आयात करने के लिये अपर्याप्त विदेशी मुद्रा के कारण और भी जटिल हो गया था।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नही है
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**136. चंद्र मिशन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्लाईबाई ऐसे मिशन हैं जिनमें अंतरिक्ष यान चंद्रमा के पास से गुजरता है, लेकिन उसके चारों ओर की कक्षा में प्रवेश नहीं कर पाता।
2. इम्पैक्ट मिशन में मुख्य अंतरिक्ष यान चंद्रमा की परिक्रमा करता है, जबकि यान पर लगे एक या अधिक उपकरण अनियंत्रित रूप से चंद्रमा पर उतरते हैं।
3. लैंडर मिशन का ध्यान चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सॉफ्ट लैंडिंग पर केंद्रित होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई भी नहीं

**137. निम्नलिखित में से कौन-सा देश सीरिया के साथ सीमा साझा करता है?**

1. तुर्की
2. इराक
3. जॉर्डन
4. इज़रायल
5. सऊदी अरब

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2, 3, 4
C. 1, 2, 3 और 4
D. 1, 2,3, 4 और 5

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) की स्थापना वर्ष 1999 में एराडी समिति की सिफारिशों के बाद की गई थी।

**कथन-II:** दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (IBC) को संरचित और समयबद्ध तरीके से दिवाला समाधान की चुनौतियों का समाधान करने के लिये पेश किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या नही करता है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**139. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार को अधिनियम के कार्यान्वयन के लिये नियम बनाने का अधिकार है, जबकि राज्य सरकारें और संघ राज्य क्षेत्र केंद्रीय सहायता से इसका प्रशासन करते हैं।
2. इसमें त्वरित सुनवाई के लिये विशेष न्यायालयों और ग्राम सभा स्तर पर एससी/एसटी संरक्षण प्रकोष्ठों की स्थापना का प्रावधान है।
3. यह अधिनियम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच के अपराधों को कवर नहीं करता है और न ही किसी अन्य के विरुद्ध इस अधिनियम को लागू किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** जेंडर बजट एक रणनीतिक उपकरण है जिसका उपयोग सरकारों द्वारा विभिन्न लैंगिक आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार सार्वजनिक संसाधनों के कुशल संग्रह और आवंटन को सुनिश्चित करने के लिये किया जाता है।

**कथन-II:** जेंडर बजट में विशेष रूप से महिलाओं के लिये एक अलग बजट बनाना शामिल है जो मौजूदा बजटीय ढाँचे के माध्यम से महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**141. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्राथमिक ध्यान पर्यावरण संरक्षण, वनों के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों का त्वरित और कुशल समाधान करना है।
2. इसका नेतृत्व भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष करते हैं।
3. बॉम्बे नगर निगम बनाम अंकिता सिंह, 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि वह स्वत: संज्ञान लेकर मामले नहीं ले सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**142. पनामा नहर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पनामा नहर एक अच्छी तरह से डिजाइन की गई प्रणाली है जिसमें लॉक्स और लिफ्ट लगे हैं जो जहाज़ों को दो बड़े जल निकायों के बीच आवागमन में मदद करते हैं।
2. नहर से जुड़े दोनों महासागर एक ही ऊँचाई पर नहीं हैं, प्रशांत महासागर अटलांटिक महासागर से थोड़ा ऊँचा है।
3. जल की आपूर्ति गैटुन झील से की जाती है, तथा पनामा नहर की लॉक प्रणाली के लिये आवश्यक ताज़े जल की बड़ी मात्रा उपलब्ध कराने के लिये गुरुत्वाकर्षण का उपयोग किया जाता है, तथा इसके लिये पंपों की आवश्यकता नहीं होती।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**143. निम्नलिखित में से कौन से देश ब्रिक्स समूह का हिस्सा हैं?**

1. मिस्र
2. बांग्लादेश
3. म्याँमार
4. संयुक्त अरब अमीरात
5. ब्राज़ील

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 4 और 5
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3, 4 और 5

**144. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलफुल डिफॉल्टर वह उधारकर्त्ता या गारंटर होता है जो 25 लाख रुपए या उससे अधिक की बकाया राशि वाले ऋण को चुकाने में जानबूझकर विफल रहता है।
2. बड़े डिफॉल्टर से तात्पर्य ऐसे उधारकर्त्ता से है, जिसका ऋण बकाया 10 करोड़ रुपए या उससे अधिक है, तथा जिसके खाते को संदिग्ध या घाटे वाली श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।
3. राइट-ऑफ से तात्पर्य किसी गैर-निष्पादित ऋण या परिसंपत्ति को बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड से हटाने से है, यह मानते हुए कि ऋण की वसूली की संभावना नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य विश्वविद्यालयों में, संबद्ध राज्य का राज्यपाल उस राज्य के विश्वविद्यालयों का पदेन कुलाधिपति होता है।
2. केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत भारत के राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष होंगे।
3. केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति नाममात्र के प्रमुख होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति कुलाध्यक्ष रहते हुए नियुक्त करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**146. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें रेलमार्ग, जहाज़ से रेल नेटवर्क और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे।
2. इसमें दो गलियारे होंगे, पूर्वी गलियारा- जो भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ेगा और उत्तरी गलियारा- जो खाड़ी को यूरोप से जोड़ेगा।
3. इसमें एक विद्युत केबल, एक हाइड्रोजन पाइपलाइन और एक हाई-स्पीड डेटा केबल भी शामिल होगी।

**निम्नलिखित में से कौन-सा गलियारा उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. हिंद-प्रशांत आर्थिक गलियारा
B. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

C. ट्रांस-यूरोपीय परिवहन नेटवर्क (TEN-T)
D. एशिया-अफ्रीका विकास गलियारा

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 124 (3) (c) में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में एक पारंगत विधिवेत्ता की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।
2. संविधान में विधिवेत्ता पद को सुस्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।
3. परंपरा के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के कुल न्यायाधीशों में एक-चौथाई संख्या विधिवेत्ताओं की होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**148. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट
2. ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट
3. फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट

**निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उपर्युक्त रिपोर्ट जारी करता है ?**

A. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)
C. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
D. विश्व बैंक

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 1813 के चार्टर एक्ट के बाद, जिसमें ब्रिटिश नागरिकों के लिये एकतरफा मुक्त व्यापार की अनुमति दी गई, सस्ते और मशीन-निर्मित आयातों की भारतीय बाज़ार में वृद्धि हुई।

**कथन-II:** भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाज़ारों में प्रवेश करने में संघर्ष करना पड़ा क्योंकि लगभग 80% टैरिफ ने भारतीय वस्त्रों को महँगा और अप्रतिस्पर्द्धी बना दिया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भोरे समिति की रिपोर्ट (1946) में निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं के एकीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना का आह्वान किया गया था।
2. विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होने के नाते भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 10% स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करता है।
3. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 स्वास्थ्य सेवा पर भी लागू होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**151. केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की स्थापना पहली बार वर्ष 1920 में हुई थी और इसे वर्ष 1923 में भंग कर दिया गया था।
2. एक केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड होने का विचार सर्वप्रथम कलकत्ता विश्वविद्यालय आयोग (1917-19) द्वारा रखा गया था।
3. भारत के प्रधानमंत्री केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (CABE) की अध्यक्षता करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी देश में उच्च ब्याज दरें विदेशी निवेश को आकर्षित करती हैं, जिससे उस देश की मुद्रा की मांग बढ़ती है और उसकी विनिमय दर मज़बूत होती है।
2. यदि किसी देश में मुद्रास्फीति उसके व्यापारिक साझेदारों की तुलना में अधिक है, तो उसकी क्रय शक्ति कम होने के साथ-साथ उसकी मुद्रा भी कमज़ोर हो जाती है।
3. राजनीतिक अस्थिरता विदेशी निवेश को बाधित कर सकती है तथा देश की मुद्रा को कमज़ोर कर सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. असैन्य परमाणु दायित्व कानून परमाणु दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिये मुआवजा सुनिश्चित करते हैं तथा परिणामी क्षति के लिये उत्तरदायित्व निर्धारित करते हैं।
2. भारत ने न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवजा राशि निर्धारित करने के लिये वर्ष 1997 में अपनाए गए पूरक मुआवजे पर व्यापक अभिसमय (CSS) का अभी तक अनुसमर्थन नहीं किया है।
3. भारत ने परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों के लिये शीघ्र मुआवजा व्यवस्था स्थापित करने हेतु वर्ष 2010 में परमाणु क्षति के लिये असैन्य दायित्व अधिनियम (CLNDA) लागू किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**154. राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारत में हल्दी की खेती, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने तथा हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों की आय में वृद्धि के लिये की गई है।
2. यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में पहला उत्पाद समर्पित बोर्ड है।
3. बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष के साथ तीन हल्दी उत्पादक राज्यों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**155. बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे जनवरी, 2015 में लिंग-चयनात्मक गर्भपात और घटते शिशु लिंगानुपात की समस्या से निपटने के लिये शुरू किया गया था, जो वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ हैं।
2. यह योजना अब बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण पर ज़ोर देती है, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास और सामुदायिक जागरूकता शामिल है।
3. अब इसे मिशन शक्ति में शामिल कर लिया गया है, जो महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के उद्देश्य से एक समग्र पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

156. **सार्वजनिक ऋण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सार्वजनिक ऋण से तात्पर्य उस कुल धनराशि से है जो सरकार बाहरी ऋणदाताओं और घरेलू उधारदाताओं को देती है।
2. भारत में, सार्वजनिक ऋण में संघ सरकार के सभी दायित्व शामिल होते हैं, जिनका निपटान भारत की समेकित निधि से धन का उपयोग करके किया जाना आवश्यक होता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

157. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) उन डिजिटल प्रणालियों को संदर्भित करता है जो सुरक्षित हैं और एक साथ काम करते हैं, जिससे लोगों को जोड़ना, जानकारी साझा करना और कुशलतापूर्वक धन हस्तांतरित करना आसान हो जाता है।

**कथन-II:** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के "50 इन 5" अभियान ने आने वाले पाँच वर्षों के दौरान कम से कम 50 नए देशों में DPI लागू करने का लक्ष्य रखा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

158. **हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 जारी की गई?**

A. केंद्रीय भूजल बोर्ड
B. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
C. राष्ट्रीय हरित अधिकरण
D. नीति आयोग

159. **डिजिलॉकर, डिजीयात्रा, Co-Win और FASTag का प्राय: समाचारों में उल्लेख किस संदर्भ में किया जाता है?**

A. डिजिटल इंडिया पहल
B. अंतरिक्ष अन्वेषण प्रौद्योगिकियाँ
C. रक्षा और सैन्य नवाचार
D. नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम

160. **आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बैंक की जमाराशि का वह प्रतिशत है जिसे उसे भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पास नकदी भंडार के रूप में रखना होता है।
2. प्रत्येक गैर-अनुसूचित सहकारी बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक को स्वयं अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के पास CRR बनाए रखना आवश्यक है।
3. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये, RBI CRR बढ़ाता है, जिससे मुद्रास्फीति को प्रबंधनीय स्तर पर बनाए रखने में मदद मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

161. **महत्त्वपूर्ण खनिजों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खान मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये आवश्यक 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों में एंटीमनी, बेरिलियम और ग्रेफाइट को शामिल किया है।
2. महत्त्वपूर्ण खनिजों में घरेलू निवेश को सुरक्षित करने के लिये खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL) की स्थापना की गई है।
3. खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 ने कुछ दुर्लभ मृदा तत्त्वों को पुनर्वर्गीकृत किया तथा उन्हें 'परमाणु खनिजों' की सूची से हटा दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**162. निम्नलिखित में से कौन सी सरकार के कुलीनतंत्र रूप की विशेषता नहीं है?**

A. सत्ता एक छोटे समूह के लोगों के पास है।

B. राजनीतिक निर्णयों पर जनता का महत्त्वपूर्ण प्रभाव होता है।

C. धन का एक चयनित समूह के बीच केंद्रीकरण।

D. शासन सत्ता तक पहुँच में विशिष्टता।

**163. सिंधु जल संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें निर्धारित किया गया है कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल भारत एवं पाकिस्तान के बीच किस प्रकार विभाजित किया जाएगा।
2. सिंधु जल संधि के अंतर्गत दोनों देशों को एक स्थायी सिंधु आयोग का गठन करना होगा, जिसकी वार्षिक बैठक अनिवार्य होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**164. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तर प्रदेश का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है।
2. यह पृथ्वी पर एकमात्र ऐसा स्थान है जहाँ हिरणों की पाँच प्रजातियाँ मिलती हैं।
3. यह बंगाल टाइगर और लुप्तप्राय भारतीय एक सींग वाले गैंडे का भी निवास स्थान है।

**निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

B. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

C. राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

D. वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान

**165. झींगा पालन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आंध्र प्रदेश भारत का सबसे बड़ा झींगा उत्पादक राज्य है, जो भारत के झींगा उत्पादन का 70% उत्पादन करता है।
2. भारत में सभी झींगा इकाइयाँ MPEDA (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत हैं।
3. भारत में झींगा इकाइयाँ HACCP (खतरा विश्लेषण और महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदु) आधारित खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का पालन नहीं करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**166. नागरिकता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मोतीलाल नेहरू समिति, 1928 के समय से ही भारतीय नेतृत्व जस सोलि की प्रबुद्ध अवधारणा के पक्ष में था।
2. नागरिकता संविधान के अंतर्गत संघ सूची में सूचीबद्ध है और इस प्रकार यह संसद के विशेष अधिकार क्षेत्र में है।
3. संविधान में 'नागरिक' शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन नागरिकता के हकदार विभिन्न श्रेणियों के व्यक्तियों का विवरण भाग 2 में दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**167. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) चिकित्सीय या नैदानिक क्षेत्र में नैदानिक मनोवैज्ञानिकों को लाइसेंस प्रदान करता है लेकिन परामर्श मनोविज्ञान को विनियमित नहीं करता है।

**कथन-II:** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) सभी चिकित्सा पेशेवरों के लिये नैतिक दिशानिर्देश निर्धारित करता है, जबकि भारतीय मनश्चिकित्सा सोसायटी (IPS) मनोरोग अभ्यास के लिये विशेष दिशा-निर्देश प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरित थे।
2. उन्होंने 1920 में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिये 1921 में इस्तीफा दे दिया।
3. 1938 में वे हरिपुरा अधिवेशन में कॉन्ग्रेस अध्यक्ष चुने गये।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक मेल खाता है?**

A. सुभाष चंद्र बोस
B. जवाहरलाल नेहरू
C. सरदार वल्लभभाई पटेल
D. सी. राजगोपालाचारी

**169. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1948 में स्थापित यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
2. विश्व स्वास्थ्य सभा (WHA) विश्व स्वास्थ्य संगठन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है तथा इसमें केवल शीर्ष पाँच दानदाता देश शामिल होते हैं।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन का संस्थापक सदस्य है, तथा इसका सबसे बड़ा वित्तीय सहायक भी है, जो इसके कुल वित्तपोषण का लगभग पाँचवाँ हिस्सा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**170. वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट 2024, हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
C. तपेदिक और फेफड़े के रोग के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय संघ
D. एड्स, टीबी और मलेरिया से लड़ने के लिये वैश्विक कोष

**171. भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्वायत्त वैधानिक प्राधिकरण है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है।
2. 25 जनवरी को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना की वर्षगांठ है, जिसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. मूलत: आयोग में केवल एक चुनाव आयुक्त होता था, लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम, 1989 के बाद इसे बहुसदस्यीय निकाय बना दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**172. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. अलघ समिति (1979)
2. लकड़वाला समिति (1993)
3. तेंदुलकर समिति (2009)

**निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र उपर्युक्त समितियों से सबसे अधिक निकटता से जुड़ा हुआ है?**

A. भारत में गरीबी का अनुमान
B. कृषि सुधार
C. चुनाव सुधार
D. पर्यावरण संरक्षण

**173. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** किसान उत्पादक संगठन (FPO) को सामूहिक सौदेबाजी को बढ़ाने, पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को प्राप्त करने और किसानों की आय और बाज़ार पहुँच में सुधार करने के लिये लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (AFAC) द्वारा समर्थित किया जाता है।

**कथन-II:** किसान उत्पादक संगठनों (FPO) को NAB संरक्षण के लिये कम-से-कम 300 सदस्यों और एसएफएसी क्रेडिट गारंटी योजनाओं के लिये 500 सदस्यों की आवश्यकता होती है, जिसमें पूर्वोत्तर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिये छूट प्रदान की गई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नही करता है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**174. परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) और गैर-डीएई क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत परमाणु सुविधाओं के लिये मानकों, संहिताओं और दिशा-निर्देशों को स्थापित और लागू करके सुरक्षा अनुपालन को नियंत्रित करता है।
2. यह परमाणु ऊर्जा आयोग और परमाणु ऊर्जा विभाग को परमाणु संयंत्र के स्थान, डिज़ाइन, निर्माण और संचालन के संबंध में सलाह देता है, ताकि कर्मियों और जनता के लिये जोखिम को न्यूनतम किया जा सके।
3. यह सुरक्षा प्रथाओं की समीक्षा करता है तथा परमाणु ऊर्जा आयोग को आवधिक तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**175. दुर्लभ मृदा तत्त्वों (REE) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दुर्लभ मृदा तत्त्व स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों, उच्च तकनीक उत्पादों और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये आवश्यक हैं।
2. पर्याप्त वैश्विक भंडार के बावजूद, दुर्लभ मृदा तत्त्व विश्व भर में असमान रूप से वितरित हैं।
3. पिछले तीन दशकों में, तकनीकी प्रगति ने संकेन्द्रित आपूर्ति श्रृंखलाएँ निर्मित कर दी हैं, तथा खनन और प्रसंस्करण में चीन का प्रभुत्व है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**176. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** IFSC फंड प्रबंधन विनियम, 2022, भारत और अनुमत विदेशी क्षेत्राधिकारों में निवेश के लिये फंड स्थापित करने की अनुमति देता है, जिससे उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्तियों (HNI) को विदेशी मुद्रा-मूल्यवान प्रतिभूतियों के साथ विविधता लाने में सक्षम बनाया जा सके।

**कथन-II:** गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी आईएफएससी (GIFT- IFSC) HNI और फंड मैनेजरों के लिये लागत-कुशल नियामक ढाँचे के साथ एक वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में कार्य करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**177. निम्नलिखित में से कौन-सा एक समकारी लेवी पद का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?**

A. घरेलू प्रतिस्पर्द्धा को समान बनाने के लिये भारत में आयातित वस्तुओं पर लगाया गया शुल्क।

B. भारत में डिजिटल माध्यम से सेवाएँ या वस्तुएँ उपलब्ध कराने वाली विदेशी कंपनियों, भले ही उनकी प्रत्यक्ष उपस्थिति न हो, पर लगाया गया कर।

C. वैश्विक बाज़ारों में समान व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये भारतीय निर्यातकों पर लगाया जाने वाला शुल्क।

D. भारत में उपभोग की जाने वाली विलासिता की वस्तुओं पर लगाया गया कर।

**178. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **मामला** | **निर्णय** |
|---|---|---|
| 1. | एके गोपालन बनाम मद्रास राज्य (1950) | राज्य किसी कानून के आधार पर किसी व्यक्ति को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित कर सकता है। |
| 2. | शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (1951) | संसद संविधान संशोधन अधिनियम पारित करके किसी भी मूल अधिकार को न्यून कर सकती है अथवा उसे हटा सकती है और ऐसी विधि अनुच्छेद 13 के अंतर्गत अमान्य नहीं होगी। |
| 3. | न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ (2017) | भारतीयों को संविधान द्वारा संरक्षित निजता का मूल अधिकार प्राप्त है, जो अनुच्छेद 21 के तहत प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अभिन्न अंग है। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**179. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** महापाषाण पत्थर की बड़ी संरचनाओं को संदर्भित करते हैं, जिनका निर्माण या तो कब्रगाहों या स्मारक स्थल के रूप में किया गया था।

**कथन-II:** वैश्विक स्तर पर कांस्य युग के पश्चात् लौह युग आया, लेकिन भारत में, उत्तर ताम्रपाषाण काल बना रहा, जबकि दक्षिण, 3,000 से अधिक स्थलों के साथ, दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व के आसपास लौह युग में प्रवेश कर गया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**180. संघवाद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान कुछ एकात्मक विशेषताओं के साथ एक संघीय प्रणाली स्थापित करता है।
2. संघवाद का भारतीय स्वरूप एक साथ आने वाले संघ का एक उदाहरण है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

3. S.R. बोम्मई बनाम भारत संघ मामला, 1994 में संघवाद के सिद्धांतों की पुष्टि की गई, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकारें केंद्र के अधीन नहीं हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**181. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान में स्पष्ट रूप से मृत्युदंड को असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के अंतर्गत कोई भी अपराधी भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका का आवेदन कर सकता है।
3. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत राज्यों के राज्यपालों को क्षमादान की शक्ति दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**182. नागरिकता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिकता, संविधान के अंतर्गत संघ सूची में सूचीबद्ध है और इस प्रकार यह संसद के विशेष अधिकार क्षेत्र में है।
2. भारतीय नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण और प्राकृतिकरण के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है, जैसा कि नागरिकता अधिनियम, 1955 में उल्लिखित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**183. चक्रीय मंदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चक्रीय मंदी, सीमित आर्थिक गतिविधि की एक ऐसी अवधि है जो नियमित अंतराल पर होती है।
2. ऐसी मंदी अल्प से मध्यम अवधि तक चलती है तथा यह व्यापार चक्र में परिवर्तन पर आधारित होती है।
3. चक्रीय मंदी से निपटने के लिये वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के समान संरचनात्मक नीतियों की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**184. "डीपसीक" और "स्टारगेट" शब्दों को अक्सर समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

A. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कंप्यूटिंग अवसंरचना में प्रगति
B. गहन समुद्र में अन्वेषण तथा अंडरवाटर तकनीक
C. जलवायु परिवर्तन एवं महासागरीय अध्ययन
D. उन्नत सैन्य और रक्षा प्रणालियाँ

**185. फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. विश्व आर्थिक मंच (WEF)
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**186. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) लक्ष्य किसी कंपनी के संचालन के मानकों का समुच्चय है जिससे कंपनियों पर बेहतर शासन, नैतिक प्रथाओं, पर्यावरण-अनुकूल उपायों और सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन करने का दबाव बनता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. इसमें निवेश निर्णयों को निर्देशित करने हेतु एक मीट्रिक के रूप में गैर-वित्तीय कारकों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसमें वित्तीय रिटर्न में वृद्धि अब निवेशकों का एकमात्र उद्देश्य नहीं रह गया है।
3. वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र उत्तरदायी संनिवेशन सिद्धांतों (UNPRI) की शुरुआत के बाद से, ESG ढाँचे को आधुनिक समय के व्यवसायों के लिये एक अभिन्न कड़ी के रूप में मान्यता दी गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अर्द्ध-संलग्न उष्णकटिबंधीय बेसिन है, जो पश्चिम में उत्तरपूर्वी अफ्रीका और पूर्व में अरब प्रायद्वीप से घिरा है।
2. उत्तरी छोर पर यह अकाबा की खाड़ी और स्वेज की खाड़ी में विभाजित हो जाती है, जो स्वेज नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ी हुई है।
3. यह रेगिस्तान या अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरा हुआ है, तथा यहां मीठे पानी का कोई बड़ा प्रवाह नहीं है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा जल स्रोत उपयुक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है?**

A. फारस की खाड़ी
B. लाल सागर
C. अरब सागर
D. ओमान की खाड़ी

**188. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** माइक्रोफाइनेंस संस्थान ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को लघु ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनके पास बैंकिंग सुविधाओं का अभिगम नहीं है।

**कथन-II:** RBI NBFC-MFI ढाँचे (2014) के तहत MFI को नियंत्रित करता है, जिसमें ग्राहक संरक्षण, उधारकर्त्ता सुरक्षा, गोपनीयता और ऋण मूल्य निर्धारण शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**189. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निजी लेबलिंग से तात्पर्य एक व्यावसायिक रणनीति से है, जिसमें खुदरा विक्रेता अपने नाम से उत्पाद बेचता है तथा तीसरे पक्ष के निर्माताओं से उन्हें आउटसोर्स करता है।
2. उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम 2020 के अंतर्गत बिचौलियों द्वारा अपने निजी लेबल के तहत अपने प्लेटफॉर्म पर वस्तु का विक्रय किया जाना प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्कन प्रायद्वीप जैवभौगोलिक क्षेत्र में स्थित है।
2. इसे वर्ष 2009 से ग्लोबल नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर साइट के रूप में भी नामित किया गया है
3. इसमें मुख्य रूप से आर्द्र मिश्रित पर्णपाती वन हैं, जिनमें उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार क्षेत्र और यत्रतत्रिक शुष्क पर्णपाती वन और घास स्थल हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित है?**

A. सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व
B. नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व
C. अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फीयर रिज़र्व
D. पचमढ़ी बायोस्फीयर रिज़र्व

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**191. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संशोधित RBI अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) गठित करने का अधिकार है।
2. MPC द्वारा वर्ष में कम-से-कम चार बार बैठक किया जाना आवश्यक है।
3. MPC के प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है तथा वोट बराबर होने की दशा में गवर्नर का वोट दूसरा अथवा निर्णायक होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**192. संविधान की छठी अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस विधेयक में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम के जनजातीय समुदतों के अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान किया गया है।
2. इसमें स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC) के माध्यम से इन क्षेत्रों के प्रशासन में स्वायत्तता प्रदान की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**193. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले कार्बन-गहन वस्तुओं के उत्पादन के दौरान उत्सर्जित कार्बन का मूल्य निर्धारण करने तथा गैर-यूरोपीय संघ देशों में स्वच्छ औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये यूरोपीय संघ की पहल।
B. यूरोपीय संघ द्वारा गैर-यूरोपीय संघ देशों से आयातित सभी वस्तुओं पर उनके कार्बन उत्सर्जन की परवाह किये बिना टैरिफ लगाने के लिये शुरू किया गया एक तंत्र।
C. यूरोपीय संघ द्वारा गैर-यूरोपीय संघ देशों पर कर लगाकर यूरोपीय संघ के भीतर औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये तैयार की गई व्यापार नीति।
D. नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने में विकासशील देशों को सहायता करने हेतु यूरोपीय संघ द्वारा वित्तीय सहायता कार्यक्रम।

**194. प्रश्न 2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोई भी देश, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र का सदस्य हो या नहीं, IMF की अनुबंध शर्तों और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार इसमें शामिल हो सकता है।
2. सदस्य देश अपनी संपत्ति और आर्थिक निष्पादन के आधार पर IMF में शामिल होने पर कोटा सदस्यता का योगदान करते हैं।
3. विशेष आहरण अधिकार (SDR) IMF सदस्य देशों की मुद्राओं पर दावे हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार विनिमय किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**195. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय संघवाद की विशेषता नहीं है?**

A. संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन
B. राज्य सभा में सभी राज्यों का समान प्रतिनिधित्व
C. संघ और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करने के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका
D. लिखित संविधान

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**196. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम (NGRMP) भारत सरकार द्वारा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) से उत्पन्न जोखिमों को दूर करने के लिये शुरू की गई एक पहल है।

**कथन-II:** ग्राउंड-ट्रूथिंग रिमोट सेंसिंग या अन्य अप्रत्यक्ष तरीकों के माध्यम से एकत्र किये गए डेटा को साइट पर किये गए प्रत्यक्ष अवलोकनों के साथ तुलना करके मान्य और सत्यापित करने की प्रक्रिया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**197. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्वाड में संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के बीच व्यापक सहयोग शामिल है।
2. AUKUS एक समझौता है जिसके तहत संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिये ऑस्ट्रेलिया को परमाणु पनडुब्बियाँ प्रदान करते हैं।
3. यह क्वाड हाल ही में गठित एक समूह है जिसमें दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में चीनी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिये ऑस्ट्रेलिया, जापान, उत्तर कोरिया और फिलीपींस शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**198. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैधानिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. यह एक बहुसदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त छह सदस्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**199. समान नागरिक संहिता (UCC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समान नागरिक संहिता (UCC) को संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व के भाग के रूप में रेखांकित किया गया है।
2. उत्तर प्रदेश, स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है जिसने समान नागरिक संहिता (UCC) को अपनाया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**200. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत, राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून केवल राज्य क्षेत्र तक ही लागू होते हैं।
2. गोपनीयता के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के एक आंतरिक भाग के रूप में और संविधान के भाग III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के एक भाग के रूप में संरक्षित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**201. वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. प्रथम फाउंडेशन

B. नीति आयोग

C. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)

D. शिक्षा मंत्रालय

**202. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राजकोषीय समेकन से तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है।

**कथन-II:** राजकोषीय समेकन में सरकारी राजस्व (कर और गैर-कर प्राप्तियाँ) को व्यय के साथ संतुलित किये जाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करना, लोक ऋण को नियंत्रित करना तथा सतत् आर्थिक विकास में सहायता करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**203. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की है।
2. सुरक्षा परिषद में पंद्रह सदस्य देश होते है, जिनमें पाँच स्थायी सदस्य और दस अस्थायी सदस्य हैं, जो पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**204. कैलाश पर्वत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कैलाश पर्वत काले पत्थर से बना हीरे के आकार का शिखर है तथा यह ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु और करनाली सहित एशिया की प्रमुख नदियों का स्रोत है।
2. हिंदुओं का मानना है कि भगवान शिव इस शिखर पर निवास करते हैं, जबकि जैन इसे अष्टपद पर्वत मानते हैं, जहाँ ऋषभदेव को मोक्ष प्राप्त हुआ था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**205. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) एक बहुपक्षीय संधि है जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैवविविधता हानि को रोकना और उसकी पुनर्प्राप्ति करना है।

**कथन-II:** भारत एक विशाल विविधता वाला राष्ट्र है, जिसमें 55,000 से अधिक पादप प्रजातियाँ और 100,000 पशु प्रजातियाँ हैं, जिनका संरक्षण आजीविका और पारिस्थितिक स्वास्थ्य दोनों के लिये महत्त्वपूर्ण है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**206. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने ब्रिटिश संसद के पहले भारतीय सदस्य के रूप में कार्य किया।
2. वर्ष 1865 में उन्होंने लंदन इंडियन सोसाइटी की सह-स्थापना की और वर्ष 1866 में उन्होंने ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना की।
3. उन्होंने वर्ष 1901 में पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक पुस्तक प्रकाशित की।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक सुमेलित है?**

A. दादाभाई नौरोजी
B. गोपाल कृष्ण गोखले
C. रमेश चंद्र दत्त
D. सुरेंद्रनाथ बनर्जी

**207. चिप्स, ट्रांजिस्टर, फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी और वेफर शब्द अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखे जाते हैं?**

A. सेमीकंडक्टर उद्योग
B. जैव प्रौद्योगिकी और आनुवंशिक इंजीनियरिंग
C. नवीकरणीय ऊर्जा और सौर पैनल
D. नैनोमेडिसिन और दवा वितरण प्रणाली

**208. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 (1) के अनुसार राज्य किसी भी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी भी कारक के संयोजन के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा।
2. भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची के तहत ग्राम सभा को अनुसूचित समुदाय की संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**209. राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (NMET) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारत में खनिज खोज में तेज़ी लाने के लिये खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 9C के तहत की गई थी।
2. न्यास की गतिविधियों के लिये स्थापित NMET फंड को MMDR अधिनियम, 1957 के तहत खनन पट्टाधारकों के 2% रॉयल्टी योगदान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**210. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'द लॉ एंड द लॉयर्स' उनकी प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है।
2. उन्होंने भारत के दक्षिणी राज्यों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिये दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की।
3. उनकी पुण्यतिथि को प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित है?**

A. भगत सिंह
B. महात्मा गांधी
C. सी राजगोपालाचारी
D. सुभाष चंद्र बोस

**211. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** समान नागरिक संहिता (UCC) भारत के सभी नागरिकों के लिये विवाह, तलाक, गोद लेने, विरासत और उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों के एक समूह को संदर्भित करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**कथन-II:** समान नागरिक संहिता की अवधारणा का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत के रूप में किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**212. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने अभिनव भारत सोसाइटी नामक एक गुप्त संस्था की स्थापना की।
2. वह वर्ष 1937 से वर्ष 1943 तक हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे।
3. क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस से संबंध रखने के कारण उन्हें वर्ष 1910 में गिरफ्तार कर लिया गया।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. लाला हरदयाल

B. विनायक दामोदर सावरकर

C. बाल गंगाधर तिलक

D. रास बिहारी बोस

**213. रक्षा व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक जैसी ऋणदाता एजेंसियाँ सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक के रक्षा व्यय को स्वीकार्य मानती हैं।
2. नाटो चार्टर में यह अनिवार्य किया गया है कि सदस्य राष्ट्र सामूहिक सुरक्षा में प्रभावी योगदान सुनिश्चित करने के लिये अपने सकल घरेलू उत्पाद का न्यूनतम 2% रक्षा पर आवंटित करें।
3. चीन और भारत दोनों ही अपने सकल घरेलू उत्पाद का 2% से भी कम रक्षा पर व्यय करते हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका 4% से अधिक खर्च करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. सिर्फ दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**214. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** निर्यात वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने से, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों जैसे क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता कम हो जाती है।

**कथन-II:** निर्यात-संचालित विनिर्माण भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करता है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकियों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुँच आसान हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**215. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 19(2) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाया गया है, जिसमें न्यायालय की अवमानना, मानहानि और अपराध उद्दीपन शामिल है।
2. भारत में मानहानि का मामला दीवानी और आपराधिक दोनों के तहत शामिल हो सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उद्देश्य क्या है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में मानहानि के आपराधिक प्रावधानों को संवैधानिक रूप से अवैध करार देते हुए उन्हें निरस्त कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**216. अक्सर समाचारों में आने वाले शहर अलेप्पो, होम्स और हामा निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं?**

A. सीरिया

B. इराक

C. लेबनान

D. जॉर्डन

## उत्तरमाला

| Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (C) | 55 | (A) | 109 | (B) | 163 | (C) |
| 2 | (A) | 56 | (D) | 110 | (C) | 164 | (A) |
| 3 | (C) | 57 | (B) | 111 | (C) | 165 | (A) |
| 4 | (B) | 58 | (D) | 112 | (A) | 166 | (C) |
| 5 | (C) | 59 | (C) | 113 | (B) | 167 | (B) |
| 6 | (A) | 60 | (C) | 114 | (B) | 168 | (A) |
| 7 | (D) | 61 | (B) | 115 | (C) | 169 | (B) |
| 8 | (B) | 62 | (A) | 116 | (A) | 170 | (B) |
| 9 | (A) | 63 | (A) | 117 | (C) | 171 | (A) |
| 10 | (B) | 64 | (A) | 118 | (A) | 172 | (A) |
| 11 | (C) | 65 | (B) | 119 | (D) | 173 | (B) |
| 12 | (D) | 66 | (C) | 120 | (A) | 174 | (D) |
| 13 | (C) | 67 | (B) | 121 | (B) | 175 | (C) |
| 14 | (A) | 68 | (B) | 122 | (C) | 176 | (B) |
| 15 | (B) | 69 | (A) | 123 | (A) | 177 | (B) |
| 16 | (B) | 70 | (C) | 124 | (C) | 178 | (C) |
| 17 | (B) | 71 | (A) | 125 | (B) | 179 | (B) |
| 18 | (A) | 72 | (D) | 126 | (D) | 180 | (B) |
| 19 | (A) | 73 | (C) | 127 | (B) | 181 | (D) |
| 20 | (C) | 74 | (A) | 128 | (A) | 182 | (C) |
| 21 | (D) | 75 | (C) | 129 | (B) | 183 | (A) |
| 22 | (A) | 76 | (A) | 130 | (B) | 184 | (A) |
| 23 | (B) | 77 | (B) | 131 | (A) | 185 | (A) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | (A) | 78 | (D) | 132 | (C) | 186 | (C) |
| 25 | (C) | 79 | (A) | 133 | (D) | 187 | (B) |
| 26 | (A) | 80 | (B) | 134 | (A) | 188 | (B) |
| 27 | (A) | 81 | (B) | 135 | (A) | 189 | (C) |
| 28 | (C) | 82 | (C) | 136 | (C) | 190 | (A) |
| 29 | (C) | 83 | (A) | 137 | (C) | 191 | (C) |
| 30 | (B) | 84 | (B) | 138 | (B) | 192 | (C) |
| 31 | (A) | 85 | (C) | 139 | (A) | 193 | (A) |
| 32 | (B) | 86 | (B) | 140 | (C) | 194 | (C) |
| 33 | (C) | 87 | (B) | 141 | (A) | 195 | (B) |
| 34 | (A) | 88 | (D) | 142 | (C) | 196 | (B) |
| 35 | (D) | 89 | (B) | 143 | (A) | 197 | (A) |
| 36 | (B) | 90 | (C) | 144 | (B) | 198 | (C) |
| 37 | (C) | 91 | (B) | 145 | (C) | 199 | (A) |
| 38 | (B) | 92 | (C) | 146 | (B) | 200 | (D) |
| 39 | (A) | 93 | (D) | 147 | (A) | 201 | (A) |
| 40 | (C) | 94 | (A) | 148 | (B) | 202 | (A) |
| 41 | (C) | 95 | (B) | 149 | (B) | 203 | (A) |
| 42 | (B) | 96 | (A) | 150 | (A) | 204 | (C) |
| 43 | (B) | 97 | (A) | 151 | (B) | 205 | (B) |
| 44 | (A) | 98 | (C) | 152 | (C) | 206 | (A) |
| 45 | (B) | 99 | (C) | 153 | (B) | 207 | (A) |
| 46 | (C) | 100 | (B) | 154 | (A) | 208 | (C) |
| 47 | (A) | 101 | (B) | 155 | (C) | 209 | (C) |
| 48 | (A) | 102 | (A) | 156 | (D) | 210 | (B) |
| 49 | (B) | 103 | (A) | 157 | (B) | 211 | (B) |
| 50 | (C) | 104 | (A) | 158 | (A) | 212 | (B) |
| 51 | (A) | 105 | (D) | 159 | (A) | 213 | (D) |
| 52 | (C) | 106 | (A) | 160 | (D) | 214 | (A) |
| 53 | (A) | 107 | (D) | 161 | (B) | 215 | (B) |
| 54 | (B) | 108 | (A) | 162 | (B) | 216 | (A) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**नोट :**

## व्याख्या

**1. (C)**

**व्याख्या:**

**रुपए का अवमूल्यन:**

- सैद्धांतिक रूप से कमज़ोर रुपए से भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि अनिश्चितता और कमज़ोर वैश्विक मांग के माहौल में, रुपए के बाह्य मूल्य में गिरावट से निर्यात में वृद्धि नहीं होगी।
- कमज़ोर मुद्रा आयातित खाद्य तेल की कीमतों को बढ़ा सकती है साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**2. (B)**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 20 व्यक्तियों को मनमाने और पूर्वव्यापी आपराधिक विधि से बचाता है। अतः कथन 1 सही है।**
- *राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग बनाम अरुणाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य* (वर्ष 1996) में भारत के उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि **एक गैर-नागरिक भी** अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षण पाने का हकदार है क्योंकि इसमें 'व्यक्ति' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**3. (C)**

**व्याख्या:**

- औषधि **एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम,** 1940 और अधिनियम 1945 औषधियों और सौंदर्य प्रसाधनों के विनियमन के लिये केंद्रीय और राज्य नियामकों को विभिन्न ज़िम्मेदारियाँ सौंपते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय **औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO)** देश में दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों, निदान और उपकरणों की सुरक्षा, प्रभावकारिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये मानक और उपाय निर्धारित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारतीय औषधि महानियंत्रक** भारत सरकार के CDSCO के विभाग का प्रमुख है, जो भारत में रक्त और रक्त उत्पादों तथा वैक्सीन जैसी औषधियों की निर्दिष्ट श्रेणियों के लाइसेंसों के अनुमोदन के लिये ज़िम्मेदार है।
  - यह भारत में दवाओं के विनिर्माण, बिक्री, आयात और वितरण के लिये मानक भी निर्धारित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**4. (B)**

**व्याख्या:**

**एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI):**

- UPI को **IMPS (तत्काल भुगतान सेवा) के** बुनियादी ढाँचे पर बनाया गया है, यह उपयोगकर्त्ताओं को किसी भी दो पक्षों के बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरित करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UPI विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं, निर्बाध फंड रूटिंग और मर्चेंट भुगतान को एक मोबाइल एप्लिकेशन में विलय करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। कई अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विदेशों में इसके उपयोग की अनुमति देते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - UPI भुगतान स्वीकार करने वाले देश हैं फ्राँस, यूएई, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, भूटान और नेपाल।

**5. (C)**

**व्याख्या:**

**पूंजीगत व्यय:**

- यह **सरकार द्वारा** बुनियादी ढाँचे, इमारतों, मशीनरी और उपकरणों जैसी भौतिक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, विनिर्माण या सुधार के लिये आवंटित धन को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इसे **उत्पादक और विकास को बढ़ाने वाला माना जाता है** क्योंकि यह अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता को बढ़ाता है और भविष्य में आय तथा रोज़गार उत्पन्न करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**6. (A)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय:**

- इसका गठन वर्ष 2019 में केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) को मिलाकर किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- सी. रंगराजन समिति ने सर्वप्रथम सभी मुख्य सांख्यिकीय गतिविधियों के लिये नोडल निकाय के रूप में NSO की स्थापना का सुझाव दिया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - फरवरी 2018 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित YH **मालेगाम समिति को** बढ़ती धोखाधड़ी की घटनाओं, लेखा परीक्षा प्रभावशीलता और खराब ऋण वर्गीकरण को संबोधित करने का कार्य सौंपा गया था।
- यह वर्तमान में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**7. (D)**

**व्याख्या:**

**एच-1B वीज़ा कार्यक्रम:**

- अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार यह अमेरिकी नियोक्ताओं को उन व्यवसायों में **अप्रवासी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिये "उच्च स्तर के कौशल" और "कम-से-कम स्नातक की डिग्री" की आवश्यकता होती है। अतः कथन 1 सही है।**
- H-1B वीज़ा **अधिकतम छह वर्षों के लिये जारी किया जा सकता है**, जिसके बाद वीज़ा धारक को वापस लौटने से पहले कम-से-कम 12 माह की अवधि के लिये अमेरिका छोड़ना पड़ता है या स्थायी निवास ("ग्रीन कार्ड") के लिये आवेदन करना पड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**8. (B)**

**व्याख्या:**

- कृषि क्षेत्र देश के चालीस प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोज़गार देता है। **अतः कथन I सही है।**
- **PM-किसान योजना** में, लगभग 10 करोड़ किसानों को उनकी तत्काल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रति वर्ष 6,000 रुपए दिये जाते हैं। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**9. (A)**

**व्याख्या:**

**जॉर्जिया:**

- **यह काकेशस क्षेत्र** में स्थित एक देश है, जिसकी पश्चिमी सीमा काला सागर से लगती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **जॉर्जिया पूर्वी यूरोप एवं पश्चिमी एशिया के चौराहे** पर काकेशस क्षेत्र में स्थित है। यह पश्चिम में काला सागर, उत्तर तथा पूर्व में रूस, दक्षिण में तुर्की और आर्मेनिया और दक्षिण-पूर्व में अज़रबैजान से घिरा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**10. (B)**

**व्याख्या:**

**मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल:**

- वर्ष 1987 में अपनाया गया मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जिसे ओज़ोन परत को क्षति पहुँचाने वाले पदार्थों, जैसे क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) और हैलोन के **उत्पादन और खपत को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिये डिज़ाइन किया गया है**। इसे आज तक के सबसे सफल पर्यावरण समझौतों में से एक माना जाता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**11. ( C )**

**व्याख्या:**

**स्पैडेक्स ( अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग ):**

- **यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( ISRO ) द्वारा** अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करने के लिये विकसित एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्पैडेक्स का प्राथमिक लक्ष्य, पृथ्वी की निचली कक्षा में दो छोटे अंतरिक्ष यान, SDX01 (चेज़र) और SDX02 (टारगेट) के लिये **डॉकिंग तकनीक विकसित करना है।**
  - स्पैडेक्स शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप से 24 पेलोड ले जाने के लिये पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV) के **चौथे चरण, POEM ( PSLV ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंटल मॉड्यूल )-4 का** उपयोग करेगा। ये प्रयोग कक्षा में **सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण का** लाभ उठाएँगे। **अतः कथन 2 सही है।**

**12. ( D )**

**व्याख्या:**

**स्पेस डॉकिंग:**

- **स्पेस डॉकिंग दो तीव्र गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को** एक ही कक्षा में लाने, उन्हें पास लाने और उन्हें एक इकाई बनाने के लिये जोड़ने की जटिल प्रक्रिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह क्षमता अंतरिक्ष में वृहद् संरचनाओं को इकट्ठा करने या उपकरण, चालक दल या आपूर्ति को स्थानांतरित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- उदाहरण के लिये **अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( ISS ) को** स्पेस डॉकिंग का उपयोग करके बनाया गया था, जिसमें विभिन्न मॉड्यूल अलग-अलग लॉन्च किये गए थे, जिन्हें स्पेस डॉक किया गया था। अत: **कथन 2 सही है।**
- सतत् डॉकिंग मिशन, आपूर्ति, नए चालक दल के सदस्यों और मॉड्यूलों को पहुँचाकर ISS को प्रचालन में बनाए रखते हैं, तथा पुराने चालक दल के सदस्यों को पृथ्वी पर वापस लौटने में सहायता करते हैं।

**13. ( C )**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण ( NFRA ):**

- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132 की उपधारा (2) के अनुसार, NFRA के कर्त्तव्य निम्नलिखित हैं:
  - केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के लिये कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली **लेखांकन और लेखा परीक्षा नीतियों तथा मानकों की** सिफारिश करना। **अतः कथन I सही है।**
  - लेखांकन मानकों और लेखापरीक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करना और उसे लागू करना;
  - ऐसे मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने से जुड़े व्यवसायों की सेवा की गुणवत्ता की देखरेख करना तथा सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिये उपाय सुझाना;
  - ऐसे अन्य कार्य और कर्त्तव्यों का पालन करना, जो पूर्वोक्त कार्यों और कर्त्तव्यों के लिये आवश्यक या प्रासंगिक हों।
- राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) का गठन वर्ष 2018 में भारत सरकार द्वारा **कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132 की उपधारा ( 1 ) के तहत किया गया था। अतः कथन II सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन I सही है लेकिन कथन II सही नहीं है।**

**14. ( A )**

**व्याख्या:**

**ट्राँस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौता ( CPTPP ):**

- CPTPP ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलम, कनाडा, चिली, जापान, मलेशिया, मैक्सिको, पेरू, न्यूज़ीलैंड, सिंगापुर और वियतनाम के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है। CPTPP पर 11 देशों ने 8 मार्च 2018 को सैंटियागो, चिली में हस्ताक्षर किये थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत CPTPP का **साझेदार नहीं है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

- CPTPP ने वस्तुओं एवं सेवाओं पर 99% टैरिफ हटा दिये हैं, जिसमें सदस्य देश वन्यजीव तस्करी में कटौती करने पर सहमत हुए हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. (B)**

**व्याख्या:**

**विनिमय दर:**

- एक मुद्रा की कीमत दूसरी मुद्रा के संदर्भ में विनिमय दर कहलाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक मुद्रा की विनिमय दर दूसरी मुद्रा के सामने दो मुद्राओं के धारकों के बीच सापेक्ष मांग को दर्शाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक** 36 व्यापारिक साझेदार देशों की मुद्राओं के संबंध में रुपए की अंकित प्रभावी विनिमय दर (NEER) को सारणीबद्ध करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**16. (B)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2023-24 की मानव विकास रिपोर्ट (HDR) के अनुसार जिसका शीर्षक है 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड', **वैश्विक मानव विकास सूचकांक (HDI) में भारत 134वें स्थान पर है।** स्विट्ज़रलैंड को पहला स्थान मिला है।
    - यह रिपोर्ट **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी की गई है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**17. (B)**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 82** के तहत, संसद प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम पारित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 170** के तहत, राज्यों को हर जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम के अनुसार प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में भी विभाजित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 87 **वें संशोधन अधिनियम 2003 में 1991 की** जनगणना के बजाय 2001 की जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रावधान किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**18. (A)**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- MSP वह गारंटीकृत राशि है, जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 2 भी सही है।**
- **MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों** पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाजार मूल्य प्रवृत्तियों, अंतर-फसल मूल्य समता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है।
    - CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी,1965 में अस्तित्व में आया।
- **भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA)** MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**19. (A)**

**व्याख्या:**

**स्थगन प्रस्ताव:**

- स्थगन प्रस्ताव **सार्वजनिक महत्त्व के किसी निश्चित मामले पर चर्चा करने के लिये लाया जाता है** और यह तत्काल चिंता का विषय होना चाहिये, जिसके लिये अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्वीकृति के लिये 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता है।
- चूंकि यह सदन के सामान्य कामकाज में बाधा डालता है, इसलिये इसे एक असाधारण उपकरण माना जाता है।
- यह प्रस्ताव लोकसभा में प्रस्तावित होता है, राज्यसभा में नहीं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि स्थगन प्रस्ताव पारित होने पर **सरकार को इस्तीफा देने की आवश्यकता नहीं होती है,** लेकिन इसे सरकार की कड़ी निंदा माना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**20. (C)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT):**

- एनजीटी की स्थापना वर्ष 2010 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई थी।
- **इसका प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वनों के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के त्वरित व कुशल समाधान की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।**
- न्यायाधिकरण का नेतृत्व अध्यक्ष (मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त) करता है और इसमें कम-से-कम 10-20 न्यायिक सदस्य तथा विशेषज्ञ होते हैं।
- आवेदन करने के मूल अधिकार क्षेत्र के अलावा, एनजीटी के पास न्यायालय (ट्रिब्यूनल) के रूप में अपील सुनने का **अपीलीय अधिकार क्षेत्र भी है। अत: कथन 2 सही है।**
- न्यायाधिकरण सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत निर्धारित **प्रक्रिया से बाध्य नहीं, बल्कि 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा। अत: कथन 3 भी सही है।**

**21. (D)**

**व्याख्या:**

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO):**

- यह एक **अंतर-सरकारी संगठन है** और आमतौर पर स्वास्थ्य मंत्रालयों के माध्यम से अपने सदस्य राज्यों के साथ मिलकर काम करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत 12 जनवरी, 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन का सदस्य बन गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ भारत सरकार के समन्वित प्रयास से वर्ष 1977 में चेचक का उन्मूलन कर दिया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**22. (A)**

**व्याख्या:**

**नीति आयोग:**

- वर्ष 2015 में नीति आयोग ने कम सरकार के साथ बेहतर शासन के लिये "नीचे से ऊपर" दृष्टिकोण तथा सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिये योजना आयोग का स्थान लिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके **पास धन आवंटित करने की शक्तियाँ नहीं हैं,** ये वित्तमंत्री में निहित हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **नीति आयोग के मुख्य उद्देश्य:**
    - "सशक्त राज्य ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं" इस अवधारणा को ध्यान में रखते हुए राज्यों के साथ निरंतर **संरचित समर्थन पहलों और तंत्रों** के माध्यम से सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना।
    - ग्राम स्तर पर **विश्वसनीय योजनाएँ तैयार करने के लिये तंत्र** विकसित करना तथा इन्हें सरकार के उच्चतर स्तरों पर उत्तरोत्तर एकीकृत करना।
    - यह सुनिश्चित करना कि जिन क्षेत्रों को विशेष रूप से संदर्भित किया गया है, उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को आर्थिक रणनीति और नीति में शामिल किया जाए।
    - समाज के उन वर्गों पर विशेष ध्यान देना, जिन्हें आर्थिक प्रगति का पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा है।

**23. (B)**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन UNFCCC) पार्टियों का सम्मेलन 29 (सीओपी29):**

- जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) का लक्ष्य **विकासशील देशों के लिये जलवायु वित्त को** 2035 तक 100 बिलियन अमरीकी डॉलर के पिछले लक्ष्य से तीन गुना बढ़ाकर 300 बिलियन अमरीकी डॉलर प्रति वर्ष करना है, जिसमें विकसित देश अग्रणी भूमिका निभाएंगे। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- COP29 ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में **स्वदेशी लोगों** और स्थानीय समुदायों के महत्त्व पर ज़ोर दिया। **अतः कथन 2 सही है।**
- अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और यूएई सहित 30 से अधिक देशों ने जैविक कचरे से मीथेन को कम करने पर COP-29 घोषणा का समर्थन किया (**भारत हस्ताक्षरकर्ता नहीं है**)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - घोषणा-पत्र में **अपशिष्ट क्षेत्र के मीथेन उत्सर्जन को लक्षित किया गया है**, जो वैश्विक मीथेन उत्सर्जन में 20% का योगदान देता है। यह पाँच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है: राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC), विनियमन, डेटा, वित्त और भागीदारी।
  - देशों को अपने एनडीसी में जैविक अपशिष्ट से मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिये क्षेत्रीय लक्ष्य शामिल करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।
  - यह वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा (भारत इस पर हस्ताक्षरकर्ता नहीं है) पर आधारित है, जिसका लक्ष्य 2030 तक वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को 30% तक कम करना है, तथा कृषि, अपशिष्ट और जीवाश्म ईंधन से निकलने वाली मीथेन की समस्या का समाधान करना है।

**24. (A)**

**व्याख्या:**

- केलकर समिति (2002) का गठन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर सुधारों के लिये उपाय सुझाने हेतु किया गया था।
- राजा जे. चेल्लिया समिति (1991) ने भारत में व्यापक कर सुधारों की नींव रखी, जिसमें कर ढाँचे को युक्तिसंगत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- टी.आर. रुस्तगी समिति (2011) कर नीति और कार्यान्वयन उपायों से जुड़ी थी।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**25. (C)**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962:**

- **प्रत्यर्पण** वह प्रक्रिया है, जिसके तहत **एक राज्य, दूसरे राज्य के अनुरोध पर,** किसी व्यक्ति को उस अपराध के लिये मुकदमा चलाने के लिये वापस भेजता है जो अनुरोधकर्त्ता राज्य के कानूनों के तहत दंडनीय है तथा शरण देने वाले राज्य के बाहर किया गया है।
- भारत में, किसी भगोड़े अपराधी का प्रत्यर्पण **भारतीय प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962 के तहत नियंत्रित होता है।**
- यह **दोहरी आपराधिकता के सिद्धांत को लागू करता है,** जिसका अर्थ है कि अपराध अनुरोध करने वाले देश के राष्ट्रीय कानूनों के साथ-साथ अनुरोधित देश के राष्ट्रीय कानूनों में भी अपराध माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विदेश मंत्रालय का कांसुलर, पासपोर्ट और वीज़ा प्रभाग इसका प्रशासन करता है तथा यह आने वाले और बाहर जाने वाले प्रत्यर्पण अनुरोधों पर कार्रवाई करता है। **अतः कथन 2 भी सही है।**

**26. (A)**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) 2005:**

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 **आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है,** जिसका अर्थ है कि बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध न होने पर ग्रामीण परिवारों के पास आय के वैकल्पिक स्रोत होते हैं। **अतः कथन I सही है।**
- मनरेगा एक **मांग-आधारित मज़दूरी रोज़गार योजना है** जो देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में सुधार करने के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार को कम-से-कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोज़गार प्रदान करती है। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**27. (A)**

**व्याख्या:**

**चुनाव सुधार समिति:**

- **दिनेश गोस्वामी समिति (1990) ने** चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ाने के लिये चुनाव सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **इंद्रजीत गुप्ता समिति (1998) ने** कम धन वाले दलों के लिये निष्पक्ष आधार स्थापित करने के लिये "संवैधानिक, कानूनी और साथ ही सार्वजनिक हित के आधार पर पूर्ण औचित्य" देखते हुए चुनावों के लिये राज्य द्वारा वित्त पोषण का समर्थन किया था।
- **तन्खा समिति (2010) ने** प्रॉक्सी वोटिंग और अनिवासी भारतीयों (NRI के मताधिकार जैसे चुनावी मुद्दों पर काम किया।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**28. (C)**

**व्याख्या:**

- सरकार ने प्राथमिक स्तर (6-14 वर्ष) के लिये शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के भाग के रूप में **सर्व शिक्षा अभियान (SSA) को लागू किया है । अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार ने राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के माध्यम से SSA को माध्यमिक शिक्षा (आयु वर्ग 14-18) तक विस्तारित किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **उच्च शिक्षा,** जिसमें स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और एमफिल/पीएचडी स्तर शामिल हैं, को सरकार द्वारा उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के माध्यम से संबोधित किया जाता है । अतः कथन 3 सही है।**
- उपरोक्त सभी योजनाओं को समग्र शिक्षा अभियान की छत्र योजना के अंतर्गत सम्मिलित कर दिया गया है।

**29. (C)**

**व्याख्या:**

**खाड़ी क्षेत्र:**

- खाड़ी क्षेत्र **फारस की खाड़ी के आस-पास के क्षेत्र को संदर्भित करता है,** जो अरब प्रायद्वीप और दक्षिण-पश्चिमी ईरान के बीच स्थित हिंद महासागर का एक सीमांत सागर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें बहरीन, ईरान, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित फारस की खाड़ी की सीमा से लगे देश शामिल हैं।
- फारस की खाड़ी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जुड़ी हुई है, जो वैश्विक तेल परिवहन के लिये एक महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।
- खाड़ी **भू-राजनीतिक तनावों का केंद्र है,** जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच विवाद, सऊदी-ईरान प्रतिद्वंद्विता और यमन गृह युद्ध शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**30. (B)**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि):**

- यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना है** अर्थात आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना केवल उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत नियम और योजना अधिसूचित की है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह योजना शहरी क्षेत्रों में विक्रय करने वाले सभी स्ट्रीट वेंडरों के लिये उपलब्ध है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**31. (A)**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ):**

- **यह संयुक्त राष्ट्र का** प्रमुख न्यायिक अंग है, जो द हेग (नीदरलैंड) के पीस पैलेस में स्थित है।
- संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों के विपरीत, यह एकमात्र ऐसा अंग है जो न्यूयॉर्क (USA) में स्थित नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राज्यों के बीच कानूनी विवादों का निपटारा करता है तथा अधिकृत संयुक्त राष्ट्र अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा संदर्भित कानूनी प्रश्नों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार राय देता है।
- इसकी आधिकारिक भाषाएँ अंग्रेज़ी और फ्रेंच हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अन्य अंगों के विपरीत, न्यायालय सरकारों के प्रतिनिधियों से नहीं बना है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**32. (B)**

**व्याख्या:**

**बोत्सवाना:**

- बोत्सवाना दक्षिणी अफ्रीका में एक **स्थलरुद्ध देश है।**
- दक्षिण और पूर्व में इसकी सीमा दक्षिण अफ्रीका, पश्चिम में नामीबिया और पूर्व में ज़िम्बाब्वे से लगती है। यह देश टेक्सास राज्य से भी छोटा है।
- विशाल **कालाहारी रेगिस्तान** बोत्सवाना के 70 प्रतिशत से ज़्यादा क्षेत्र में फैला हुआ है, लगभग 360,000 वर्ग मील (900,000 वर्ग किलोमीटर) में फैला हुआ है और नौ अफ्रीकी देशों को छूता है। कालाहारी एक वास्तविक रेगिस्तान नहीं है क्योंकि यहाँ हर साल अन्य रेगिस्तानों से ज़्यादा बारिश होती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**33. (C)**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) एक **मूल्य वर्द्धित (एड वैलोरम) कर प्रणाली है,** जिसे भारत में वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है, जिसे भारत में 1 जुलाई 2017 को **101वें संविधान संशोधन अधिनियम 2016 के माध्यम से** 'एक राष्ट्र एक कर' के नारे के साथ पेश किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **GST परिषद्:**
  - GST परिषद् एक **संवैधानिक निकाय है,** जो भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - परिषद् के सदस्यों में **केंद्रीय वित्त मंत्री (अध्यक्ष)** और केंद्र से केंद्रीय राज्यमंत्री (वित्त) शामिल हैं।
  - प्रत्येक राज्य वित्त या कराधान के प्रभारी मंत्री या किसी अन्य मंत्री को सदस्य के रूप में नामित कर सकता है।

**34. (A)**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 356:**

- भारत के संविधान का अनुच्छेद 356 **भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 93 पर आधारित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 356 के अनुसार संवैधानिक तंत्र की विफलता** के आधार पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - राष्ट्रपति शासन **दो परिस्थितियों में लगाया जा सकता है:** जब राष्ट्रपति को राज्य के राज्यपाल से रिपोर्ट प्राप्त होती है या अन्यथा उन्हें विश्वास हो जाता है कि राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर सकती है (अनुच्छेद 356), और जब कोई राज्य संघ सरकार के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है (अनुच्छेद 365)।
- राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य सरकार निलंबित रहती है, **केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से सीधे** राज्य का प्रशासन चलाती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन लगाने के लिये **संसदीय अनुमोदन आवश्यक है, इसे दो माह के भीतर संसद के दोनों सदनों में साधारण बहुमत से पारित किया जाना चाहिये।**
- प्रारंभ में राष्ट्रपति शासन छह माह के लिये होता है और प्रत्येक छह माह में संसदीय अनुमोदन के माध्यम से इसे तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
- **संविधान के 44वें संशोधन (1978) द्वारा** राष्ट्रपति **शासन को** एक वर्ष से अधिक बढ़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया, तथा केवल राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में या राज्य विधानसभा चुनाव कराने में कठिनाइयों के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी आवश्यकता प्रमाणित किये जाने पर ही इसे बढ़ाने की अनुमति दी गयी।

**35. (D)**

**व्याख्या:**

**भारत में दिवाला कानून:**

- ब्रिटिश राज के तहत, भारत को वित्तीय विफलताओं एवं सीमापार वाणिज्य के प्रबंधन में प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **घरेलू स्तर पर दिवालियापन से** निपटने के लिये भारतीय दिवाला अधिनियम,1848 को **पहले** दिवाला कानून के रूप में प्रस्तुत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **बाद में** इसे प्रेसीडेंसी-टाउन इन्सॉल्वेंसी एक्ट 1909 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया जो कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास पर लागू हुआ था। **अत: कथन 2 सही है।**
    - प्रांतीय दिवाला अधिनियम, 1920 मुफस्सिल क्षेत्रों में दिवालियापन को नियंत्रित करने पर केंद्रित था। **अत: कथन 3 सही है।**
    - मुफस्सिल शब्द भारत के **ग्रामीण या प्रांतीय ज़िलों** या देहात को संदर्भित करता है। इसका मूल रूप से इस्तेमाल ईस्ट इंडिया कंपनी की तीन राजधानियों बॉम्बे, कलकत्ता एवं मद्रास के बाहर स्थित क्षेत्रों का वर्णन करने के लिये किया जाता था।
    - समय के साथ इस शब्द का अर्थ बदल गया एवं यह कलकत्ता जैसे बड़े शहरों के विपरीत हो गया। हालाँकि, मुफस्सिल हमेशा ज़िला सदर कस्बों के ज़रिये **शहरों** से जुड़ा हुआ होता था।
- यद्यपि उपरोक्त कानूनों ने घरेलू दिवालियापन से निपटने के लिये एक रूपरेखा प्रदान की, लेकिन वे सीमापार दिवालियापन की जटिलताओं को दूर करने में विफल रहे, जिससे विधिक प्रणाली में एक प्रमुख अंतराल पैदा हुआ।

**36. ( B )**

**व्याख्या:**

**दिवालियापन से संबंधित समितियाँ:**

- एराडी समिति (2000), मित्रा समिति (2001) और ईरानी समिति (2005) जैसी समितियों द्वारा सीमापार दिवालियापन पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग (UNCITRAL) मॉडल कानून, 1997 को अपनाने की सिफारिश की थी।
  - **संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग (UNCITRAL)** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के प्रगतिशील सामंजस्य एवं आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के अपने अधिदेश के अनुसरण में **इससे संबंधित ढाँचे को विकसित करने** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
    - UNCITRAL वाणिज्यिक कानून के कई प्रमुख क्षेत्रों में विधायी तथा गैर-विधायी उपकरणों के उपयोग एवं इन्हें अपनाने को **बढ़ावा देने** के द्वारा ऐसा करता है।
- **एराडी समिति ( 2000 ):** कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिये दिवालियापन कानूनों में संशोधन की सिफारिश की गई।
- **मित्रा समिति ( 2001 ):** दिवालियापन कानूनों एवं ऋण वसूली में सुधार के क्रम में संबंधित प्रक्रियाओं में सुधार पर बल दिया गया।
- **ईरानी समिति ( 2005 ):** दिवालियापन कानूनों में परिवर्तन (विशेष रूप से ऋणदाता-देनदार संबंधों और कॉर्पोरेट पुनर्गठन से संबंधित) प्रस्तावित किये गए।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**37. ( C )**

**व्याख्या:**

- जल संसाधन मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय) के तहत स्थापित **केंद्रीय भूजल बोर्ड ( CGWB ) भारत में भूजल संसाधनों के प्रबंधन**, अन्वेषण, निगरानी, आकलन और विनियमन के लिये **सर्वोच्च निकाय** है।
  - यह भूजल प्रबंधन के लिये **वैज्ञानिक विशेषज्ञता** प्रदान करता है, जिसमें अन्वेषण, निगरानी और जल गुणवत्ता आकलन शामिल हैं। **अत: कथन I सही है।**
  - यह भूजल स्तर को बढ़ाने के लिये कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन की योजनाओं को भी क्रियान्वित करता है।
  - यह राज्य और ज़िला जल-भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, भूजल वर्ष पुस्तिका और एटलस जारी करता है।
- देश में भूजल संसाधनों के विकास और प्रबंधन को विनियमित और नियंत्रित करने के लिये **पर्यावरण ( संरक्षण ) अधिनियम,**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

1986 की धारा 3 (3) के तहत **केंद्रीय भूजल प्राधिकरण** का गठन किया गया है। **अतः कथन II सही नहीं है।**

- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।**

**38. (B)**

**व्याख्याः**

- EV बैटरियों के महत्त्वपूर्ण घटक **लिथियम और कोबाल्ट** को भारी पर्यावरणीय और सामाजिक लागत पर निकाला जाता है।
- **विश्व के लगभग 70% लिथियम भंडार अर्जेंटीना, चिली और बोलीविया के "लिथियम त्रिकोण"** में केंद्रित हैं, जहाँ खनन कार्य जल-गहन हैं, जो पहले से ही शुष्क क्षेत्रों में संसाधनों को कम कर रहे हैं। **अतः कथन I सही है।**
  - इन खनिजों की बढ़ती मांग के कारण संसाधनों की कमी और "संसाधन युद्ध" शुरू होने का खतरा है, क्योंकि राष्ट्र ईंधन से प्रेरित आर्थिक शक्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा करते हैं - जो भी ईंधन को नियंत्रित करता है, वह शक्ति प्राप्त करता है।
- EV का उत्पादन पारंपरिक **आंतरिक दहन इंजन (ICE)** वाहन के निर्माण की तुलना में काफी अधिक ऊर्जा-गहन है। **अतः कथन II सही है।**
  - यूरोपीय परिवहन एवं पर्यावरण महासंघ द्वारा किये गए एक अध्ययन में पाया गया कि EV उत्पादन, ICE वाहनों की तुलना में **60% अधिक कार्बन उत्सर्जन करता है,** जिसका मुख्य कारण बैटरी उत्पादन है।
  - टेस्ला मॉडल 3 के लिये 60 किलोवाट-घंटे की बैटरी के निर्माण से इसके जीवनचक्र उत्सर्जन में 3.6-6 टन $CO_2$ की वृद्धि होती है।
  - इसके अतिरिक्त, एक सामान्य EV किसी भी ICE वाहन की तुलना में **छह गुना अधिक दुर्लभ खनिजों** का उपभोग करता है।
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।




**39. (A)**

**व्याख्याः**

**क्रिप्टोकरेंसीः**

- भारत के क्रिप्टोकरेंसी संबंधी नियम जटिल हैं और अभी पूर्ण रूप से निर्धारित नहीं हैं।
  - हालाँकि क्रिप्टोकरेंसी का **व्यापार करना और इसको रखना विधिमान्य है** लेकिन उन्हें वैध मुद्रा के रूप में **मान्यता नहीं** दी गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका अर्थ यह है कि लोग बिटकॉइन और एथेरियम जैसी डिजिटल परिसंपत्तियों का क्रय और विक्रय कर सकते हैं लेकिन **उनका उपयोग** दैनंदिन जीवन के लेनदेन के लिये नहीं किया सकता।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI), वित्त मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) क्रिप्टो करेंसी संबंधी गतिविधियों की देखरेख करने वाली प्राथमिक संस्थाएँ हैं।
  - वर्ष 2018 में, RBI ने क्रिप्टो लेनदेन के लिये बैंकिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन मार्च 2020 में उच्चतम न्यायालय ने इस प्रतिबंध को हटा दिया और क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिये पुनः बैंकिंग सेवाएँ प्रदान की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोटः

- आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2(47A) के तहत क्रिप्टोकरेंसी को **"वर्चुअल डिजिटल एसेट्स" (VDA) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें गिफ्ट कार्ड या वाउचर के अतिरिक्त अधिकांश क्रिप्टो एसेट्स शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।**
  - **आभासी डिजिटल परिसंपत्तियाँ** मूल्य के किसी भी उस डिजिटल साधन को संदर्भित करती हैं, जिसका डिजिटल रूप से व्यापार, हस्तांतरण या **भुगतान के लिये उपयोग किया जा सकता है।**
- क्रिप्टो की विकेंद्रीकृत प्रकृति और अस्पष्टता इसे धन शोधन, आतंकवाद के वित्तपोषण और कर चोरी जैसी अवैध गतिविधियों के लिये अनुकूल बनाती है।
  - मार्च 2023 से, क्रिप्टो परिसंपत्तियों को **धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA)**, 2002 के अंतर्गत विनियमित किया जाता है, जिसके तहत एक्सचेंजों और क्रिप्टो सेवा प्रदाताओं को अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) आवश्यकताओं सहित धन शोधन विरोधी मानकों का अनुपालन करना आवश्यक है। प्रवर्तन की देखरेख वित्तीय आसूचना इकाई भारत द्वारा की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**40. (C)**

**व्याख्या:**

**भूजल में नाइट्रेट संदूषण में वृद्धि के प्रभाव:**

- **केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) की रिपोर्ट के अनुसार** समग्र भारत में भूजल प्रदूषण में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा अधिकतर ज़िलों में नाइट्रेट का स्तर अत्यधिक हो गया है।
- **राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में** नाइट्रेट संदूषण की मात्रा सबसे अधिक पाई गई, जहाँ 49%, 48% और 37% प्रतिदर्श में नाइट्रेट की मात्रा सीमा से अधिक पाई गई।
  - रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में **नाइट्रेट की समस्या हमेशा बनी रहती है,** जिसका मुख्य कारण **भूतत्त्वीय कारक** हैं, **तथा 2017 से सापेक्ष स्तर बहुत हद तक स्थिर है।**
- इस रासायनिक संदूषक से **स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है,** विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिये, साथ ही पर्यावरण संबंधी जोख़िम हैं।
  - अत्यधिक नाइट्रेट संदूषण से, विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों में, **मेथेमोग्लोबिनेमिया हो सकता है,** जिसे "ब्लू बेबी सिंड्रोम" भी कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - मेथेमोग्लोबिनेमिया एक **रक्त संबंधी दुर्लभ विकार है,** जो रक्त में मेथेमोग्लोबिन की मात्रा अत्यधिक हो जाने पर होता है, जिससे **ऊतकों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।**
  - इससे **झीलों और तालाबों में शैवालों की संवृद्धि होती हैं,** जिससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँचता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**41. (C)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA), 2023:**

- यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को **जानने और नियंत्रित करने का अधिकार** देता है। **अत:, कथन 1 सही है।**
  - इसमें उनके डेटा तक पहुँच, सुधार और उसको समाप्त करने का अधिकार शामिल है, जिससे नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी पर अधिक नियंत्रण प्राप्त होगा।
- अधिनियम में कहा गया है कि व्यक्तिगत डेटा को केवल व्यक्ति की स्पष्ट सहमति से ही संसाधित किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - संगठनों को स्पष्ट एवं विशिष्ट सहमति प्रपत्र उपलब्ध कराने होंगे तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि डेटा संग्रहण से पहले सहमति प्राप्त कर ली गई हो।
- कुछ प्रकार के संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को भारत में ही संग्रहीत और संसाधित किया जाना आवश्यक है। इस प्रावधान का उद्देश्य डेटा सुरक्षा को बढ़ाना और डेटा सुरक्षा कानूनों को सरलता से लागू करना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह अधिनियम अनुपालन की निगरानी एवं शिकायतों का समाधान करने के लिये **भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना करता है। अतः कथन 3 सही है।**
  - बोर्ड विवादों का निपटारा करने के साथ-साथ उल्लंघनों के लिये दंड लगाने के लिये भी उत्तरदायी है।

**42. (B)**

**व्याख्या:**

**ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV):**

- ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) एक **श्वसन रोग है**, जो फ्लू या सर्दी जैसे लक्षण उत्पन्न करता है, लेकिन इससे जोखिम बढ़ सकता है या ब्रोंकाइटिस या निमोनिया जैसी अधिक गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं, विशेष रूप से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और प्रतिरक्षाविहीन लोगों में।
- यह रोग **रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (RSV) के परिवार से संबंधित** है और कम से कम वर्ष 2001 से ही मौजूद है जब इसे पहली बार **नीदरलैंड में पहचाना गया** था। **अतः कथन 1 सही है।**
- HMPV **कोविड-19 के समान नहीं** है, क्योंकि यह कई दशकों से मौजूद है और वैश्विक आबादी में पिछले संक्रमणों से प्रतिरक्षा का एक स्तर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - कोविड-19 एक नया रोग था, जिसने पहले कभी मनुष्यों को संक्रमित नहीं किया था, जिससे महामारी स्तर का प्रसार हुआ।
- इसका प्रकोप ठंड के मौसम में अधिक होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**43. (B)**

**व्याख्या:**

**वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI):**

- वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI), एक **चीनी नेतृत्व वाली रूपरेखा** है, जो **सहयोगात्मक सुरक्षा, संप्रभुता के सम्मान, घरेलू मामलों में हस्तक्षेप न करने तथा अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान** पर केंद्रित है।
- यह पहल **पारंपरिक पश्चिमी नेतृत्व वाले सुरक्षा ढाँचे** को चुनौती देती है तथा **बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत** करती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**44. (A)**

**व्याख्या:**

**पैंगोंग त्सो:**

- हाल ही में **पैंगोंग त्सो के तट पर** 14,300 फीट की ऊँचाई पर **छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा का अनावरण** किया गया।
- **पैंगोंग त्सो:**
  - यह हिमालय में **एक अंतर्देशीय झील** है जो **लगभग 4,350 मीटर (14,270 फीट) की ऊँचाई पर स्थित** है।
  - यह **विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झीलों** में से एक है।
  - इसका निर्माण **भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के टकराव के कारण** एक टेक्टोनिक झील के रूप में हुआ था।
  - इस घटना के परिणामस्वरूप टेथिस महासागर का स्थान झील ने ले लिया और हिमालय का निर्माण हुआ।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**45. (B)**

**व्याख्या:**

**कॉफी:**

- **17वीं शताब्दी** के अंत में भारत में कॉफी की शुरुआत हुई; **डच** (जिन्होंने 17वीं शताब्दी में भारत के अधिकांश हिस्से पर अधिकार कर लिया था) ने पूरे देश में कॉफी की खेती के विस्तार में सहयता प्रदान की, लेकिन **19वीं शताब्दी के मध्य में अंग्रेज़ों के आने के बाद ही व्यावसायिक कॉफी** की खेती पूर्णतया फलने-फूलने लगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में कॉफी पश्चिमी एवं पूर्वी घाट के पारिस्थितिक रूप से **संवेदनशील क्षेत्रों में घनी प्राकृतिक छाया के नीचे उगाई** जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- भारत में कॉफी पारंपरिक रूप से **कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में विस्तृत पश्चिमी घाटों में उगाई** जाती है।
  - **कर्नाटक सबसे बड़ा उत्पादक** है, जो कुल कॉफी उत्पादन का **लगभग 70% उत्पादन** करता है, उसके बाद **केरल 23% उत्पादन** करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा ओडिशा के गैर-परंपरागत क्षेत्रों के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों में भी कॉफी की खेती तीव्रता से बढ़ रही है।

**46. ( C )**

**व्याख्या:**

**श्री नारायण गुरु:**

- उनका **जन्म 22 अगस्त 1856** को **केरल के चेम्पाज़ांथी** में हुआ था। वे **एझावा जाति** से थे, जिसे उस समय के सामाजिक मानदंडों के अनुसार 'अवर्ण' माना जाता था।
- उन्होंने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर **समानता, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान की वकालत** की। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उनका मुख्य विश्वास "एक जाति, एक धर्म, सभी के लिये एक ईश्वर"** के नारे में व्यक्त किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे आदि शंकराचार्य द्वारा प्रस्तुत **अद्वैतवादी दर्शन, अद्वैत वेदांत के प्रमुख समर्थक** बन गए। **अतः कथन 3 सही है।**
- उन्होंने हाशिये पर पड़े लोगों के उत्थान के लिये एक परोपकारी समाज, **श्री नारायण धर्म परिपालन योगम ( SNDP ) की स्थापना** की।
- **अरुविप्पुरम आंदोलन ( 1888 ):** उन्होंने अरुविप्पुरम में एक शिव मूर्ति स्थापित की, जो सामाजिक अन्याय, विशेष रूप से उन जाति-आधारित प्रतिबंधों के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक थी, जिसके अंतर्गत निम्न जातियों का मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित था।
- उन्होंने **वर्ष 1904 में शिवगिरी मठ की स्थापना** की।
- **साहित्यिक योगदान:** उन्होंने कई महत्वपूर्ण रचनाएँ की, जिनमें **अद्वैत दीपिका, आत्मविलासम, दैव दसकम और ब्रह्मविद्या पंचकम** शामिल हैं।

**47. ( A )**

**व्याख्या:**

**पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी ( NBS ) व्यवस्था:**

- **NBS व्यवस्था** के तहत किसानों को उर्वरकों में निहित **पोषक तत्त्वों ( N, P, K और S )** के आधार पर सब्सिडी दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। **अतः कथन I सही है।**
- इसके अतिरिक्त जो उर्वरक **मॉलिब्डेनम ( Mo ) और जिंक** जैसे **माध्यमिक एवं सूक्ष्म पोषक तत्त्वों से समृद्ध** होते हैं, उन्हें अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है।
- P&K उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा सरकार द्वारा वार्षिक आधार पर प्रत्येक पोषक तत्त्व के लिये प्रति किलोग्राम के आधार पर की जाती है, जो कि P&K उर्वरकों की अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू कीमतों, विनिमय दर, देश में इन्वेंट्री स्तर आदि को ध्यान में रखकर निर्धारित की जाती है।
- NBS नीति का उद्देश्य P&K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरक के बीच इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) हासिल किया जा सके। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या है।**

**48. ( A )**

**व्याख्या:**

**संसद के सत्र:**

- **संसद को आहूत करने का प्रावधान** संविधान के **अनुच्छेद 85** में है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संसद का सत्र आहूत करने का अधिकार सरकार के पास है। यह निर्णय **संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति** द्वारा लिया जाता है, जिसे **राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप** दिया जाता है, जिसके नाम पर सांसदों को सत्र के लिये आहूत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में **कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है**। परंपरा के अनुसार (अर्थात संविधान द्वारा प्रदान नहीं किया गया), **प्रत्येक वर्ष संसद के तीन सत्र आयोजित** किये जाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 86, राष्ट्रपति को संसद के किसी भी सदन या दोनों सदनों को संबोधित करने का अधिकार** देता है।
- सबसे लंबा, **बजट सत्र (पहला सत्र), जनवरी के अंत में शुरू** होता है और **अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह तक समाप्त** हो जाता है। सत्र में एक अवकाश होता है ताकि संसदीय समितियाँ बजटीय प्रस्तावों पर चर्चा कर सकें।
- **दूसरा सत्र, तीन सप्ताह का मानसून सत्र** है, जो आमतौर पर **जुलाई में शुरू** होता है और अगस्त में समाप्त होता है।
- **शीतकालीन सत्र (तीसरा सत्र), नवंबर से दिसंबर तक आयोजित** किया जाता है।

**49. (B)**

**व्याख्या:**

- संविधान के **अनुच्छेद 51 (A) (a)** के अनुसार **भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य** होगा कि वह संविधान का पालन करे एवं उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान करे। **अत: कथन I सही है।**
- **गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश:**
    - राष्ट्रगान का पूर्ण संस्करण निम्नलिखित अवसरों पर बजाया जाएगा: सिविल तथा सैनिक सम्मान समारोहों के अवसर पर; (ख) जब राष्ट्रीय सिलूट (जिसका तात्पर्य है राष्ट्रीय सलामी - सलामी शस्त्र का आदेश जो राष्ट्रगान के साथ ही दिया जाता है) समारोहों के अवसरों पर राष्ट्रपति को या अपने राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में राज्यपाल और उप राज्यपाल को दिया जाता है; परेड के समय चाहे उपर्युक्त (ख) में बताए गए गणमान्य व्यक्तियों में से कोई उपस्थित हो या न हो; औपचारिक राजकीय समारोहों तथा सरकार द्वारा आयोजित अन्य समारोहों और मेस समारोहों में राष्ट्रपति के आने पर तथा ऐसे समारोहों से उनके जाते समय; आकाशवाणी से राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के संदेश प्रसारित किये जाने से ठीक पहले और बाद में; राज्यपाल / उपराज्यपाल के अपने राज्य/संघ शासित क्षेत्र में औपचारिक राजकीय समारोहों में आने पर और ऐसे समारोहों से उनके जाते समय; जब राष्ट्रीय ध्वज को परेड में लाया जाए: जब रेजीमेंट को निशान प्रस्तुत किये जाएँ; नौ सेना में ध्वजारोहण के समय। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**50. (C)**

**व्याख्या:**

**कॉलेजियम प्रणाली:**

- यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो संसद के अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा नहीं, बल्कि **उच्चतम न्यायालय (SC) के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है। अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 124 और अनुच्छेद 217 उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- उच्चतम न्यायालय ने पहले ही कॉलेजियम प्रणाली को बरकरार रखा है और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) को खारिज़ कर दिया है, जिसने वर्ष 2015 में एक संविधान पीठ द्वारा न्यायिक नियुक्तियों में **सरकार को समान भूमिका दी थी। अत: कथन 3 सही है।**
- इस फैसले के विरुद्ध समीक्षा याचिका भी 2018 में खारिज़ कर दी गई थी।

**51. (A)**

**व्याख्या:**

**पवित्र उपवन:**

- पवित्र उपवन **अछूते वन भूमि के वे भाग हैं,** जिन्हें स्थानीय निवासियों द्वारा अछूता छोड़ दिया जाता है तथा स्थानीय लोगों द्वारा उनकी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के कारण संरक्षित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पवित्र उपवन किसी समय की प्रमुख वनस्पतियों के **अवशेष हैं।**
- संपूर्ण भारत में 10 लाख से अधिक पवित्र उपवन और 100,000 से 150,000 पवित्र उपवन मौजूद हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और उत्तराखंड में प्रमुख है।
- **वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972** राज्य सरकारों को किसी भी निज़ी या सामुदायिक भूमि को सामुदायिक रिज़र्व घोषित करने का अधिकार देता है, जिसके अंतर्गत पवित्र उपवनों को सामुदायिक रिज़र्व घोषित किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**52. (C)**

**व्याख्या:**

**सरकारी पहल:**

- **iGOT कर्मयोगी**, 2020 में आरंभ की गई एक पहल, सरकारी अधिकारियों को डेटा एनालिटिक्स, लोक प्रशासन और डिजिटल तकनीकों में महत्त्वपूर्ण कौशलयुक्त करने के लिये प्रमुख बन गई है। प्लेटफॉर्म के लचीले, व्यक्तिगत अधिगम में निरंतर सुधार को प्रोत्साहित करते हैं, एक महत्त्वपूर्ण विशेषता जहाँ अनुकूलनशीलता सफलता निर्धारित करती है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- ई-**ऑफिस पहल**, जो **सरकारी कार्यप्रवाह को डिजिटल बनाती है**, परिवर्तनकारी है, दस्तावेज़ पर निर्भरता को कम करती है और परिचालन दक्षता में सुधार करती है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- सरकारी **ई-मार्केटप्लेस (GeM) पहल ने क्रय प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करने** और सरकारी कार्यों को सुव्यवस्थित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**53. (A)**

**व्याख्या:**

**G7 समूह:**

- G7 की **उत्पत्ति वर्ष 1973 के तेल संकट** और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न वित्तीय संकट से हुई, जिसके कारण 6 प्रमुख औद्योगिक देशों के नेताओं को वर्ष 1975 में एक बैठक बुलाने के लिये बाध्य होना पड़ा।
  - कनाडा वर्ष 1976 में इसमें शामिल हुआ, जिसके परिणामस्वरूप G7 का गठन हुआ।
  - वर्ष 1997 में रूस के मूल सात में शामिल होने के बाद इसे विभिन्न वर्षों तक 'G8' के नाम से जाना जाता था, लेकिन वर्ष 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र पर कब्ज़ा करने के बाद रूस को सदस्य के रूप में निष्कासित कर दिये जाने के बाद इसका नाम बदलकर G7 कर दिया गया।
- G7 की चर्चा और घोषणा महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर **वैश्विक समन्वयन की दिशा को प्रभावित कर सकती हैं**। इससे अंतर्राष्ट्रीय नीतियों और प्राथमिकताओं को आकार देने में सहायता मिल सकती है। **अतः कथन I सही है।**
- G7 विश्व की सबसे विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का एक **अनौपचारिक समूह है। यानी फ्राँस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा। अतः कथन II सही है।**
  - यह **औपचारिक संधियों से बाहर कार्य करता है** और इसमें स्थायी नौकरशाही का अभाव है।
- यूरोपीय संघ (EU), IMF, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र जैसे महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

**54. (B)**

**व्याख्या:**

**सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का सिद्धांत:**

- सर्वाधिक **पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का सिद्धांत** द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् परिकल्पित **बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली** की आधारशिला है।
- इसका उद्देश्य शक्ति-आधारित (द्विपक्षीय) नीतियों के **घर्षण और विकृतियों को** नियम-आधारित ढाँचे की गारंटी के साथ प्रतिस्थापित करना है, जहाँ व्यापार अधिकार व्यक्तिगत प्रतिभागियों के आर्थिक या राजनीतिक प्रभाव पर निर्भर नहीं होंगे।
- एक देश को दी गई सर्वोत्तम पहुँच संबंधी शर्तें स्वचालित रूप से प्रणाली में अन्य सभी प्रतिभागियों के लिये **लागू होनी चाहिये।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इससे सभी को बिना किसी अतिरिक्त संवाद के प्रयास के उन रियायतों से लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिन पर वृहद् व्यापारिक साझेदारों के बीच समन्वय के माध्यम से सहमति हो सकती है।
- GATS के संदर्भ में MFN दायित्व (अनुच्छेद-II) किसी भी उपाय पर लागू होता है, जो समझौते के अंतर्गत आने वाले किसी भी क्षेत्र में **सेवाओं के व्यापार को प्रभावित करता है, चाहे विशिष्ट प्रतिबद्धताएँ की गई हों या नहीं।**
- समझौते की स्वीकृति के समय छूट मांगी जा सकती थी (शामिल होने वाले देशों के लिये: शामिल होने की तिथि)। ये **देश-विशिष्ट सूचियों में शामिल हैं**, और इनकी अवधि सिद्धांत के रूप में दस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**55. (A)**

**व्याख्या:**

**"इम्पॉसिबल ट्रिनिटी" थियोरम:**

- इम्पॉसिबल ट्रिनिटी या त्रिविधता, इस विचार को संदर्भित करती है कि कोई **अर्थव्यवस्था** एक ही समय में स्वतंत्र मौद्रिक नीति का पालन नहीं कर सकती, एक निश्चित विनिमय दर को बनाए नहीं रख सकती, तथा अपनी सीमाओं के पार पूंजी के मुक्त प्रवाह की अनुमति नहीं दे सकती।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**56. (D)**

**व्याख्या:**

**सरकारी ऋण:**

- भारत का **सरकारी ऋण** मुख्य रूप से रुपए में दर्शाया जाता है, जिसमें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्रोतों से बाह्य ऋण का योगदान बहुत कम होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- घरेलू स्तर पर जारी किये जाने वाले सरकारी बॉन्ड अधिकतर मध्यम से लंबी अवधि के होते हैं, जिनकी औसत परिपक्वता अवधि लगभग 12 वर्ष होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एन.के. सिंह समिति ने राजकोषीय नीति के लिये प्राथमिक लक्ष्य के रूप में ऋण का उपयोग करने का सुझाव दिया। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **ऋण-GDP अनुपात 60% का** लक्ष्य रखा जाना चाहिये, जिसमें केंद्र के लिये 40% और राज्यों के लिये 20% की सीमा होनी चाहिये।
    - इसमें कहा गया है कि 60% समेकित केंद्रीय और राज्य ऋण सीमा **अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है**, और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से बेहतर रेटिंग प्राप्त करने के लिये एक आवश्यक पैरामीटर है।

**57. (B)**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन समाधान:**

- **गृहमंत्री** ने हाल ही में वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिये एक **परिचालन रणनीति 'समाधान'** की घोषणा की।
- इस रणनीति के तत्व हैं - S-Smart leadership (कुशल नेतृत्व), A-Aggressive strategy (आक्रामक रणनीति), M-Motivation and training (अभिप्रेरणा एवं प्रशिक्षण), A-Actionable intelligence (अभियोज्य गुप्तचर व्यवस्था), D-Dashboard based key performance indicators and key result area (कार्ययोजना आधारित प्रदर्शन सूचकांक एवं परिणामोन्मुखी क्षेत्र), H-Harnessing technology (कारगर प्रौद्यौगिकी), A-Action plan for each threat (प्रत्येक रणनीति की कार्ययोजना) और N-No access to financing (नक्सलियों के वित्त-पोषण को विफल करने की रणनीति)।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**58. (D)**

**व्याख्या:**

- भारत, जो 3.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वर्तमान में एक **विकासशील राष्ट्र** के रूप में वर्गीकृत है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- विकसित देश से तात्पर्य एक **परिपक्व और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले राष्ट्र से है,** जिसकी विशेषता उच्च स्तर का औद्योगीकरण, तकनीकी अवसंरचना और समग्र सामाजिक कल्याण है। **अतः कथन-II सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- "विकसित" शब्द का प्रयोग इन देशों को "विकासशील" या "अविकसित" देशों से अलग करने के लिये किया जाता है, जो अभी भी आर्थिक और सामाजिक विकास की प्रक्रिया में हैं।
- **अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।**

**59. (C)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023:**

- DPDP अधिनियम 2023 किसी व्यक्ति के "व्यक्तिगत डेटा" **को संसाधित करने के लिये "सहमति" को प्राथमिक कारक मानता है। अत: कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि ऐसी सहमति "स्वतंत्र, विशिष्ट, सूचित, बिना शर्त और स्पष्ट" होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त सहमति उस "विशिष्ट उद्देश्य" तक ही सीमित होनी चाहिये जिसके लिये इसे प्राप्त किया गया है।
- **कुछ प्रकार के संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को भारत के भीतर संग्रहीत और संसाधित किया जाना** आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस प्रावधान का उद्देश्य डेटा सुरक्षा को बढ़ाना और डेटा संरक्षण कानूनों के आसान प्रवर्तन को सुगम बनाना है।
- अधिनियम अनुपालन की निगरानी और शिकायतों को निपटाने के लिये **भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना करता है**। बोर्ड विवादों का निपटारा करने और उल्लंघन के लिये दंड लगाने के लिये ज़िम्मेदार है।
- **संगठन को किसी भी डेटा उल्लंघन के बारे में व्यक्तियों और डेटा सुरक्षा बोर्ड को** सूचित करना आवश्यक है, जिससे व्यक्तिगत जानकारी से समझौता हो सकता है। इस प्रावधान का उद्देश्य डेटा लीक की स्थिति में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

**60. (C)**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI):**

- यह खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तनों को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानकर जारी किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मौद्रिक नीति समिति (MPC) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये CPI डेटा का उपयोग करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- CPI उन वस्तुओं और सेवाओं जैसे खाद्य, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि की कीमत में अंतर की गणना करता है, जिसे भारतीय उपभोक्ता उपयोग के लिये खरीदते हैं।
- CPI में विभिन्न उप-समूह हैं, जिसमें खाद्य एवं पेय पदार्थ, ईंधन एवं प्रकाश, आवास एवं वस्त्र, बिस्तर और जूते शामिल हैं।
- **CPI के चार प्रकार हैं:**
  - औद्योगिक श्रमिकों के लिये CPI (IW)।
  - कृषि मज़दूर (AL) के लिये CPI
  - ग्रामीण मज़दूर (RL) के लिये CPI
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)।
- इनमें से पहले तीन आँकड़े श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किये जाते हैं। चौथे आँकड़े सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा संकलित किये जाते हैं।

**61. (B)**

**व्याख्या:**

**परमाणु अपशिष्ट:**

- परमाणु अपशिष्ट **अधिक रेडियोधर्मी है,** इसे रिसाव को रोकने और आसपास के वातावरण को संदूषण से बचाने के लिये डिज़ाईन की गई **सुरक्षित सुविधाओं में संग्रहीत किया जाना चाहिये। अत: कथन I सही है।**
- विखंडन रिएक्टर में न्यूट्रॉन कुछ तत्वों के परमाणुओं के नाभिक पर बमबारी करते हैं। जब ऐसा कोई नाभिक न्यूट्रॉन को अवशोषित करता है, तो वह **अस्थिर हो जाता है और विघटित हो जाता है,** जिससे कुछ ऊर्जा और विभिन्न तत्वों के नाभिक निर्मित होते हैं।
  - उदाहरण के लिये जब यूरेनियम-235 (U-235) नाभिक एक न्यूट्रॉन को अवशोषित करता है, तो यह बेरियम-144, क्रिप्टन-89 और तीन न्यूट्रॉन में विखंडित हो सकता है। यदि

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

'अपशिष्ट' (बेरियम-144 और क्रिप्टन-89) ऐसे तत्वों का निर्माण करता है जो विखंडन से नहीं गुजर सकते, तो वे परमाणु अपशिष्ट बन जाते हैं।

- **व्यय हुआ ईंधन** परमाणु रिएक्टर ईंधन को संदर्भित करता है, जिसे **ऑपरेशन के दौरान विकिरणित किया गया है** और अंततः इसे निष्कासित किया जाना चाहिये क्योंकि यह परमाणु प्रतिक्रिया को बनाए रखने के लिये कुशल नहीं है। **अतः कथन II सही है।**

- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**62. (A)**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय नीति:**

- राजकोषीय नीति, अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिये सरकारी राजस्व संग्रह (मुख्य रूप से कर, लेकिन गैर-कर राजस्व जैसे विनिवेश और ऋण) एवं व्यय (खर्च) का उपयोग है।
- यदि सरकार को व्यय से अधिक राजस्व प्राप्त होता है तो वह अधिशेष में रहती है, जबकि यदि वह कर और गैर-कर प्राप्तियों से अधिक व्यय करती है तो वह घाटे में रहती है।
- अतिरिक्त व्यय को पूरा करने के लिये सरकार को घरेलू स्तर पर या विदेशों से ऋण लेने की आवश्यकता होती है। वैकल्पिक रूप से सरकार अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करने या अतिरिक्त मुद्रा छापने का विकल्प भी चुन सकती है।
- राजकोषीय नीति के माध्यम से किसी देश की सरकार अर्थव्यवस्था के संचालन के लिये **कर राजस्व और सार्वजनिक व्यय के प्रवाह को नियंत्रित करती है। अतः कथन I सही है।**
- तीव्र आर्थिक विकास प्राप्त करना भारत सरकार द्वारा तैयार की गई **राजकोषीय नीति के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। अतः कथन II सही है।**
- राजकोषीय नीति का उद्देश्य आय और धन के वितरण में असंतुलन को न्यूनतम करना है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

**63. (A)**

**व्याख्या:**

**राज्य वित्त रिपोर्ट- 2024-25 का बज़ट:**

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की रिपोर्ट** राज्य वित्त वर्ष 2024-25 के बज़ट में **राजकोषीय समेकन में राज्य सरकारों द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला,** साथ ही उच्च ऋण स्तर एवं बढ़ती सब्सिडी जैसी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**64. (A)**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 1995 के सेवा क्षेत्र में व्यापार समझौते में विधिक सेवाओं समेत** सेवाओं के आवागमन के प्रावधान शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कई क्षेत्रीय समझौतों ने इसके समर्थन के लिये रूपरेखाएँ स्थापित की हैं, जैसे कि उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (वर्ष 1994), आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ) सेवाओं पर ढाँचागत समझौता (1995), कनाडा और यूरोपीय संघ के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (2016), आदि।
  - ये संधियाँ केवल अस्थायी आधार पर और विनियामक निरीक्षण के तहत **विधिक कर्मियों की सीमापार आवागमन की अनुमति देती हैं। अतः कथन 2 सही है।**
- यूरोपीय संघ (EU) ने संघ के कानूनी बाज़ार के अधिक एकीकरण को प्रोत्साहित करने के लिये **अधिवक्ताओं की स्थापना निर्देश की शुरुआत की। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- भारत में केवल अधिवक्ता अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत नामांकित अधिवक्ताओं को ही विधिक अभ्यास करने की अनुमति है।
- उच्चतम न्यायालय ने **विदेशी अधिवक्ताओं को "फ्लाई इन और फ्लाई आउट" व्यवस्था के तहत विधिक सलाह देने के**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**लिये भारत में "आकस्मिक यात्रा" करने की अनुमति दी** और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) को इस मामले पर नियम बनाने का निर्देश दिया।

- वर्ष 2023 में BCI ने ऐसे नियम पेश किये जो विदेशी अधिवक्ताओं को भारत आने और विशिष्ट शर्तों के अधीन "पारस्परिकता" एवं **"फ्लाई इन और फ्लाई आउट" मॉडल के सिद्धांतों के आधार पर विधिक सलाह देते हैं।**

**65. (B)**

**व्याख्या:**


**पन्ना टाइगर रिज़र्व:**

- पन्ना बाघ अभयारण्य मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में **विंध्य पर्वत श्रृंखला** में स्थित है।
- **केन नदी** (यमुना नदी की एक सहायक नदी) रिज़र्व **से होकर प्रवाहित होती है।**
- यह क्षेत्र **पन्ना हीरा खनन** के लिये भी प्रसिद्ध है।
- केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना टाइगर रिज़र्व के भीतर स्थित होगी।
- जुलाई 2021 में, पन्ना टाइगर रिज़र्व को बाघ संरक्षण और प्रबंधन के लिये स्थापित अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिये राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा **संरक्षण सुनिश्चित बाघ मानक (CAITS) प्रमाण पत्र** से सम्मानित किया गया था।
- इस राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1994 में केंद्र सरकार द्वारा **प्रोजेक्ट टाइगर रिज़र्व** घोषित किया गया था।
- **यूनेस्को** ने अगस्त 2011 में पन्ना टाइगर रिज़र्व को **बायोस्फीयर रिज़र्व** के रूप में नामित किया।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**66. (C)**

**व्याख्या:**

- अंतर-बेसिन जल स्थानांतरण की अवधारणा सर्वप्रथम 130 वर्ष पहले सर आर्थर कॉटन द्वारा प्रस्तावित की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी (NWDA) की स्थापना वर्ष 1982 में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत नदी लिंक के लिये सर्वेक्षण, जाँच और व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी KBLP), वर्ष 1980 की राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत भारत की पहली नदी जोड़ो पहल है, जिसका कार्यान्वयन केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है**
    - इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश में केन नदी से अधिशेष जल को उत्तर प्रदेश में बेतवा नदी में स्थानांतरित करना है, जो दोनों यमुना की सहायक नदियाँ हैं।



TWO STATES, TWO RIVERS AND A LINK

**67. (B)**

**व्याख्या:**

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005:**

- उत्तर प्रदेश राज्य बनाम राज नारायण (1975) के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के हिस्से के रूप में सूचना के अधिकार को मान्यता दी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2019 में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) का कार्यालय सूचना का अधिकार (RTI)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

अधिनियम 2005 के तहत एक 'सार्वजनिक प्राधिकरण' है। **अतः कथन 2 सही है।**

- सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 ने मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) और सूचना आयुक्तों (IC) के कार्यकाल को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 3 वर्ष के कार्यकाल में बदल दिया, जो पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल को प्रतिस्थापित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**68. (B)**

**व्याख्या:**

**क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI):**

- यह एक **सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली** है जिसमें संगठनों से पिछले महीने की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक परिवर्ती कारकों की वजह से हुए परिवर्तन के फलस्वरूप उनकी धारणा में आए बदलाव के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है।
- PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णय **निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों** को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- इसकी विनिर्माण और सेवा सेक्टर के लिये अलग-अलग गणना की जाती है और फिर एक कंपोज़िट इंडेक्स भी बनाया जाता है।
- PMI **0 से 100 तक की संख्या** में व्यक्त किया जाता है।
- 50 से ऊपर के स्कोर का अर्थ है विस्तार, जबकि इससे नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है।
- 50 का स्कोर कोई बदलाव नहीं दर्शाता है।
- यदि पिछले महीने का PMI चालू माह के PMI से अधिक है, तो यह दर्शाता है कि **अर्थव्यवस्था संकुचित** हो रही है।
- यह आमतौर पर हर महीने की शुरुआत में जारी किया जाता है।
  - इसलिये इसे आर्थिक गतिविधि का एक अच्छा अग्रणी संकेतक माना जाता है।
- PMI को IHS मार्केट द्वारा **विश्व भर में 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं** के लिये संकलित किया गया है।
  - IHS मार्किट दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं को चलाने वाले प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों के लिये सूचना, विश्लेषण एवं समाधान हेतु एक वैश्विक मंच है।
  - IHS मार्केट **S&P ग्लोबल का हिस्सा** है।
- **अतः विकल्प बी सही है।**

**69. (A)**

**व्याख्या:**

- **ज़िम्बाब्वे** लिथियम का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **ऑस्ट्रेलिया विश्व** का **सबसे बड़ा लिथियम उत्पादक** है, जिसका वर्ष 2023 में अनुमानित उत्पादन 86,000 मीट्रिक टन रहा।
- **दक्षिण अफ्रीका में** विश्व के 90% से अधिक प्लैटिनम भंडार हैं और यह पैलेडियम एवं रोडियम जैसी अन्य प्लैटिनम समूह धातुओं (PGM) का एक प्रमुख उत्पादक है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये धातुएँ उत्प्रेरक परिवर्तकों एवं फ्यूल शेल के लिये आवश्यक हैं।
  - भारत द्वारा हाइड्रोजन फ्यूल शेल वाहनों पर बल दिये जाने के कारण, अफ्रीका से PGM आपूर्ति सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है।
- भारत वर्तमान में अपनी तेल मांग का लगभग 15% (लगभग 34 मिलियन टन), अफ्रीका से प्राप्त करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - नाइज़ीरिया एवं अंगोला जैसे देश भारत के प्रमुख तेल आपूर्तिकर्त्ता हैं।

**70. (C)**

**व्याख्या:**

- **वित्तीय अंतरण** से तात्पर्य वित्तीय संसाधनों एवं निर्णय लेने की शक्तियों को केंद्र सरकार से राज्यों को हस्तांतरित करने से है।
- **संविधान का अनुच्छेद 270** केंद्र सरकार और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय के वितरण की रूपरेखा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक पाँच वर्ष में गठित **वित्त आयोग (FC)** केंद्र सरकार के करों के विभाज्य पूल (उपकर एवं अधिभार को छोड़कर) से धन के ऊर्ध्वाधर वितरण के संबंध में सिफारिशें करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**71. ( A )**

**व्याख्या:**

**प्रवासी भारतीय दिवस ( PBD ):**

- **प्रवासी भारतीय दिवस ( PBD ) वर्ष 2003 से प्रतिवर्ष 9 जनवरी** को भारतीय प्रवासियों एवं देश के विकास में **प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान के स्मरण में** मनाया जाता है।
- इस अवसर को मनाने के लिये 9 जनवरी का दिन इसलिये चुना गया क्योंकि वर्ष 1915 में इसी दिन **महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे** थे और उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था।
- वर्ष 2015 से इसके प्रारूप को संशोधित कर **प्रत्येक दो वर्ष में एक बार प्रवासी भारतीय दिवस मनाना शुरू किया गया** तथा इस अवधि में विषय-आधारित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**72. ( D )**

**व्याख्या:**

**Mpox:**

- Mpox, जिसे मंकीपॉक्स के नाम से भी जाना जाता है, एक DNA वायरस है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह ***पोक्सविरिडे*** **परिवार** से संबंधित है, जिसमें बड़े, डबल-स्ट्रैंडेड DNA वायरस होते हैं।
- इस वायरस की **पहचान सर्वप्रथम वर्ष 1958 में बंदरों में हुई थी,** लेकिन अब यह मनुष्यों को भी संक्रमित करता पाया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- Mpox मुख्य रूप से पशुओं, विशेषकर कृंतकों और प्राइमेट्स से सीधे संपर्क या दूषित वस्तुओं के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है।
    - हालाँकि Mpox यौन संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, लेकिन इसे यौन संचारित रोग नहीं माना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- मनुष्यों में Mpox संक्रमण आम तौर पर **बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द** और एक विशिष्ट दाने के साथ होता है जो मैक्यूल्स से लेकर पपल्स और फिर वेसिकल्स और पस्ट्यूल्स तक बढ़ता है।

**73. ( C )**

**व्याख्या:**

- **प्राथमिक तरंगें** भूकंपीय तरंगों में सबसे तेज़ होती हैं, ये ध्वनि तरंगों के समान होती हैं जो **गैसों, तरल पदार्थों और ठोस पदार्थों से होकर गुज़रती हैं** तथा सतह पर सबसे पहले पहुँचती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **प्रेम तरंगें** क्षैतिज तरंगें होती हैं, जिनकी गति पार्श्व दिशा में होती है तथा ये रेले तरंगों से तेज़ होती हैं और इनमें **कोई ऊर्ध्वाधर विस्थापन नहीं होता है**। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रेले तरंगें** भूकंपीय तरंगें हैं जो अंडाकार भूगर्भीय गति का कारण बनती हैं, ये तरंगें सबसे अधिक फैलती हैं तथा एक ऊर्ध्वाधर तल में लंबवत और क्षैतिज रूप से चलती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**74. ( A )**

**व्याख्या:**

**आर्यभट्ट:**

- **आर्यभट्ट ( 476-550 ई. )** भारतीय गणित और भारतीय खगोल विज्ञान के शास्त्रीय युग के **प्रमुख गणितज्ञ-खगोलविदों** में से प्रथम थे।
- उनके कार्यों में आर्यभट्ट्य (499 ई.पू.) और **आर्य-सिद्धांत शामिल हैं।**
- उन्हें **'पाई' के निकटतम अनुमानित मान की गणना के लिये जाना जाता है।**
- उन्होंने सबसे पहले बताया कि चंद्रमा और ग्रह सूर्य के प्रकाश के परावर्तन के कारण चमकते हैं।
- उन्होंने **गणित में स्थान-मूल्य प्रणाली का प्रयोग किया,** जिसने बाद में दशमलव प्रणाली के औपचारिकीकरण की नींव रखी।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**75. (C)**

**व्याख्या:**

**69वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1991:**

- दिल्ली प्रारंभ में संविधान की **अनुसूची 1 में सूचीबद्ध एक केंद्रशासित प्रदेश था, किंतु** संविधान (69 वें संशोधन) अधिनियम, 1991 के माध्यम से **अनुच्छेद 239AA के तहत इसका नाम बदलकर "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" कर दिया गया।**
  - भारतीय संविधान में 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 द्वारा **अनुच्छेद 239AA जोड़ा गया**, जिससे दिल्ली एक केंद्रशासित प्रदेश बन गया, जिसमें एक विधानसभा होगी और विधानसभा की सहायता तथा सलाह से एक उपराज्यपाल इसका प्रशासन करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'सहायता और सलाह' खंड केवल राज्य तथा समवर्ती सूची के तहत मामलों पर लागू होता है, जिसमें सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस एवं भूमि शामिल नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**76. (A)**

**व्याख्या:**

**दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016:**

- **दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016** की **धारा 48** केंद्र और राज्य सरकारों को सभी सामान्य योजनाओं और कार्यक्रमों का **नियमित रूप से सामाजिक ऑडिट करने का आदेश देती है** ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका दिव्यांग व्यक्तियों की ज़रूरतों और चिंताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। **अतः कथन I सही है।**
- **सामाजिक ऑडिट** सरकार और सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही को विकसित करने तथा मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **अतः कथन-II सही है।**
- **उदाहरण के लिये, विकलांग व्यक्तियों को सहायता प्रौद्योगिकियाँ** प्रदान करने वाली योजनाओं की नियमित सामाजिक लेखा परीक्षा से सेवाओं के वितरण में आने वाली बाधाओं का आकलन किया जा सकता है, व्यक्तियों की बदलती ज़रूरतों की पहचान की जा सकती है और बेहतर उपकरण प्रदान किये जा सकते हैं।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

**77. (B)**

**व्याख्या:**

- ***केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य*** (1962) में न्यायालय ने 'सरकार के प्रति निष्ठाहीनता' को 'सरकार और उसकी नीतियों की कड़ी आलोचना' से अलग किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2022 में, भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अधिनियमित होने से पहले, सुप्रीम कोर्ट ने **भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124 A (राजद्रोह) के तहत लंबित आपराधिक मुकदमों और अदालती कार्यवाही को तब तक के लिये निलंबित कर दिया था** जब तक कि सरकार कानून पर पुनर्विचार नहीं कर लेती। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ***बलवंत सिंह एवं अन्य बनाम पंजाब राज्य*** (1995) मामले में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि **आकस्मिक नारेबाज़ी तब तक राजद्रोह नहीं है,** जब तक कि इस कृत्य और इसके हानिकारक परिणामों के बीच कोई सीधा संबंध न हो।
- इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने मौखिक घोषणा की कि 'राजद्रोह' को अपराध के रूप में समाप्त कर दिया जाएगा।
- BNA की धारा 152, **अलगाव**, सशस्त्र विद्रोह और विध्वंसकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले किसी भी कृत्य को अपराध मानती है।
- यह अलगाववाद की भावनाओं को प्रोत्साहित करने या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले **कृत्यों को भी अपराध मानता है।**
- राजस्थान उच्च न्यायालय ने ***तेजेंदर पाल सिंह बनाम राजस्थान राज्य*** (2024) मामले में, भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 152 को वैध असहमति को दबाने के उपकरण के रूप में उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

**78. (D)**

**व्याख्या:**

- **संविधान का अनुच्छेद 5** परिभाषित करता है कि कौन भारत का नागरिक है, यह नागरिकता जन्म, माता-पिता की नागरिकता

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

या भारत में निश्चित अवधि तक निवास के आधार पर प्राप्त की जा सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **भारतीय कानून के अनुसार** किसी दूसरे देश की नागरिकता प्राप्त करने पर भारतीय राष्ट्रीयता त्यागना आवश्यक है, जिसका अर्थ है भारत में **राजनीतिक अधिकार समाप्त होना। अतः कथन 2 सही है।**

**79. (A)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB):**

- संसाधन मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय) के तहत स्थापित (CGWB), भारत में भूजल संसाधनों के **प्रबंधन,** अन्वेषण, निगरानी, आकलन और विनियमन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
- वर्ष 1970 में स्थापित, CGWB का गठन आरंभ में अन्वेषणात्मक नलकूप संगठन का नाम बदलकर किया गया था और बाद में वर्ष 1972 में इसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के भूजल विंग के साथ विलय कर दिया गया।
- CGWB **भूजल प्रबंधन के लिये वैज्ञानिक विशेषज्ञता प्रदान करता है,** जिसमें अन्वेषण, निगरानी और जल की गुणवत्ता के आकलन शामिल है।
- यह भूजल स्तर को बढ़ाने के लिये **कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन की योजनाओं को भी क्रियान्वित करता है ।**
- CGWB राज्य और ज़िला जल-भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, भूजल वर्ष पुस्तिका और एटलस जारी करता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**80. (B)**

**व्याख्या:**

**भूकंप:**

- भूकंप धरती का हिलना है। यह एक प्राकृतिक घटना है। यह **ऊर्जा के निकलने के कारण होता है, जिससे तरंगें उत्पन्न होती हैं** जो सभी दिशाओं में फैलती करती हैं।
- हाइपोसेंटर पृथ्वी की सतह के नीचे वह बिंदु है जहाँ से भूकंप शुरू होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भूकंप का केंद्र भूकंप की उत्पत्ति के ठीक ऊपर **सतह बिंदु होता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**भ्रंश क्षेत्र:**

- ऊर्जा **एक भ्रंश के साथ मुक्त होती है,** जो क्रिस्टलीय चट्टानों में एक तीव्र दरार है। **अतः कथन 3 सही है।**
- भ्रंश के किनारे स्थित चट्टानें विपरीत दिशाओं में गति करती हैं। जैसे ही ऊपर की चट्टानें उन पर दबाव डालती हैं, घर्षण उन्हें आपस में बाँध देता है।
- हालाँकि किसी समय अलग होने की उनकी प्रवृत्ति घर्षण पर काबू पा लेती है। परिणामस्वरूप, ब्लॉक विकृत हो जाते हैं और अंततः वे अचानक एक-दूसरे के ऊपर से खिसक जाती हैं।
- इससे ऊर्जा के उत्सर्जन के रूप में भूकंप आते हैं, तथा **ऊर्जा तरंगें सभी दिशाओं में फैलती हैं।**

**81. (B)**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):**

- यह दुनिया का **पहला स्थायी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है,** जो रोम संविधि (एक अंतरराष्ट्रीय संधि) द्वारा शासित है। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
- यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिये चिंता के सबसे गंभीर अपराधों जैसे नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध और आक्रामकता के अपराधों के आरोप में व्यक्तियों की जाँच तथा मुकदमा चलाता है। **इसलिये, कथन 2 सही है।**
- ICC एक संयुक्त राष्ट्र (UN) का संगठन नहीं है, लेकिन इसका संयुक्त राष्ट्र (UN) के साथ सहयोग समझौता है। **इसलिये, कथन 3 सही नहीं है।**

**82. (C)**

**व्याख्या:**

**स्थानीय शासन:**

- 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 नगर पालिकाओं के चुनावी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप पर रोक लगाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 243ZG अदालतों को चुनावी मामलों में हस्तक्षेप करने से रोकता है।**
    - इसमें कहा गया है कि कोई भी अदालत निर्वाचन क्षेत्रों में सीटों के आवंटन या निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

संबंधित किसी भी कानून की वैधता पर सवाल नहीं उठा सकती है।

- इसमें यह भी कहा गया है कि किसी नगरपालिका के चुनाव पर राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार प्राधिकारी को प्रस्तुत चुनाव याचिका के अलावा प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।

- 74 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से **अनुच्छेद 243U** शहरी स्थानीय सरकारों के लिये **पाँच वर्ष का कार्यकाल अनिवार्य करता है। इसलिये, कथन 2 सही है।**
- **सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश राज्य**, 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि वार्ड परिसीमन चुनाव में देरी के लिये **एक वैध बहाना नहीं हो सकता है** और राज्य चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि वर्तमान निकाय का कार्यकाल समाप्त होने से पहले एक नया निकाय स्थापित करने के लिये चुनाव समय पर हों। **इसलिये, कथन 3 सही है।**

**83. (A)**

**व्याख्या:**

**स्वामी विवेकानंद:**

- उनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को नरेन्द्रनाथ दत्ता के रूप में हुआ था।
- राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।
- वर्ष 1893 में खेतड़ी स्टेट के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने अपना नाम 'विवेकानंद' रख लिया।
- **उन्होंने विश्व को वेदांत और योग** के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
  - उन्होंने 'नव-वेदांत' का प्रचार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण से हिंदू धर्म की **व्याख्या थी तथा वे आध्यात्मिकता को भौतिक प्रगति के साथ जोड़ने में विश्वास करते थे।**
  - उन्होंने हमारी मातृभूमि के पुनरुद्धार के लिये शिक्षा पर सबसे अधिक ज़ोर दिया। उन्होंने मानव-निर्माण और चरित्र-निर्माण वाली शिक्षा को बढ़ावा दिया।
- उन्हें वर्ष **1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिये गए भाषण के लिये जाना जाता है।**
  - **उन्होंने अपनी पुस्तकों में सांसारिक सुख और आसक्ति से मोक्ष प्राप्त करने के चार मार्ग** बताए - राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्तियोग।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने विवेकानंद को **"आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था।**
- **वह 19वीं सदी के रहस्यवादी रामकृष्ण परमहंस** के मुख्य शिष्य थे और उन्होंने वर्ष 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी।
- वर्ष 1899 में उन्होंने बेलूर मठ की स्थापना की जो उनका स्थायी निवास बन गया।
  - वर्ष 1902 में बेलूर मठ में उनकी मृत्यु हो गई। पश्चिम बंगाल में स्थित बेलूर मठ, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**84. (B)**

**व्याख्या:**

**विवाह करने का अधिकार:**

- भारतीय संविधान के तहत विवाह करने के अधिकार को मौलिक या संवैधानिक अधिकार के रूप में **नहीं बल्कि वैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। इसलिये, कथन I सही है।**
- यद्यपि विवाह को विभिन्न वैधानिक अधिनियमों के माध्यम से विनियमित किया जाता है, लेकिन मौलिक अधिकार के रूप में इसकी मान्यता भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णयों के माध्यम से ही विकसित हुई है।
  - संविधान के अनुच्छेद 141 के अंतर्गत कानून की ऐसी घोषणा पूरे भारत में सभी न्यायालयों पर बाध्यकारी है।
- **मौलिक अधिकार के रूप में विवाह ( शफीन जहां बनाम अशोकन केएम और अन्य 2018 ):**
  - **मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 16** और **पुट्टस्वामी मामले, 2017** का हवाला देते हुए सर्वोच्च

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

न्यायालय ने माना कि अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अभिन्न अंग है। **इसलिये, कथन II सही है।**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद** 16 (2) में प्रावधान है कि धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास या इनमें से किसी के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता।

- **LGBTQ समुदाय को सभी संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं (नवजात सिंह जौहर एवं अन्य बनाम भारत संघ 2018):**
  - सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि LGBTQ समुदाय के सदस्य "अन्य सभी नागरिकों की तरह संविधान द्वारा संरक्षित स्वतंत्रता सहित संवैधानिक अधिकारों की पूरी शृंखला के हकदार हैं" और समान नागरिकता तथा "कानून के समान संरक्षण" के हकदार हैं।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**85. (C)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी अधिनियम), 2023:**

- यह **व्यक्तियों को** अपने व्यक्तिगत डेटा को नियंत्रित करने का अधिकार देता है, जिसमें पहुँच, सुधार और मिटाने के अधिकार शामिल हैं। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
- इसमें डेटा प्रोसेसिंग के लिये स्पष्ट सहमति फॉर्म के साथ स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है। **इसलिये, कथन 2 सही है।**
- सुरक्षा और प्रवर्तन के लिये संवेदनशील डेटा को भारत में ही संगृहीत तथा संसाधित किया जाना चाहिये।
- अनुपालन और शिकायत निवारण के लिये भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (डीपीबीआई) की स्थापना की गई।
- संगठनों को डेटा उल्लंघनों के बारे में व्यक्तियों और DPBI को सूचित करना होगा।
- डेटा संरक्षण मानकों को लागू करने में विफलता पर कठोर दंड।

**86. (B)**

**व्याख्या:**

**हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस की विशेषताएं:**

- हल्के **लड़ाकू विमान (LCA) कार्यक्रम की** शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 1984 में की गई थी, जब उन्होंने एलसीए कार्यक्रम के प्रबंधन के लिये **एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) की स्थापना की थी।**
- इसने पुराने हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह ली।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के अंतर्गत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) द्वारा डिज़ाइन किया गया।
- इसका निर्माण राज्य स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा किया गया है।

**विशेषताएँ:**

- अपनी श्रेणी का सबसे हल्का, सबसे छोटा और बिना पूँछ वाला बहु-भूमिका वाला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान।
- इसे हवा-से-हवा, हवा से सतह, सटीक निर्देशित हथियारों को ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- हवा से हवा में ईंधन भरने की क्षमता।
- अधिकतम पेलोड क्षमता 4000 किलोग्राम.
- यह अधिकतम 1.8 मैक की गति प्राप्त कर सकता है।
- विमान की मारक क्षमता 3,000 किमी है
- **अतः विकल्प B सही है।**

**87. (B)**

**व्याख्या:**

**सरकारी प्रतिभूतियाँ (जी-सेक):**

- जी-सेक (G-Sec) केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी किया जाने वाला एक **व्यापार योग्य साधन है।**
- जी-सेक एक प्रकार का ऋण साधन है जिसे **सरकार** अपने राजकोषीय घाटे को वित्तपोषित करने के लिये जनता से धन उधार लेने के लिये जारी करती है। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
  - ऋण साधन एक वित्तीय साधन है जो जारीकर्त्ता द्वारा धारक को एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित राशि, जिसे मूलधन या अंकित मूल्य के रूप में जाना जाता है, का भुगतान करने के लिये संविदात्मक दायित्व का प्रतिनिधित्व करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह सरकार के ऋण दायित्व को स्वीकार करता है।
- ऐसी प्रतिभूतियाँ अल्पकालिक होती हैं (जिन्हें आमतौर पर ट्रेजरी बिल कहा जाता है, जिनकी मूल परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है - वर्तमान में तीन अवधियों में जारी की जाती हैं अर्थात् 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन) या दीर्घकालिक (जिन्हें आमतौर पर सरकारी बॉन्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ कहा जाता है जिनकी मूल परिपक्वता एक वर्ष या उससे अधिक होती है)।
- भारत में, **केंद्र सरकार ट्रेजरी बिल** और बॉन्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों जारी करती है जबकि राज्य सरकारें केवल बॉन्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ जारी करती हैं, जिन्हें **राज्य विकास ऋण (एसडीएल) कहा जाता है। इसलिये, कथन 2 सही नहीं है।**
- जी-सेक में व्यावहारिक रूप से डिफ़ॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है और इसलिये, इन्हें जोखिम-मुक्त गिल्ट-एज्ड इंस्ट्रूमेंट कहा जाता है। **इसलिये, कथन 3 सही है।**
  - **गिल्ट-एज्ड प्रतिभूतियाँ** उच्च-श्रेणी के निवेश बॉन्ड हैं, जो सरकारों और बड़ी कंपनियों द्वारा धन उधार लेने के साधन के रूप में पेश किये जाते हैं।

**88. (D)**

**व्याख्या:**

- **भारत के राष्ट्रपति** केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष हैं। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
  - कुलाध्यक्ष को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं के निरीक्षण को अधिकृत करने का अधिकार है।
- केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति नाममात्र के प्रमुख होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा कुलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है। **इसलिये, कथन 2 सही है।**

**89. (B)**

**व्याख्या:**

**सिलीगुड़ी कॉरिडोर:**

- सिलीगुड़ी कॉरिडोर भूमि का एक संकरा विस्तार है, जो लगभग 60 किलोमीटर लंबा और 17-22 किलोमीटर चौड़ा है। **इसकी संकरी आकृति के कारण इसे 'चिकन नेक' कहा जाता है।**
- नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के बीच स्थित यह भारत और उसके पूर्वोत्तर राज्यों के बीच **एकमात्र स्थलीय संपर्क मार्ग है।**
- यह **सैन्य रसद में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है** तथा सड़क और रेलवे नेटवर्क के लिये प्रमुख मार्ग प्रदान करता है, जिससे सशस्त्र बलों के आवागमन में सुविधा होती है।
- सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक पहुँच न होने से भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र अलग-थलग पड़ जाएगा, जिससे आपूर्ति लाइनें और सुदृढ़ीकरण बाधित हो जाएंगे।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**90. (C)**

**व्याख्या:**

**कुंभ मेला:**

- कुंभ मेला 12 वर्षों के दौरान **चार बार आयोजित किया जाता है। इसलिये, कथन 1 सही है।**
- हरिद्वार और प्रयागराज में, अर्ध-कुंभ मेला हर छठे वर्ष आयोजित किया जाता है।
- महाकुंभ मेला 144 वर्षों (12 'पूर्ण कुंभ मेलों' के बाद) के बाद प्रयाग में मनाया जाता है।
- **प्रयागराज में हर साल** माघ (जनवरी-फरवरी) महीने में माघ कुंभ मनाया जाता है।
- **आदि शंकराचार्य** द्वारा प्रतिपादित महाकुंभ मेले की उत्पत्ति पुराणों से हुई है, जिसमें देवताओं और राक्षसों के बीच अमृत के पवित्र घड़े के लिये संघर्ष का वर्णन है, जिसमें भगवान विष्णु (मोहिनी रूप में) उसे राक्षसों से बचाते हैं।
- **मौर्य और गुप्त काल** (चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी) के दौरान कुंभ मेले की शुरुआत भारतीय उपमहाद्वीप के **तीर्थ यात्रियों की छोटी-छोटी सभाओं के रूप में हुई।**
  - हिंदू धर्म के उदय के साथ इसका महत्त्व बढ़ता गया, विशेषकर गुप्त जैसे शासकों के अधीन, जिन्होंने इसकी प्रतिष्ठा को और बढ़ाया।
- **पुष्यभूति वंश के राजा हर्षवर्द्धन ने** प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन शुरू किया था। **इसलिये, कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- चोल और विजयनगर साम्राज्यों, दिल्ली सल्तनत और मुगलों जैसे शाही राजवंशों नए भी इसका समर्थन किया।
- **अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया** और वर्ष 1565 में नागा साधुओं को मेले में शाही प्रवेश का नेतृत्व करने का सम्मान किया। **अतः कथन 3 सही है।**
- कुंभ मेले के स्तर और विविधता से प्रभावित ब्रिटिश प्रशासकों ने इस उत्सव का अवलोकन किया और उसका दस्तावेज़ीकरण किया।
    - 19 वीं शताब्दी में जेम्स प्रिंसेप ने इसकी अनुष्ठानिक प्रथाओं और सामाजिक-धार्मिक गतिशीलता का वर्णन किया।
- कुंभ मेला राष्ट्रीय एकता और भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, **जिसे 2017 में यूनेस्को द्वारा** इसकी प्राचीन परंपराओं के लिये मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी गई है।

**91. (B)**

**व्याख्या:**

**स्वामी विवेकानंद:**

- वेदांत कहता है कि परम सत्य **ब्रह्म एक और अविभाज्य है,** जो प्रत्येक जीव में विद्यमान है। **इसलिये, कथन I सही है।**
    - यह गहन समझ, व्यक्तियों, राष्ट्रों और यहाँ तक कि मानवता और प्रकृति के बीच की विभाजन की रेखाओं को मिटा देती है।
- **स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएँ** वेदांत दर्शन में गहराई से निहित थीं और समय तथा भूगोल की बाधाओं को पार करती थीं। **इसलिये, कथन II सही है।**
- उनका मानना था कि भारत की सबसे बड़ी **शक्ति वेदांत के सिद्धांतों में निहित है,** जो **सभी प्राणियों के परस्पर संबंध** और प्रत्येक व्यक्ति में निहित दिव्यता की घोषणा करते हैं।
- स्वामी विवेकानंद के लिये, भारत केवल एक प्राचीन गौरवशाली राष्ट्र नहीं था; यह विश्व का आध्यात्मिक हृदय था, जो अपने ज्ञान की संपदा को **साझा करके मानवता का नेतृत्व करने के लिये तैयार था।**
- उनका दृष्टिकोण प्रभुत्व या गर्व के बारे में नहीं था, बल्कि **मानवता के उत्थान के लिये एक गहन ज़िम्मेदारी के बारे में था।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**92. (C)**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 19(1)(A) सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार के रूप में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। इसलिये, कथन 1 सही है।**
- **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951 की धारा 8,** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अवैध उपयोग के दोषी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकती है। **इसलिये, कथन 2 सही है।**
- **नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम,** 1955 शब्दों के माध्यम से अस्पृश्यता को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने पर दंड का प्रावधान करता है, चाहे वह मौखिक या लिखित हो या संकेतों या दृश्य चित्रणों द्वारा या अन्य माध्यम से हो। **इसलिये, कथन 3 सही है।**

**93. (D)**

**व्याख्या:**

- **चूहा-छेद खनन** कोयला निकालने का एक अवैध और अत्यधिक खतरनाक तरीका है, जो भारत के कुछ इलाकों में प्रचलित है। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय **हरित अधिकरण (NGT) ने** चूहा-छेद खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 23C** के अनुसार , राज्य सरकारों को खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिये नियम बनाने का अधिकार है।" **अतः कथन 3 सही है।**

**94. (A)**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले दो वर्षों के लिये 2,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ **'मिशन मौसम' को मंज़ूरी दी है, ताकि चरम मौसम की घटनाओं** और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की भविष्यवाणी करने और उनसे निपटने की भारत की क्षमता को बढ़ाया जा सके।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **फोकस क्षेत्र:** इसमें सटीकता, मॉडलिंग, रडार, उपग्रह और सटीक कृषि मौसम पूर्वानुमान शामिल हैं।
    - इससे **नागरिकों सहित हितधारकों को** चरम मौसम की घटनाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी तथा समुदाय की सहनशीलता बढ़ेगी।
- **मिशन के घटक:**
    - उन्नत सेंसरों के साथ अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रह प्रणालियों की तैनाती
    - उन्नत पृथ्वी प्रणाली मॉडल का विकास
    - वास्तविक समय डेटा साझा करने के लिये जीआईएस-आधारित स्वचालित निर्णय समर्थन प्रणाली
- **कार्यान्वयन और समर्थन:** मिशन का कार्यान्वयन **भारत मौसम विज्ञान विभाग ( आईएमडी ),** भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र द्वारा किया जाएगा - जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के तहत तीन प्रमुख संस्थान हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**95. ( B )**

**व्याख्या:**

**गिनी सूचकांक:**

- गिनी सूचकांक यह मापता है कि किसी अर्थव्यवस्था में व्यक्तियों या परिवारों के बीच आय या उपभोग का वितरण किस हद तक पूरी तरह से समान वितरण से विचलित होता है। **इसलिये, कथन 1 सही है।**
- 0 का गिनी सूचकांक पूर्ण समानता को दर्शाता है, जबकि 100 का सूचकांक पूर्ण असमानता को दर्शाता है। **इसलिये, कथन 2 सही नहीं है।**
- गिनी इंडेक्स **लोरेंज वक्र** और पूर्ण समानता की एक काल्पनिक रेखा के बीच के क्षेत्र को मापता है, जिसे रेखा के नीचे अधिकतम क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। **इसलिये, कथन 3 सही है।**

**96. ( A )**

**व्याख्या:**

- आधार वर्ष एक विशिष्ट संदर्भ वर्ष होता है जिसके आधार पर आगामी और पूर्ववर्ती वर्षों के **सकल घरेलू उत्पाद ( GDP ) के आँकड़ों की गणना की जाती है। इसलिये, कथन I सही है।**
- यह एक **स्थिर संदर्भ बिंदु प्रदान करता है** और आर्थिक प्रदर्शन को मापने के लिये एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है तथा समय के साथ तुलना करने की अनुमति देता है। **इसलिये, कथन II सही है।**
    - GDP के आँकड़ों को किसी विशिष्ट वर्ष से जोड़कर, विश्लेषक आर्थिक प्रदर्शन में प्रवृत्ति और बदलावों की सटीक व्याख्या कर सकते हैं।
- आधार वर्ष एक सामान्य वर्ष होना चाहिये अर्थात इसमें कोई असामान्य घटना जैसे सूखा, बाढ़, भूकंप, महामारी आदि नहीं होनी चाहिये। साथ ही यह अतीत में बहुत दूर भी नहीं होना चाहिये।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**97. ( A )**

**व्याख्या:**

**गिरमिटिया:**

- प्रत्येक दो वर्ष में 9 जनवरी को मनाया जाने वाला **प्रवासी भारतीय दिवस ( PBD )** एक उल्लेखनीय आयोजन है जिसके तहत भारतीय प्रवासियों द्वारा अपनी मातृभूमि के लिये दिये गए योगदान पर प्रकाश डाला जाता है।
- 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन ओडिशा द्वारा 8 से 10 जनवरी 2025 तक किया गया जिसका विषय '**विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान**' है।
    - प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने **गिरमिटिया ( स्वतंत्रता-पूर्व भारत के गिरमिटिया**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

मजदूर) के महत्त्व पर प्रकाश डाला**, जिन्हें फिजी, मॉरीशस, त्रिनिदाद और टोबैगो आदि देशों में भेजा गया था।

- इन्होंने यह भी सुझाव दिया गया कि गिरमिटिया समुदाय का एक **व्यापक डाटाबेस बनाया जाए।**

- **अत: विकल्प A सही है।**

**98. (C)**

**व्याख्या:**

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951:**

- यह निष्पक्ष और नैतिक निर्वाचन प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये **चुनाव प्रक्रियाओं, उम्मीदवार की पात्रता, राजनीतिक दल पंजीकरण एवं अयोग्यता संबंधी मानदंडों** की रूपरेखा दी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सत्ता के दुरुपयोग को रोकने पर केंद्रित है क्योंकि इसके तहत नियम बनाने के लिये "निर्वाचन आयोग के परामर्श" को आवश्यक किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**99. (C)**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान):**

- यह भारत के सभी भूमि-धारक किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक **केंद्रीय क्षेत्रक योजना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की आय सहायता मिलती है, जो 2,000 रुपए की **तीन बराबर किस्तों** में वितरित की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पात्र किसान परिवारों की पहचान करने की ज़िम्मेदारी योजना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए **राज्य सरकारों एवं केंद्रशासित प्रदेशों (UT)** के प्रशासनों पर है। **अत: कथन 3 सही है।**

**100. (B)**

**व्याख्या:**

**सीमा सुरक्षा बल (BSF):**

- BSF की **स्थापना वर्ष 1965 में** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद की गई थी।
- यह गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत भारत संघ के **सात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक** है।
- अन्य केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं: असम राइफल्स (AR), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG), और सशस्त्र सीमा बल (SSB)।
- 2.65 लाख जवानों वाला यह बल **पाकिस्तान और बांग्लादेश** सीमा पर तैनात है।
- इसे भारतीय सेना के साथ भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (LOC) पर तथा नक्सल विरोधी अभियानों में तैनात किया गया है।
- BSF अपने अत्याधुनिक जलयान बेड़े के साथ **अरब सागर में सरक्रीक और बंगाल की खाड़ी** में सुंदरवन डेल्टा की देख रेख करता है।
- यह प्रत्येक वर्ष अपने प्रशिक्षित जनशक्ति का एक बड़ा दल भेजकर **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन** में समर्पित सेवाएँ प्रदान करता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**101. (B)**

**व्याख्या:**

**सियांग नदी:**

- हाल ही में भारत ने ब्रह्मपुत्र पर विश्व के सबसे बड़े जलविद्युत बाँध को चीन द्वारा मंज़ूरी दिये जाने पर चिंता जताई, जिससे **भारत की सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना** की योजना को बढ़ावा मिला।
- यह अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग ज़िले में **सियांग नदी (ब्रह्मपुत्र नदी की एक प्रमुख सहायक नदी)** के पास स्थित है।
- **तिब्बत में कैलाश पर्वत** के निकट यारलुंग त्सांगपो के रूप में निकलने वाली सियांग नदी पूर्व की ओर 1,000 किलोमीटर से अधिक तक बहती है।
- यह अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले **नमचा बरवा चोटी के चारों ओर एक घोड़े की नाल के** आकार का मोड़ बनाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- असम में यह दिबांग और लोहित नदियों के साथ मिलकर ब्रह्मपुत्र बन जाती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**102. ( A )**

**व्याख्या:**

**नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ( CAG ):**

- संविधान के अनुच्छेद 148 के अनुसार भारत का CAG भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (IA-AD) का प्रमुख होता है। वह सार्वजनिक खजाने की सुरक्षा और केंद्र तथा राज्य दोनों स्तरों पर वित्तीय प्रणाली की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार होता है।
- भारत का CAG नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 द्वारा शासित होता है, जिसमें वर्ष 1976, 1984 और 1987 में महत्त्वपूर्ण संशोधन किये गए।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा अपने हस्ताक्षर एवं मुहर सहित एक वारंट द्वारा की जाती है।
    - पद **छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक**, जो भी पहले हो, पद पर बना रहता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- CAG को **केवल संवैधानिक प्रक्रिया** के तहत **राष्ट्रपति** द्वारा हटाया जा सकता है, राष्ट्रपति की इच्छा से नहीं।
- CAG पद छोड़ने के बाद भारत सरकार या किसी राज्य के अधीन **किसी भी अन्य कार्यालय के लिये अयोग्य** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CAG भारत की संचित निधि और राज्य निधि से व्यय से संबंधित खातों का लेखा-परीक्षण करता है।
    - यह सरकारी निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा वित्तपोषित निकायों के खातों का भी ऑडिट करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**103. ( A )**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' ( PMUY ):**

- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ( MOPNG ) ने 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' ( PMUY )** को एक **प्रमुख योजना** के रूप में पेश किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन जैसे- LPG उपलब्ध कराना है, जो अन्यथा खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन जैसे काष्ठ, कोयला, गोबर के उपले आदि का उपयोग कर रहे थे। **अत: कथन-I सही है।**
- खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन के उपयोग से ग्रामीण महिलाओं के **स्वास्थ्य** के साथ-साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ा है। **अत: कथन-II सही है।**
- **उद्देश्य:**
    - महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना।
    - भारत में खाना पकाने के अशुद्ध ईंधन के उपयोग के कारण होने वाली मौतों की संख्या में कमी लाना।
    - जीवाश्म ईंधन के दहन से उत्पन्न इनडोर वायु प्रदूषण के कारण होने वाली श्वसन संबंधी अनेक गंभीर बीमारियों से छोटे बच्चों का संरक्षण करना।
- **विशेषताएँ:**
    - इस योजना के तहत BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
    - उज्ज्वला 2.0 योजना के तहत लाभार्थियों को बिना किसी जमा राशि के LPG कनेक्शन के साथ-साथ पहली रिफिल और एक हॉटप्लेट भी नि:शुल्क प्रदान की जाती है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**104. ( A )**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य ( MSP ) पर समितियाँ:**

- **कृषि मूल्य आयोग ( APC )** का गठन वर्ष 1965 में **कृषि वस्तुओं के लिये MSP की अनुशंसा करने के लिये की गई थी** और बाद में इसका नाम बदलकर कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) कर दिया गया, जो वर्तमान में गेहूँ, चावल, दलहन, तिलहन और कपास सहित 23 फसलों के लिये MSP का सुझाव देता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **राष्ट्रीय किसान आयोग ( NCF )** का गठन किसानों के मुद्दों को संबोधित करने और उनके कल्याण के लिये नीतियों की सिफारिश करने के लिये वर्ष 2004 में एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में किया गया था, जिसमें उत्पादन लागत पर **न्यूनतम 50% लाभ निर्धारित करने का प्रस्ताव भी शामिल था।**
- वर्ष **2014 में गठित शांता कुमार समिति** ने भारतीय खाद्य निगम (FCI) की समीक्षा की तथा किसानों के लिये मूल्य-आधारित से आय-आधारित समर्थन की अनुशंसा की।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**105. ( D )**

**व्याख्या:**

**रुपए का कमज़ोर होना:**

- अमेरिका में सुधरते व्यापक आर्थिक वातावरण के साथ-साथ **अमेरिकी डॉलर का मज़बूत होना रुपए में गिरावट का मुख्य कारण** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा **ब्याज दरों में मामूली कटौती** के कारण अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में उछाल। **अतः कथन 2 सही है।**
    - उच्च अमेरिकी प्रतिफल ने भारत जैसे उभरते बाज़ारों की तुलना में निवेशकों के लिये अमेरिका को आकर्षक बना दिया।
- अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में मामूली कटौती की आशा के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल।
- नई अमेरिकी सरकार की नीतियों के संदर्भ में अनिश्चितता ने भी रुपए की गिरावट में योगदान दिया है।
- **वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों** (रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य-पूर्व संकट, लाल सागर शिपिंग मुद्दे, तथा इक्विटी बाज़ारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) के बड़े पैमाने पर बहिर्गमन) के कारण तेल की कीमतों में अस्थिरता ने भी रुपए की गिरावट में योगदान दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - गिरावट के बावजूद रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक बना हुआ है।
- अंतर्राष्ट्रीय बॉन्ड सूचकांकों में भारतीय बॉन्डों को शामिल किये जाने के कारण, जिसने रुपए को बढ़ती अस्थिरता से बचाया, जो वर्ष 2024 पूंजी प्रवाह की पहली छमाही में देखी गई स्थिरता के लिये उत्तरदायी था।

**106. ( A )**

**व्याख्या**

- प्रधानमंत्री ने हाल ही में मुम्बई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना में प्रमुख परिसंपत्तियों के कमीशनिंग समारोह की अध्यक्षता की, जिनमें निर्देशित **मिसाइल विध्वंसक पोत सूरत, स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि** एवं **डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी वाग्शीर** शामिल हैं।
    - आईएनएस **नीलगिरि परियोजना 17A फ्रिगेट का प्रमुख जहाज़** है, **आईएनएस वाग्शीर परियोजना 75 कलवरी श्रेणी की छठी और अंतिम पनडुब्बी** है, तथा आईएनएस सूरत **परियोजना 15B विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज़** है ।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**107. ( D )**

**व्याख्या:**

**लिथियम ( Li ):**

- लिथियम (Li) एक **नरम, चांदी-सफेद धातु है, जिसे** रिचार्जेबल बैटरी की उच्च मांग के कारण 'सफेद सोना' के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **लिथियम-आयन बैटरियाँ एक इलेक्ट्रोड सामग्री के रूप में एक इंटरकलेटेड** (इंटरकलेशन परतदार संरचनाओं वाली सामग्रियों में अणु का प्रतिवर्ती समावेश या सम्मिलन है) लिथियम यौगिक का उपयोग करती हैं, जबकि **गैर-रिचार्जेबल लिथियम बैटरी में धातु लिथियम का उपयोग** किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - बैटरी में एक **इलेक्ट्रोलाइट** होता है, जो **आयनिक गति की अनुमति** देता है, और **दो इलेक्ट्रोड लिथियम-आयन बैटरी सेल के घटक** होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- लिथियम आयन डिस्चार्ज के दौरान ऋणात्मक इलेक्ट्रोड से धनात्मक इलेक्ट्रोड की ओर चले जाते हैं और चार्ज करते समय वापस आ जाते हैं।

**108. ( A )**

**व्याख्या:**

**निजता का अधिकार:**

- निजता का अधिकार एक **मूल अधिकार** है, जो व्यक्ति को **राज्य और गैर-राज्य दोनों** से सुरक्षित रखता है तथा उसे जीवन में अपने निर्णय स्वयं लेने की अनुमति देता है। **अत: कथन-I सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष **2017 में के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ** के ऐतिहासिक निर्णय में निजता और इसके महत्त्व का वर्णन करते हुए कहा कि निजता का अधिकार एक **मूलभूत एवं अविभाज्य अधिकार** है और यह व्यक्ति से जुड़ा हुआ है, जिसमें उस व्यक्ति के बारे में सभी जानकारी और उसके द्वारा चुने गए विकल्प शामिल हैं। **अत: कथन-II सही है।**
  - **निजता के अधिकार** को **अनुच्छेद 21** के तहत **जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार** के रूप में संरक्षित किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या है।**

**109. ( B )**

**व्याख्या:**

**K-आकार की अर्थव्यवस्था:**

- "K-आकार" अर्थव्यवस्था शब्द एक विचलन आर्थिक सुधार का वर्णन करता है जिसमें **अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र, जैसे वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र, समृद्ध होते हैं जबकि अन्य, जैसे कि हॉस्पिटैलिटी या निम्न-आय** वाले क्षेत्र होते हैं। ये क्षेत्र "K"-आकार' की अर्थव्यवस्था में विचलन निर्मित करते हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**110. ( C )**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण निर्णय:**

- संवैधानिक योजना के तहत, **संविधान के भाग III में निहित मूल अधिकार** सामान्यतया राज्य और उसके तंत्रों के विरुद्ध लागू होते हैं, गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं के विरुद्ध नहीं।
  - ऐसा इसलिये है क्योंकि संवैधानिक अधिकारों को सामान्यतया "ऊर्ध्वाधर" (अर्थात, राज्य के विरुद्ध) लागू माना जाता है, न कि "क्षैतिज" (अर्थात, निजी व्यक्तियों या संस्थाओं के बीच) लागू किया जाता है।
- **शफीन जहान बनाम अशोकन केएम** (2020) में, न्यायालय ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 21 में व्यक्तियों को अपने साथी चुनने का अधिकार शामिल है 'चाहे वह विवाहित हो या नहीं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ** (2018) में, न्यायालय ने सभी व्यक्तियों के शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक तथा यौन साहचर्य के अधिकार को मान्यता दी। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि, संविधान में तीन स्पष्ट प्रावधान शामिल हैं जो **अधिकारों के पारंपरिक "ऊर्ध्वाधर" मॉडल से भिन्न** हैं:
  - **अनुच्छेद 15( 2 )** में प्रावधान है कि किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर दुकानों, सार्वजनिक रेस्तरां, **होटलों और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों तक पहुँचने** या राज्य द्वारा वित्त पोषित या सार्वजनिक उपयोग के लिये समर्पित कुओं, टैंकों, स्नान घाटों, सड़कों और सार्वजनिक रिसॉर्ट के स्थानों का उपयोग करने से नहीं रोका जाएगा।
  - **अनुच्छेद 17** अस्पृश्यता की प्रथा का निषेध करता है।
  - **अनुच्छेद 23** मानव तस्करी और बलात् श्रम पर प्रतिबंध लगाता है।
- **कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य ( 2023 ) में,** सर्वोच्च न्यायालय ने क्षैतिज अधिकारों की इस योजना से आगे बढ़कर यह माना कि अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार निजी पक्षों के विरुद्ध भी लागू किये जा सकते है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**111. ( C )**

**व्याख्या:**

- **शांगरी-ला वार्ता दक्षिण चीन सागर** में क्षेत्रीय विवादों सहित **एशिया-प्रशांत क्षेत्र के** आसपास के सुरक्षा मुद्दों पर " **ट्रैक वन** " विनिमय मंच के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एशिया प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग परिषद एशिया-प्रशांत के सुरक्षा मुद्दों पर " **ट्रैक टू**" वार्ता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**112. ( A )**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना:**

- स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत प्रमुख योजनाएँ, अर्थात् स्टार्टअप्स के लिये फंड ऑफ फंड्स (FFS), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS), तथा स्टार्टअप्स के लिये क्रेडिट गारंटी स्कीम (CGSS) उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों में स्टार्टअप्स को समर्थन प्रदान करती हैं।
    - इस योजना की घोषणा **16 जनवरी 2021 को स्टार्टअप इंडिया इंटरनेशनल समिट** में की गई थी।
    - उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा गठित एक **विशेषज्ञ सलाहकार समिति ( EAC )** स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के **समग्र निष्पादन एवं निगरानी के लिये उत्तरदायी है। अत: कथन-I सही है।**
    - EAC सीड फंड के आवंटन के लिये इनक्यूबेटरों का मूल्यांकन एवं चयन करेगी, प्रगति की निगरानी करेगी और स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये धन के दक्षतापूर्ण उपयोग के लियेसभी आवश्यक उपाय करेगी।
- स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य देश में नवाचार को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये एक मज़बूत **स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण** करना है। **अत: कथन-II सही है।**
    - सीड फंडिंग किसी स्टार्ट-अप या नए व्यवसायिक विचार में निवेश का प्रारंभिक चरण है।
    - सीड फंडिंग का लक्ष्य कंपनी को उस बिंदु तक पहुँचने में मदद करना है जहाँ वह अतिरिक्त फंडिंग प्राप्त कर सके या आत्मनिर्भर बनने के लिए राजस्व उत्पन्न कर सके।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही व्याख्या है।**

**113. ( B )**

**व्याख्या:**

**खनन:**

- **भारतीय संविधान की सूची-II ( राज्य सूची )** के क्रम संख्या 23 में राज्य सरकार को अपनी सीमाओं के भीतर स्थित खनिजों का स्वामित्व रखने का अधिकार दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **संविधान की सातवीं अनुसूची** की **सूची-I** (केंद्रीय सूची) की क्रम संख्या 54 में प्रविष्टि केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों का स्वामित्व रखने का अधिकार देती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इसके अनुसरण में **खान एवं खनिज ( विकास एवं विनियमन ) ( MMDR ) अधिनियम, 1957** बनाया गया।
- **अंतर्राष्ट्रीय समुद्रतल प्राधिकरण ( ISA ) अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र** में गहरे समुद्रतल के खनिजों के अन्वेषण और निष्कर्षण को नियंत्रित करता है, जो राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र की सीमाओं से पृथक है।

**114. ( B )**

**व्याख्या:**

**तिरुमाला वेंकटेश्वर ( तिरुपति बालाजी ) मंदिर:**

- यह तिरुमाला, आंध्रप्रदेश में वेंकट पहाड़ी पर स्थित है, जो तिरुमाला पहाड़ियों की **सात पहाड़ियों ( सप्तगिरि ) में से एक है।**
- यह भगवान विष्णु के अवतार **भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इस मंदिर का इतिहास बहुत समृद्ध है, जिसमें पल्लव, चोल और विजयनगर शासकों समेत विभिन्न दक्षिण भारतीय राजवंशों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।
- इसमें पारंपरिक दक्षिण **भारतीय मंदिर स्थापत्य है**, जिसमें एक ऊँचा गोपुरम (प्रवेश द्वार) और जटिल नक्काशी है।
- मंदिर में एक उल्लेखनीय प्रथा यह है कि यहाँ भक्तगण अपने बालों का दान करते हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**115. (C)**

**व्याख्या:**

**कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1984:**

- कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1984 मूलत: एक प्रक्रियात्मक कानून है, जिसे विशेष प्रक्रिया के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शीघ्र समाधान करने हेतु **विशेष न्यायालय स्थापित करने के लिये अधिनियमित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
- **कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1984** की **धारा 7 कुटुंब न्यायालयों को** विनिर्दिष्ट पारिवारिक मामलों से संबंधित "वर्तमान में लागू किसी भी विधि के अंतर्गत" **सामान्य सिविल न्यायालयों** द्वारा "प्रयोज्य" अधिकार क्षेत्र प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ऐसे मामलों में (धारा के साथ संलग्न स्पष्टीकरण में उल्लिखित) विवाह की शून्यता, वैवाहिक अधिकारों की पुनर्स्थापना, न्यायिक पृथक्करण और विवाह विच्छेद शामिल हैं।

**116. (A)**

**व्याख्या:**

**जब वास्तविक विनिमय दर 1 के बराबर हो:**

- जब वास्तविक विनिमय दर 1 के बराबर हो तब **अंकित विनिमय दर की क्रय शक्ति समता (PPP)** विनिमय दर के समान होती है, जो यह दर्शाता है कि मुद्राएँ समान हैं।
- इस परिदृश्य में एक ही मुद्रा में व्यक्त किये जाने पर दोनों देशों में **वस्तुओं की लागत समान होती है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**117. (C)**

**व्याख्या:**

**विध्वंसक:**

- विध्वंसक **जहाज़ बहुआयामी जहाज़ होते हैं,** जो बेड़े का नेतृत्व कर सकते हैं, वाहक टास्क फोर्स में शामिल हो सकते हैं, स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकते हैं या खोज और हमले के मिशन के लिये छोटे समूहों में कार्य कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रथम **स्वदेशी विध्वंसक**, INS दिल्ली, INS मैसूर और INS मुंबई, वर्ष 2000 के आसपास प्रोजेक्ट 15 के तहत निर्मित दिल्ली श्रेणी के जहाज़ थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- **INS सूरत नौसेना का 13वाँ विध्वंसक** होगा, जो सतह, हवा और जल के भीतर के खतरों से निपटने के लिये सेंसर और हथियारों से लैस होगा, जिसका विस्थापन 7,400 टन होगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**118. (A)**

**व्याख्या:**

**पोस्ट-ट्रुथ वर्ल्ड:**

- "पोस्ट-ट्रुथ वर्ल्ड" पद से तात्पर्य ऐसी परिस्थिति से है, **जहाँ** जनमत पर **भावनात्मक अपील और व्यक्तिगत विश्वास का** तथ्यात्मक सटीकता या साक्ष्य की तुलना में अधिक प्रभाव डालते हैं।
  - यह घटना प्राय: **गलत सूचना और फेक न्यूज़ के प्रसार से जुड़ी होती है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**119. (D)**

**व्याख्या:**

**ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU):**

- GPU **समानांतर कंप्यूटिंग के लिये डिज़ाईन किये गए प्रोसेसर हैं,** जो गेमिंग, वीडियो रेंडरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अनुप्रयोगों में व्यापक रूप से उपयोग किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- मूल रूप से 3D ग्राफिक्स रेंडरिंग को गति देने के लिये विकसित किये गए GPU, डीप लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क ट्रेनिंग जैसे **उन्नत AI कार्यों का समर्थन करने के लिये विकसित हुए हैं। अतः कथन 2 सही है।**
- GPU वर्तमान **AI अनुसंधान के लिये महत्त्वपूर्ण हैं**, जो हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (HPC) और रचनात्मक उत्पादन में तीव्र गणना को सक्षम बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**120. (A)**

**व्याख्या:**

**मिनक्वियर्स और एक्रेहोस विवाद:**

- मिनक्विएर्स और एक्रेहोस विवाद **फ्राँस और यूनाइटेड किंगडम के बीच है।**
- मिनक्वियर्स और एक्रेहोस दो द्वीप समूह हैं, जो **ब्रिटिश द्वीप जर्सी और फ्राँस के तट के बीच स्थित हैं।** फ्राँस और यूनाइटेड किंगडम के बीच एक विशेष समझौते के तहत अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को यह निर्धारित करने के लिये कहा गया था कि दोनों पक्षों में से किसने इन द्वीप समूहों पर स्वामित्व के अधिक ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं।
  - अंतर्राष्ट्रीय **न्यायालय ने इस बात** पर बल दिया कि विवादित क्षेत्रों पर स्वामित्व स्थापित करने के लिये प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण और संप्रभुता की आवश्यकता है।
  - अंतर्राष्ट्रीय कानून केवल मानचित्रों के आधार पर क्षेत्रीय दावों को स्वीकार नहीं करता, जैसा कि कई प्रमुख निर्णयों में देखा गया है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**121. (B)**

**व्याख्या:**

**स्पेस डॉकिंग:**

- **स्पेस डॉकिंग दो तीव्र गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को** एक ही कक्षा में लाने, उन्हें पास लाने और उन्हें एक इकाई बनाने के लिये जोड़ने की जटिल प्रक्रिया है। **अतः कथन I सही है।**
  - यह क्षमता अंतरिक्ष में बड़ी संरचनाओं को इकट्ठा करने या उपकरण, चालक दल या आपूर्ति को हस्तांतरित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- अंतर्राष्ट्रीय **अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) का** निर्माण इसी तकनीक का उपयोग करके किया गया था, जिसमें विभिन्न मॉड्यूलों को अलग-अलग प्रक्षेपित किया गया था तथा अंतरिक्ष में स्थापित किया गया था।
- सतत् डॉकिंग मिशन **आपूर्ति, नए चालक दल के सदस्यों और मॉड्यूल को वितरित करके ISS को चालू रखते हैं**, जबकि पुराने चालक दल की पृथ्वी पर वापसी की सुविधा प्रदान करते हैं। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**122. (C)**

**व्याख्या:**

**मिशन मौसम पहल:**

- मिशन मौसम एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य मौसम के पूर्वानुमान, मॉडलिंग और प्रसार में **भारत के मौसम विभाग की क्षमताओं को बढ़ाना है। अतः कथन 1 सही है।**
  - मिशन के कार्यान्वयन के पहले दो वर्षों के लिये 2,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया जाएगा।
- **उद्देश्य:**
  - मिशन का **उद्देश्य लघु से मध्यम अवधि के मौसम पूर्वानुमानों की सटीकता में 5-10% तक सुधार करना,** प्रमुख महानगरों में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान को 10% तक बढ़ाना, तथा 10-15 दिनों के समय के साथ पंचायत स्तर तक पूर्वानुमानों को विस्तारित करना है।
    - वर्तमान में, ग्रीष्म लहरों जैसी चरम घटनाओं के लिये IMD की सटीकता लगभग 98% है, जबकि भारी वर्षा के पूर्वानुमान लगभग 80% हैं।
  - यह मौसम मॉडल और अवलोकन प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिये AI, मशीन लर्निंग और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग जैसी **उन्नत तकनीकों का उपयोग करेगा**, जिसमें अतिरिक्त डॉपलर रडार और उपग्रहों की तैनाती भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- ◆ मिशन वर्षा को प्रबंधित करने और बाढ़ तथा सूखे जैसी चरम घटनाओं को कम करने के लिये मेघ बीजन जैसी **मौसम संशोधन तकनीकों का पता लगाएगा। अत: कथन 3 सही है।**
- ◆ मेघों की गतिशीलता का अध्ययन करने तथा क्लाउड सीडिंग प्रयोगों के माध्यम से मौसम प्रबंधन में सुधार लाने हेतु पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान में एक **क्लाउड चैम्बर स्थापित किया जाएगा ।**
- **मिशन मौसम को 5 वर्षों में 2 चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा:**
  - ◆ **प्रथम चरण ( 2025 - मार्च 2026 ):** लगभग 70 डॉपलर रडार, उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटर, पवन प्रोफाइलर और रेडियोमीटर जोड़कर अवलोकन नेटवर्क का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
  - ◆ **चरण दो ( 2026 से आगे ):** उपग्रहों और विमानों की शुरूआत के माध्यम से अवलोकन क्षमताओं में और वृद्धि।

**123. ( A )**

**व्याख्या:**

**कार्बन बाज़ार:**

- कार्बन बाज़ार, **बाज़ार आधारित तंत्र हैं** जो व्यक्तियों और संगठनों को उनके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन देकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं। **अत: कथन I सही है।**
- कार्बन बाज़ार, **कैप-एंड-ट्रेड के सिद्धांत पर कार्य करते हैं,** जहाँ सरकार या नियामक संस्था किसी विशिष्ट क्षेत्राधिकार के भीतर अनुमत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की कुल मात्रा पर एक सीमा निर्धारित करती है। **अत: कथन II सही है।**
- **कार्बन बाज़ार के प्रकार:**
  - ◆ **अनुपालन बाज़ार,** अनिवार्य हैं, जिसके तहत विनियमित संस्थाओं को अपने उत्सर्जन की भरपाई के लिये कार्बन क्रेडिट खरीदना आवश्यक है। प्राय: ये संस्थाएँ बड़े औद्योगिक प्रदूषक होती हैं।
  - ◆ **स्वैच्छिक बाज़ार,** स्वैच्छिक होते हैं, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को विनियामक आवश्यकताओं से परे अपने उत्सर्जन की भरपाई के लिये कार्बन क्रेडिट खरीदने की अनुमति देते हैं।
- भारत विकेंद्रीकृत स्वैच्छिक बाज़ार में **कार्बन क्रेडिट का एक महत्त्वपूर्ण निर्यातक है,** जिसका क्रेडिट प्रति वर्ष 200-300 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच है, जो वर्ष 2022 में वैश्विक आपूर्ति का 17% भाग होगा।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**124. ( C )**

**व्याख्या:**

**भारत की व्यापार नीति:**

- स्वातंत्र्योत्तर अवधि को **'लाइसेंस राज' प्रणाली के रूप में जाना जाता था** क्योंकि इस अवधि में सीमित व्यापार खुलापन और अत्यधिक विनियमित अर्थव्यवस्था देखी गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भुगतान संतुलन के गंभीर संकट के कारण वर्ष **1991 के उदारीकरण सुधारों ने** विदेशी निवेश के लिये रास्ता खोल दिया और बाज़ार-उन्मुख नीतियों को अपनाया। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत की विदेश व्यापार नीति 2023** "निर्यात उत्कृष्टता के शहर" के माध्यम से नए शहरों की पहचान को प्रोत्साहित कर रही है। **अत: कथन 3 सही है।**

**125. ( B )**

**व्याख्या:**

**प्राकृतिक कृषि:**

- **प्राकृतिक कृषि,** एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें फसलों की कृषि के लिये **न्यूनतम हस्तक्षेप** और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर ज़ोर दिया जाता है।
  - ◆ प्राकृतिक कृषि में मृदा में **न तो रासायनिक और न ही जैविक खाद डाली जाती है। मृदा में कोई बाह्य पोषक तत्व नहीं मिलाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसका उद्देश्य कृत्रिम उर्वरकों, कीटनाशकों या शाकनाशियों पर निर्भर हुए बिना **मृदा स्वास्थ्य, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बढ़ाना है ।**
- यह मुख्य रूप से **ऑन-फार्म बायोमास पुनर्चक्रण पर आधारित है**, जिसमें बायोमास मल्चिंग, खेत पर गाय के गोबर-मूत्र के मिश्रण का उपयोग, मृदा वायु संचार को बनाए रखना, तथा सभी सिंथेटिक रासायनिक आगातों का बहिष्कार पर प्रमुख ज़ोर दिया गया है।
- देश भर में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिये भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (BPKP) को उन्नत करके राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (NMNF) तैयार किया गया है। अत: **कथन 2 सही है।**
  - NMNF 15,000 क्लस्टर विकसित करके 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करता है। अपने खेतों पर प्राकृतिक कृषि को करने के इच्छुक किसानों को **क्लस्टर सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया जाएगा,** प्रत्येक क्लस्टर में 50 हेक्टेयर भूमि वाले 50 या उससे अधिक किसान शामिल होंगे।

**126. ( D )**

**व्याख्या:**

- **माई भारत पोर्टल** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सामाजिक गतिशीलता, शैक्षिक समानता और व्यावहारिक कौशल के माध्यम से भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) द्वारा ASPIRE योजना उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि-उद्योग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन (LBI) केंद्रों का समर्थन करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह योजना विभिन्न लक्ष्यों पर केंद्रित है, जिसमें रोज़गार सृजन, बेरोज़गारी कम करने, उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने, तथा लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन (LBI) की स्थापना करके ज़िला स्तर पर ज़मीनी स्तर पर आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाना शामिल है।
  - इसके अतिरिक्त इसका उद्देश्य अपूर्ण सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये नवीन व्यावसायिक समाधानों को प्रोत्साहित करना तथा नवाचार के माध्यम से MSME क्षेत्र की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाना है।

**127. ( B )**

**व्याख्या:**

**नेता प्रतिपक्ष ( LOP ):**

- ऐसे सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में विपक्ष के नेता/नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी जाती है जिसने सदन की कुल सीटों का कम से कम दसवें हिस्से पर विजय हासिल की हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह लोक लेखा (अध्यक्ष), सार्वजनिक उपक्रम और अनुमान जैसी **महत्त्वपूर्ण समितियों के सदस्य** होगा और कई संयुक्त संसदीय समितियों का भी सदस्य होगा।
- वह केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग, CBI, NHRC और लोकपाल जैसे वैधानिक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिये ज़िम्मेदार **विभिन्न चयन समितियों का सदस्य होने का हकदार है। अत: कथन 2 सही है।**
- वह **सरकार की नीतियों की रचनात्मक आलोचना करता है** और एक वैकल्पिक सरकार प्रदान करता हैं।
- **संसद में विपक्षी नेता वेतन और भत्ता अधिनियम, 1977 के तहत दोनों सदनों में विपक्ष के नेता को वैधानिक मान्यता दी गई है** और वह कैबिनेट मंत्री के समकक्ष वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं का हकदार है।
- संविधान में नेता प्रतिपक्ष के पद का **उल्लेख नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 156 में राज्य के राज्यपाल के कार्यकाल का विवरण दिया गया है।**

**128. ( A )**

**व्याख्या:**

**डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर:**

- डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर एक **प्रमुख भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री**, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू, मध्यप्रदेश में हुआ था।
- वर्ष 1924 में इन्होंने **दलित वर्ग के कल्याण के लिये एक एसोसिएशन की शुरुआत की** और वर्ष 1927 में दलित वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बहिष्कृत भारत समाचार पत्र की शुरुआत की।
- इन्होंने मार्च, 1927 में **महाड़ सत्याग्रह का** भी नेतृत्व किया।
- इन्होंने तीनों गोलमेज़ सम्मेलनों में भाग लिया।
- वर्ष 1932 में डॉ. अंबेडकर ने महात्मा गांधी के साथ **पूना समझौते पर हस्ताक्षर किये**, जिसमें दलित वर्गों के लिये पृथक निर्वाचक मंडल (सांप्रदायिक पंचाट) के विचार को त्याग दिया गया।
- वर्ष 1936 में इन्होंने दलित वर्गों के हितों की रक्षा के लिये **स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया।**
- इन्हें वर्ष **1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**129. (B)**

**व्याख्या:**

- थोक **मूल्य सूचकांक (WPI)** सेवाओं में मुद्रास्फीति को सम्मिलित नही करता है क्योंकि उनका थोक बाजार में कारोबार नहीं होता है, जबकि **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** एवं GDP डिफ्लेटर इसके लिये जिम्मेदार होते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
  - थोक **मूल्य सूचकांक** थोक व्यापारियों द्वारा अन्य व्यापारियों को थोक में विक्रय एवं कारोबार की गई वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
  - **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** उपभोक्ता स्तर पर मूल्य स्तरों में परिवर्तन को दर्शाता है।
  - जीडीपी **डिफ्लेटर** अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का एक माप है। इसकी गणना नाममात्र जीडीपी को वास्तविक जीडीपी से विभाजित करके एवं 100 से गुणा करके की जाती है।
- सीपीआई एवं डब्ल्यूपीआई सूचकांकों में भार आधार वर्ष के संशोधित होने तक **स्थिर रहता है , जबकि जीडीपी डिफ्लेटर में, वे वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन स्तर के आधार पर भिन्न होते हैं। अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नही है।**

**130. (B)**

**व्याख्या:**

**सिंधु घाटी सभ्यता:**

- 20 सितम्बर 2024 को **सिंधु घाटी सभ्यता की खोज के 100 वर्ष पूरे हो जाएँगे,** जिसकी घोषणा पुरातत्ववेत्ता सर जॉन मार्शल ने 20 सितम्बर 1924 को की थी।
  - यह सभ्यता भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में 1.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में **2,000 से अधिक स्थलों तक विस्तृत है और अपनी उन्नत शहरी योजना और वास्तुकला के लिये प्रसिद्ध है।**
- हड़प्पा सभ्यता, जिसे सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) के नाम से भी जाना जाता है, **सिंधु नदी के किनारे लगभग 2500 ईसा पूर्व में विकसित हुई थी।**
  - यह मिस्र, मेसोपोटामिया और चीन के साथ **चार प्राचीन शहरी सभ्यताओं में सबसे वृहद् थी।**
- ताँबा आधारित मिश्रधातुओं से बनी अनेक कलाकृतियों की खोज के कारण सिंधु घाटी सभ्यता को **काँस्य युगीन सभ्यता के रूप में वर्गीकृत किया गया है।**
- दयाराम साहनी ने सबसे पहले वर्ष 1921-22 में हड़प्पा का उत्खनन करवाया और राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में मोहनजोदड़ो का उत्खनन आरंभ किया।
- एएसआई के महानिदेशक सर जॉन मार्शल उस उत्खनन के लिये ज़िम्मेदार थे जिसके परिणामस्वरूप सिंधु घाटी सभ्यता के हड़प्पा और मोहनजोदड़ो स्थलों का उत्खनन करवाया।
- हड़प्पा संस्कृति अपनी **उन्नत नगर योजना के लिये उल्लेखनीय थी** , जिसमें शहरों को ग्रिड जैसे लेआउट में डिजाइन किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **अनाज के भंडारण के लिये बड़े आकार के अन्न भंडारों का** उपयोग किया जाता था तथा पकी हुई ईंटों का व्यापक प्रयोग होता था, जो समकालीन मिस्र की संरचनाओं में प्रयुक्त सूखी ईंटों से भिन्न थी।
- हड़प्पा के गाँव मुख्य रूप से बाढ़ के मैदानों के पास स्थित थे और अत्यधिक उत्पादक थे, जहाँ गेहूँ, जौ, मटर, तिल, मसूर, चना, राई और सरसों जैसी फसलें उत्पादित की जाती थीं।
- हड़प्पा जीवन में व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका थी, जो **मुहरों के व्यापक प्रयोग**, एक समान लिपि तथा मानकीकृत बाट एवं माप से स्पष्ट है।
- प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में पत्थर, धातु एवं शंख शामिल थे।
- चूँकि धातु मुद्रा अस्तित्त्व में नहीं थी, इसलिये वस्तु विनिमय प्रणाली का प्रयोग किया गया।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**131. ( A )**

**व्याख्या:**

**गाज़ा पट्टी:**

- गाजा पट्टी **पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित है**, जो दक्षिण-पश्चिम में मिस्र तथा उत्तर और पूर्व में इज़रायल के साथ सीमा साझा करती है। पश्चिम में, यह भूमध्य सागर से घिरा हुआ है।
- यह **विश्व में सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है,** जहाँ 2 मिलियन से अधिक निवासी एक छोटे से क्षेत्र में रहते हैं।
- गाजा की स्थितियों को चित्रित करने के लिये शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा **"खुली हवा में कारावास"** शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**132. ( C )**

**व्याख्या:**

**रैट-होल माइनिंग:**

- रैट-होल माइनिंग में **संकीर्ण क्षैतिज रूप से से संकीर्ण गड्ढों के माध्यम से कोयला निष्कर्षण शामिल है**, जो एक व्यक्ति के प्रवेश करने और खनन करने के लिये पर्याप्त चौड़ा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय **हरित अधिकरण ( NGT ) ने वर्ष** 2014 में रैट-होल माइनिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था और वर्ष 2015 में प्रतिबंध को बरकरार रखा था, क्योंकि यह अवैज्ञानिक प्रकृति का था और श्रमिकों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएँ विद्यमान थीं। **अत: कथन 2 सही है।**

**133. ( D )**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन ( WTO ) के अंतर्गत सब्सिडी:**

- **एम्बर बॉक्स:** एम्बर बॉक्स सब्सिडी वे हैं जो किसी देश के उत्पादों को अन्य देशों की तुलना में सस्ता बनाकर **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती हैं। अत: कथन 1 सही है।**
  - उदाहरण: उर्वरक, बीज, बिजली, सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसे इनपुट के लिये सब्सिडी।
- **ब्लू बॉक्स:** यह "शर्तों वाला एम्बर बॉक्स" है जिसे विरूपण को कम करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- यदि किसानों को उत्पादन सीमित करना पड़े तो जो सहायता सामान्यत: एम्बर बॉक्स में होती है उसे ब्लू बॉक्स में रख दिया जाता है।
- इन सब्सिडी का उद्देश्य **उत्पादन कोटा लागू करके** या किसानों को अपनी ज़मीन का कुछ हिस्सा अलग रखने के लिये बाध्य करके उत्पादन को सीमित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ग्रीन बॉक्स:** ग्रीन बॉक्स एक **घरेलू समर्थन उपाय है** जो व्यापार में विकृति उत्पन्न नहीं करता है या अधिकतम न्यूनतम विकृति उत्पन्न करता है।
- ग्रीन बॉक्स सब्सिडी **सरकार द्वारा वित्तपोषित है** तथा फसलों को कोई मूल्य समर्थन नहीं दिया जाता। **अत: कथन 3 सही है।**
- इनमें पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम भी शामिल हैं।

**134. ( A )**

**व्याख्या:**

**वैश्विक क्षमता केंद्र ( GCCs ):**

- वैश्विक क्षमता केंद्र (GCCs) **उन अपतटीय प्रतिष्ठानों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें कंपनियों द्वारा अपनी मूल**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**संस्थाओं को विभिन्न प्रकार की सेवाएँ** प्रदान करने के लिये स्थापित किया जाता है।

- वैश्विक कॉर्पोरेट ढाँचे के भीतर आंतरिक संस्थाओं के रूप में कार्य करते हुए, ये केंद्र आईटी सेवाएँ, अनुसंधान और विकास, ग्राहक सहायता और विभिन्न अन्य व्यावसायिक कार्यों सहित विशिष्ट क्षमताएँ प्रदान करते हैं।
- GCCs **लागत दक्षताओं का लाभ उठाने** , प्रतिभा भंडार का उपयोग करने तथा मूल उद्यमों और उनके अपतटीय समकक्षों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs) कर छूट, सरलीकृत विनियमन और सुव्यवस्थित नौकरशाही जैसे कई लाभ प्रदान करके GCCs के विकास के लिये उपजाऊ जमीन प्रदान कर सकते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**135. ( A )**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य ( MSP ):**

- एमएसपी की प्रणाली केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 1965 में कृषि मूल्य आयोग की स्थापना के साथ शुरू की गई थी। **अत: कथन-I सही है।**
- एमएसपी वह **गारंटीकृत राशि है** जो सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने पर उन्हें दी जाती है।
- **एमएसपी कृषि लागत और मूल्य आयोग ( CACP )** की सिफारिशों पर आधारित है , जो उत्पादन लागत, मांग और आपूर्ति, बाजार मूल्य प्रवृत्तियों, अंतर-फसल मूल्य समता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है।
    - CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) एमएसपी के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है।
- एमएसपी **का उद्देश्य** उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।
- 1960 के दशक के मध्य में भारत को गेहूँ और चावल जैसी बुनियादी खाद्य वस्तुओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था, वैश्विक बाजार में खरीद के लिये अपर्याप्त विदेशी मुद्रा के कारण अमेरिका से सार्वजनिक कानून 480 के तहत 10 मिलियन टन गेहूँ के आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा था। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।**

**136. ( C )**

**व्याख्या:**

**चंद्र मिशन:**

- **फ्लाईबाई** ऐसे मिशन हैं जिनमें अंतरिक्ष यान **चंद्रमा के पास से गुजरता है** लेकिन उसके चारों ओर की कक्षा में प्रवेश नहीं करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इन्हें या तो **दूर से चंद्रमा का अध्ययन करने के लिये डिजाइन किया गया था** या वे किसी अन्य ग्रह या गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिये जा रहे थे और संयोग से उस खगोलीय पिंड के पास से गुजरे।
    - फ्लाईबाई मिशन के कुछ प्रारंभिक उदाहरण संयुक्त राज्य अमेरिका के पायनियर 3 और 4 तथा तत्कालीन सोवियत संघ के लूना 3 थे।
- **ऑर्बिटर्स:** ये अंतरिक्ष यान थे जिन्हें चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने तथा चंद्रमा की सतह और वायुमंडल का **दीर्घकालिक अध्ययन करने के लिये डिजाइन किया गया था।**
    - **भारत का चंद्रयान-1** एक ऑर्बिटर था, जैसा कि विभिन्न देशों के 46 अन्य चंद्र मिशन भी थे। ऑर्बिटर मिशन किसी ग्रहीय पिंड का अध्ययन करने का सबसे आम तरीका है।
- **इम्पैक्ट मिशन** ऑर्बिटर मिशन का विस्तार है। जबकि मुख्य अंतरिक्ष यान चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाता रहता है, बोर्ड पर एक या एक से अधिक उपकरण चंद्र सतह पर अनियंत्रित लैंडिंग करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
    - वे टक्कर के बाद नष्ट हो जाते हैं, लेकिन फिर भी अपने मार्ग में चंद्रमा के बारे में कुछ उपयोगी जानकारी भेजते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **लैंडर** मिशन में चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की **सॉफ्ट लैंडिंग शामिल है। अत: कथन 3 सही है।**
  - ये ऑर्बिटर मिशनों की तुलना में अधिक जटिल हैं।
  - पहले 11 लैंडर मिशन असफल रहे थे। चंद्रमा पर पहली लैंडिंग 31 जनवरी, 1966 को तत्कालीन USSR के लूना 9 अंतरिक्ष यान द्वारा की गई थी। इसने चंद्रमा की सतह से पहली तस्वीर भी भेजी गई थी।

**137. ( C )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में, इस्लामी आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (HTS) के नेतृत्व में **सीरियाई विद्रोहियों ने** राजधानी दमिश्क पर कब्ज़ा कर लिया, जिसके कारण सीरिया के राष्ट्रपति के रूप में **बशर अल-असद** का शासन समाप्त हो गया।
- सीरिया की सीमा **उत्तर में तुर्की, पूर्व और दक्षिण-पूर्व में इराक, दक्षिण में जॉर्डन तथा दक्षिण-पश्चिम में इज़रायल और लेबनान** से लगती है।




- **अत: विकल्प C सही है।**

**138. ( B )**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय **कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT की स्थापना वर्ष 1999 में एराडी समिति** की सिफारिशों के बाद की गई थी। **अत: कथन-I सही है।**
  - **दिवालियापन और कम्पनियों के समापन से संबंधित** कानून पर एराडी समिति ने 2000 में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी।
- दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (IBC) को एक संरचित और समयबद्ध तरीके से दिवाला समाधान की चुनौतियों का समाधान करने के लिये पेश किया गया था। **अत: कथन-II सही है।**
  - IBC, 2016 कंपनियों, व्यक्तियों और साझेदारियों के **दिवाला एवं शोधन अक्षमता को** समयबद्ध तरीके से हल करने के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है।
    - शोधन अक्षमता वह स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति या संगठन की देनदारियाँ **उसकी परिसंपत्तियों से अधिक हो जाती** हैं और वह संस्था अपने दायित्वों या ऋणों को चुकाने के लिये पर्याप्त नकदी जुटाने में असमर्थ होती है।
    - **शोधन अक्षमता** तब होता है जब किसी व्यक्ति या कंपनी को **कानूनी रूप** से अपने देय और भुगतान योग्य बिलों का भुगतान करने में असमर्थ घोषित कर दिया जाता है।
  - **दिवाला एवं शोधन अक्षमता (संशोधन) अधिनियम, 2021** ने एमएसएमई के लिये अधिक कुशल शोधन अक्षमता समाधान ढाँचा प्रदान करने के लिये वर्ष 2016 की संहिता को संशोधित किया, जिससे सभी हितधारकों के लिये त्वरित, लागत प्रभावी और मूल्य-अधिकतम परिणाम सुनिश्चित हुए।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**139. (A)**

**व्याख्या:**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989:**

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, जिसे SC/ST अधिनियम 1989 के नाम से भी जाना जाता है, **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति** के सदस्यों को जाति आधारित भेदभाव और हिंसा से बचाने के लिये अधिनियमित किया गया था।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 15 और 17** में निहित इस अधिनियम का उद्देश्य इन हाशिये पर पड़े समुदायों की रक्षा करना तथा **पिछले कानूनों की अपर्याप्तताओं** को दूर करना है।
- यह अधिनियम **अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955** और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 पर आधारित है, जो अस्पृश्यता और जाति के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने के लिये स्थापित किये गए थे।
- केंद्र सरकार को अधिनियम के कार्यान्वयन के लिये नियम बनाने का अधिकार है, **जबकि राज्य सरकारें और केंद्रशासित प्रदेश केंद्रीय सहायता** से इसे प्रशासित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अधिनियम में त्वरित सुनवाई के लिये विशेष न्यायालयों की स्थापना और **राज्य स्तर** पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में **SC/ST संरक्षण प्रकोष्ठों की स्थापना का प्रावधान** है, जो अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - अधिनियम के अंतर्गत अपराधों की जाँच पुलिस उपाधीक्षक (DSP) के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा नहीं की जानी चाहिये तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिये।
- यह **अधिनियम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच अपराधों को कवर नहीं** करता है और न ही किसी अन्य के खिलाफ अधिनियम लागू कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**140. (C)**

**व्याख्या:**

**जेंडर बजट:**

- जेंडर बजटिंग एक **रणनीतिक उपकरण है जिसका उपयोग सरकारें** विभिन्न लैंगिक आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार सार्वजनिक संसाधनों के कुशल संग्रह और आवंटन को सुनिश्चित करने के लिये करती हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- जेंडर बजटिंग में केवल महिलाओं के लिये अलग से बजट बनाना शामिल नहीं है, बल्कि मौजूदा बजटीय ढाँचे के माध्यम से महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। **अत: कथन-II सही नहीं है।**
- भारत ने वर्ष 1993 में **महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (CEDAW) (1979)** की पुष्टि की, जो लैंगिक समानता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का संकेत था।
  - इस प्रतिबद्धता के कारण वर्ष **2005-2006 के भारतीय बजट में पहला जेंडर बजट स्टेटमेंट पेश किया गया।** तब से, सरकार लगातार केंद्रीय बजट के साथ-साथ जेंडर बजट स्टेटमेंट भी जारी करती रही है।
- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MWCD)** लिंग बजट के लिये केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है, तथा वित्त मंत्रालय ने इस प्रक्रिया को समर्थन देने के लिये सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में लिंग बजट प्रकोष्ठों की स्थापना का आदेश दिया है।
- जेंडर बजटिंग **मिशन शक्ति की सामर्थ्य उप-योजना** के अंतर्गत आती है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक पहल है।
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।**

**141. (A)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण:**

- NGT की स्थापना वर्ष 2010 में **राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010** के तहत की गई थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- इसका प्राथमिक ध्यान पर्यावरण संरक्षण, वनों के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के **त्वरित और कुशल समाधान की सुविधा** प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यायाधिकरण का **नेतृत्व अध्यक्ष** (केंद्र सरकार द्वारा CJI के परामर्श से नियुक्त) **करता है,** जो मुख्य पीठ में बैठता है और इसमें कम से कम 10-20 न्यायिक सदस्य और विशेषज्ञ सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- न्यायाधिकरण का अधिकार क्षेत्र **पर्यावरणीय अधिकारों को लागू करना**, व्यक्तियों और संपत्तियों को हुए नुकसान के लिये राहत और मुआवज़ा प्रदान करना तथा पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण से जुड़े मामलों को संबोधित करना है।
- आवेदन दाखिल करने के मूल अधिकार क्षेत्र के अलावा, **NGT के पास** एक न्यायालय (ट्रिब्यूनल) के रूप में अपील सुनने का **अपीलीय अधिकार** क्षेत्र भी है।
- एक अन्य ऐतिहासिक मामले, **बॉम्बे नगर निगम बनाम अंकिता सिन्हा** , 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की कि NGT स्वत: संज्ञान लेकर मामलों की सुनवाई कर सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**142. (C)**

**व्याख्या:**

**पनामा नहर:**

- वर्ष 1914 में बनकर तैयार हुई पनामा नहर, **स्वेज नहर के साथ-साथ** विश्व के दो सबसे **रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण कृत्रिम जलमार्गों** में से एक है।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी और पश्चिमी तटों के बीच यात्रा करने वाले जहाज़ों के लिये, नहर केप हॉर्न के आसपास के खतरनाक मार्ग से बचते हुए, **यात्रा को 8,000 समुद्री मील कम** कर देती है।
- पनामा नहर दो बड़े निकायों को जोड़ने वाली जलधारा मात्र नहीं है; यह एक जटिल, उच्च रूप से इंजीनियर प्रणाली है जिसमें जहाज़ों को एक छोर से दूसरे छोर तक ले जाने के लिये **लॉक्स और लिफ्ट** शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह डिजाइन इसलिये आवश्यक है क्योंकि नहर से जुड़े दो महासागर **एक ही ऊँचाई पर नहीं हैं,** प्रशांत महासागर अटलांटिक महासागर से थोड़ा ऊँचा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पनामा नहर को लॉक की इस प्रणाली का उपयोग करके जहाज़ों के मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिये अत्यधिक मात्रा में जल की आवश्यकता होती है। इस जल का अधिकांश भाग गुरुत्वाकर्षण बल का उपयोग करके **गैटुन झील** से आपूर्ति किया जाता है (पंप की आवश्यकता नहीं होती है)। **अत: कथन 3 सही है।**
- पनामा बंदरगाह **वैश्विक माल की आवाजाही के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाता है। 16वीं और 17वीं शताब्दी में, प्राथमिक निर्यात में चाँदी, दास और वस्त्र शामिल थे।
  - वर्तमान में **तेल, वाहनों और औद्योगिक उत्पादों पर ध्यान केंद्रित हो गया है।** इस व्यापार संपर्क का केंद्र पनामा नहर है, जो पनामा के संकीर्ण इस्तमुस के माध्यम से अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ती है।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**143. (A)**

**व्याख्या:**

**ब्रिक्स समूह:**

- ब्रिक्स विश्व की 10 उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक **अंतर-सरकारी अनौपचारिक समूह** है।
- पहला ब्रिक शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस में आयोजित किया गया था।
- ब्रिक्स मूल संस्थापक सदस्यों, ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन को दर्शाता है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2010 में शामिल हुआ।
  - वर्ष 2024 में **ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), मिस्र और इथियोपिया** भी सदस्य बन गए।
  - **सऊदी अरब** को अभी भी ब्रिक्स सदस्यता को औपचारिक रूप देना बाकी है।
  - शुरू में अर्जेंटीना के वर्ष 2024 में इस समूह में शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन बाद में उसने ऐसा न करने का निर्णय लिया।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**144. (B)**

**व्याख्या:**

- **विलफुल डिफॉल्टर** वह उधारकर्त्ता या गारंटर होता है जो जानबूझकर 25 लाख रुपए या उससे अधिक की बकाया राशि वाले ऋण को चुकाने में विफल रहता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बड़े डिफॉल्टर** से तात्पर्य ऐसे उधारकर्त्ता से है जिसका ऋण बकाया 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक है, जिसका खाता संदिग्ध या घाटे में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **राइट-ऑफ** का मतलब बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड से किसी **गैर-निष्पादित ऋण** या परिसंपत्ति को हटाना है, यह मानते हुए कि ऋण की वसूली की संभावना नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह प्रक्रिया उधारकर्त्ता को ऋण चुकाने की ज़िम्मेदारी से मुक्त नहीं करती है बल्कि **वसूली की असंभवता को स्वीकार** करती है।

**145. (C)**

**व्याख्या:**

- राज्य विश्वविद्यालयों में, राज्य का राज्यपाल उस राज्य के विश्वविद्यालयों का पदेन कुलाधिपति होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत, भारत के राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति केवल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने तक ही सीमित होते हैं, इसलिये राष्ट्रपति द्वारा कुलाध्यक्ष रहते हुए नियुक्त किये जाने वाले कुलाधिपति नाममात्र के प्रमुख होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- कुलपति की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा गठित अन्वेषण एवं चयन समितियों द्वारा चयनित नामों के पैनल में से कुलाध्यक्ष द्वारा की जाती है।
- कुलाध्यक्ष को दिये गए पैनल से असंतुष्ट रहने की स्थिति में उसे (कुलाध्यक्ष) नए नामों की मांग करने का अधिकार है।
- अधिनियम में यह भी वर्णित किया गया है कि राष्ट्रपति को, एक कुलाध्यक्ष के रूप में, विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और अशैक्षणिक पहलुओं के निरीक्षण को अधिकृत करने तथा जाँच शुरू करने का अधिकार होगा।
- अनुच्छेद 254(1) के अनुसार, यदि राज्य की विधि का कोई प्रावधान संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि के किसी प्रावधान के प्रतिकूल है, जिसे अधिनियमित करने के लिये संसद सक्षम है, किसी उपबंध के या समवर्ती सूची में प्रगणित किसी विषय के संबंध में विद्यमान विधि के किसी उपबंध के विरुद्ध है, तो संसदीय विधि राज्य की विधि पर प्रबल होगी।

**146. (B)**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC):**

- प्रस्तावित IMEC में रेलमार्ग, जहाज़ से रेल नेटवर्क और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे, जो दो गलियारों में विस्तारित होंगे।
  - पूर्वी गलियारा- भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ता है,
  - उत्तरी गलियारा- खाड़ी को यूरोप से जोड़ता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- IMEC कॉरिडोर में एक विद्युत केबल, एक हाइड्रोजन पाइपलाइन और एक हाई-स्पीड डेटा केबल भी शामिल होगी।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**147. ( A )**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 124 ( 3 ) ( c )** के अंतर्गत भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में एक पारंगत विधिवेत्ता की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान में पारंगत विधिवेत्ता की परिभाषा को लेकर स्पष्टता नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान अधिनियमित होने के बाद से अभी तक कोई भी विधिवेत्ता सर्वोच्च न्यायालय में शामिल नहीं हो पाया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**148. ( B )**

**व्याख्या:**

**विश्व आर्थिक मंच ( WEF ):**

- **ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट** एक वार्षिक प्रतिवेदन है जिसमें आगामी वर्षों में विश्व के समक्ष विद्यमान **सबसे गंभीर जोखिमों का पता लगया जाता है।** इस रिपोर्ट में 1,200 से भी अधिक विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टि शामिल होती है।
- **ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट** एक वार्षिक रिपोर्ट है जिसके अंतर्गत चार प्रमुख आयामों में **लैंगिक समानता का मापदंड निर्धारित किया जाता है:** आर्थिक भागीदारी, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य और अस्तित्व तथा राजनीतिक सशक्तीकरण।
- **फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट** एक वार्षिक रिपोर्ट है जिसमें **यह पता लगाया जाता है कि रोज़गार और कौशल का** विकास किस प्रकार होगा। यह रिपोर्ट विश्व के सबसे बड़े नियोक्ताओं के सर्वेक्षण डेटा पर आधारित होती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**149. ( B )**

**व्याख्या:**

**ब्रिटिश आर्थिक नीतियाँ:**

- हाल ही में ऑक्सफैम ने अपने शोध से एक चौंकाने वाला आँकड़ा जारी किया, जिसमें बताया गया कि ब्रिटिश साम्राज्य ने वर्ष 1765 और वर्ष 1900 के बीच भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (आज के मूल्य में) निकाले, जिसमें से 33.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का लाभ 10% सबसे धनी लोगों को प्राप्त हुआ।
- **1813 के चार्टर एक्ट** के बाद, जिसने ब्रिटिश लोगों के लिये एकतरफा मुक्त व्यापार की अनुमति दी, भारतीय बाज़ार कम लागत वाले, मशीन-निर्मित आयातों से भर गया। **अतः कथन I सही है।**
- भारतीय उत्पादों को **यूरोपीय बाज़ारों में प्रवेश करने में कठिनाई** हुई क्योंकि लगभग 80% टैरिफ ने भारतीय वस्त्रों को महँगा और अप्रतिस्पर्द्धी बना दिया। **अतः कथन II सही है।**
- **1820 के बाद यूरोपीय बाज़ार भारतीय निर्यात के लिये लगभग बंद** हो गए। सस्ते ब्रिटिश निर्मित वस्त्र भारतीय बाज़ार में भर गए।
- नए रेल नेटवर्क के आने से यूरोपीय उत्पादों को देश के सुदूर स्थानों तक पहुँचने में मदद मिली। **भारत एक शुद्ध निर्यातक से शुद्ध आयातक बन गया।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**150. ( A )**

**व्याख्या:**

- **भोरे समिति की रिपोर्ट** ( 1946 ) में निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं के एकीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना का आह्वान किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, **भारत** अपने सकल घरेलू उत्पाद का **केवल 1.9%** स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,** 1986 स्वास्थ्य सेवा पर एक सेवा के रूप में लागू होता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में "सेवा" शब्द की परिभाषा में **"स्वास्थ्य सेवा" शब्द को शामिल नहीं** किया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- हालाँकि, **इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वी.पी. संथा एवं अन्य** 1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अधिनियम में प्रयुक्त भाषा इतनी व्यापक थी कि उसमें डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ भी शामिल थीं।

**151. (B)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड:**

- केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार का **सबसे पुराना और सबसे महत्त्वपूर्ण सलाहकार निकाय** है, जिसकी स्थापना पहली बार वर्ष 1920 में हुई थी और मितव्ययिता के उपाय के रूप में वर्ष 1923 में इसे भंग कर दिया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे वर्ष 1935 में जीवंत किया गया और तब से यह अस्तित्व में है।
- यह विचार कि एक केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड होना चाहिये, **पहली बार कलकत्ता विश्वविद्यालय आयोग (1917-19) द्वारा सामने रखा गया था,** जिसने महसूस किया कि "भारत सरकार **शैक्षिक नीति के सामान्य उद्देश्यों** को परिभाषित करके, स्थानीय सरकारों को सलाह और सहायता देकर और विभिन्न प्रांतों में और भारत के अलावा अन्य जगहों पर शैक्षिक विचारों के विकास के लिये एक अमूल्य कार्य कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (CABE)** के अध्यक्षता करते हैं। शिक्षा राज्य मंत्री इसके उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**152. (C)**

**व्याख्या:**

**विनिमय दर को प्रभावित करने वाले कारक:**

- किसी देश में **ब्याज दरें अधिक होने से विदेशी निवेश आकर्षित होता है,** जिससे उस देश की मुद्रा की मांग बढ़ती है और विनिमय दर मज़बूत होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि किसी देश में **मुद्रास्फीति** उसके व्यापारिक साझेदारों की तुलना में **अधिक है,** तो उसकी क्रय शक्ति कम होने के साथ-साथ उसकी मुद्रा भी कमज़ोर हो जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक मज़बूत और बढ़ती अर्थव्यवस्था देश की मुद्रा में विश्वास बढ़ाती है, जिससे विनिमय दर मज़बूत होती है।
- **राजनीतिक अस्थिरता** विदेशी निवेश को बाधित कर सकती है और देश की मुद्रा को कमज़ोर कर सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **आपूर्ति और मांग का मूल सिद्धांत एक प्रमुख भूमिका निभाता है।** यदि अधिक लोग किसी विशेष मुद्रा को खरीदना चाहते हैं (उच्च मांग), तो इसकी विनिमय दर मज़बूत होती है।

**153. (B)**

**व्याख्या:**

- **असैन्य परमाणु दायित्व** पर कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि **परमाणु घटना या आपदा के कारण होने वाले** परमाणु क्षति के लिये पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध हो तथा यह निर्धारित किया जाए कि उस नुकसान के लिये कौन उत्तरदायी होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)** परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर कई अंतर्राष्ट्रीय कानूनी उपकरणों के लिये एक निक्षेपागार के रूप में कार्य करती है, इनमें **परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर वियना कन्वेंशन** तथा परमाणु क्षति के लिये पूरक मुआवजे पर कन्वेंशन शामिल हैं।
- न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवज़ा राशि स्थापित करने के लिये पूरक मुआवज़े पर **अम्ब्रेला कन्वेंशन (CSC) को वर्ष 1997 में अपनाया गया था।** भारत ने **वर्ष 2016** में CSC की पुष्टि की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत ने परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों के लिये त्वरित मुआवज़ा तंत्र स्थापित करने हेतु **वर्ष 2010 में परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम (CLNDA) लागू किया। अतः कथन 3 सही है।**
  - CLNDA में परमाणु संयंत्र के संचालक पर **कठोर और दोषरहित दायित्व** का प्रावधान है, **जिसके तहत उसे अपनी ओर से किसी भी प्रकार की गलती के बिना क्षति के लिये** उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इसमें दुर्घटना से हुई क्षति की स्थिति में ऑपरेटर को 1,500 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है।
- इसके तहत ऑपरेटर को बीमा या अन्य वित्तीय सुरक्षा के माध्यम से देयता को कवर करना भी आवश्यक है।

**154. (A)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड:**

- इसकी स्थापना भारत में हल्दी की **खेती, उत्पादन**, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने तथा हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों की आय में वृद्धि के लिये की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने **चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तम्बाकू के बाद अपने उत्पाद-समर्पित बोर्डों** की संख्या बढ़ाकर छह कर दी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **बोर्ड में** केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष होगा, जिसमें आयुष मंत्रालय, फार्मास्यूटिकल्स विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा वाणिज्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे, साथ ही हल्दी उगाने वाले **तीन राज्यों** के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। **अत: कथन 3 सही है।**
- **उद्देश्य:**
  - महाराष्ट्र, तमिलनाडु और अन्य सहित **20 राज्यों में किसान कल्याण।**
  - घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों के लिये अनुसंधान, नये उत्पादों और मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देना।
  - हल्दी के चिकित्सीय लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

**155. (C)**

**व्याख्या:**

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना:**

- इसे जनवरी, 2015 में लिंग-चयनात्मक गर्भपात और घटते शिशु लिंगानुपात की समस्या से निपटने के लिये शुरू किया गया था, जो वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना अब स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास और सामुदायिक जागरूकता को शामिल करते हुए **बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण पर ज़ोर** देती है। पिछले एक दशक में, BBBP ने कई मंत्रालयों के बीच सहयोग के माध्यम से अपने दायरे का विस्तार किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- BBBP योजना को अब **मिशन शक्ति के साथ एकीकृत किया गया है**, जो महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये एक व्यापक कार्यक्रम है, जिसे वर्ष 2021-2022 से 2025-2026 तक **15वें वित्त आयोग** की अवधि के दौरान लागू किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**156. (D)**

**व्याख्या:**

**सार्वजनिक ऋण:**

- सार्वजनिक ऋण से तात्पर्य उस कुल राशि से है जो सरकार बाहरी ऋणदाताओं और घरेलू उधारदाताओं को देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में, सार्वजनिक ऋण में केंद्र सरकार के सभी दायित्व शामिल होते हैं जिन्हें **भारत के समेकित निधि** से धन का उपयोग करके निपटाना आवश्यक होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **बाह्य ऋण:** यह किसी देश के **ऋण का वह हिस्सा है जो विदेशी ऋणदाताओं** को दिया जाता है, जिसमें विदेशी सरकारें, अंतर्राष्ट्रीय संगठन और देश के बाहर की निजी संस्थाएं शामिल हैं।
  - **आंतरिक ऋण:** यह देश के भीतर **उधारदाताओं को दिया जाने वाला ऋण है,** जिसमें व्यक्ति, बैंक और अन्य घरेलू संस्थान शामिल हैं।
    - आंतरिक ऋण को आगे **विपणन योग्य** और **गैर-विपणन योग्य** प्रतिभूतियों में वर्गीकृत किया जाता है।

**157. (B)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI):**

- डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) उन **डिजिटल प्रणालियों** को संदर्भित करता है जो सुरक्षित हैं और एक साथ

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

काम करते हैं, जिससे लोगों को जोड़ना, जानकारी साझा करना और कुशलतापूर्वक धन हस्तांतरित करना आसान हो जाता है। **अतः कथन-I सही है।**

- **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** के "50 इन 5" अभियान ने आने वाले पाँच वर्षों के दौरान कम से कम 50 नए देशों में DPI लागू करने का लक्ष्य रखा है। **अतः कथन II सही है।**
  - यह अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिये **संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख एजेंसी** है। UNDP विश्व भर के देशों और क्षेत्रों में **लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद** करने के लिये काम करता है।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**158. (A)**

**व्याख्या:**

**वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2024:**

- केंद्रीय **जल शक्ति मंत्री** ने वर्ष 2024 की वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट जारी की।
- भूजल गुणवत्ता मूल्यांकन **केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB)** द्वारा किया गया, जिसका उपयोग विभिन्न हितधारकों द्वारा उपयुक्त उपचारात्मक उपाय करने तथा आगामी योजना बनाने के लिये किया जा सकता है।
  - यह रिपोर्ट भूजल गुणवत्ता निगरानी के लिये **मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का उपयोग करने वाली पहली रिपोर्ट है**, जो डेटा संग्रह, विश्लेषण और व्याख्या में एकरूपता सुनिश्चित करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विधियों का उपयोग निष्कर्षों की विश्वसनीयता और तकनीकी सावधानी को और बढ़ाता है।
- यह रिपोर्ट **पृष्ठभूमि निगरानी, प्रवृत्ति विश्लेषण और हॉटस्पॉट पहचान के माध्यम से भारत के भूजल की गुणवत्ता का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है**। 15,200 से अधिक निगरानी स्थानों और 4,982 प्रवृत्ति स्टेशनों पर केंद्रित आकलन से प्राप्त एक मज़बूत डेटासेट के साथ, रिपोर्ट स्थानिक और लौकिक पैमाने पर भूजल गुणवत्ता भिन्नताओं के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**159. (A)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल इंडिया पहल:**

- **डिजिलॉकर, डिजिटल इंडिया पहल** के तहत एक सुरक्षित क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को **दस्तावेज़ों और प्रमाणपत्रों को डिजिटल रूप से संग्रहीत, साझा और सत्यापित करने में सक्षम बनाता है**, जिससे भौतिक दस्तावेजों पर निर्भरता कम हो जाती है।
- **डिजीयात्रा, नागर विमानन मंत्रालय** द्वारा समन्वित एक उद्योग-आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न हवाईअड्डा जाँच चौकियों पर चेहरे की पहचान प्रणालियों के माध्यम से यात्रियों को **डिजिटल यात्रा का अनुभव** प्रदान करना है, जिससे कागज़ रहित और निर्बाध यात्रा की सुविधा मिलती है।
- **Co-Win** भारत सरकार द्वारा समग्र देश में **कोविड-19 टीकाकरण के कुशल संचालन और प्रबंधन के लिये विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है**, जिसमें पंजीकरण, अपॉइंटमेंट शेड्यूलिंग और प्रमाणपत्र निर्माण शामिल है।
- **FASTag, भारत में टोल संग्रहण की इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है**, जिसका संचालन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है, जो **रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID)** तकनीक के उपयोग पर आधारित है, जिससे इससे जुड़े प्रीपेड या बचत खाते से सीधे स्वचालित टोल भुगतान की सुविधा मिलती है, जिससे टोल प्लाज़ा के माध्यम से निर्बाध आवागमन को बढ़ावा मिलता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**160. (D)**

**व्याख्या:**

**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR)**

- आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) **किसी बैंक की जमाराशि का वह प्रतिशत है** जिसे उसे भारतीय रिज़र्व बैंक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

(RBI) के पास नकद आरक्षित के रूप में रखना होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह **RBI द्वारा** अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिये उपयोग किया जाने वाला एक प्रमुख साधन है।

- भारत में सभी बैंकों {सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB) (RRB सहित), लघु वित्त बैंक (SFB), भुगतान बैंक, प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (UCB), राज्य सहकारी बैंक (StCB) और ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक (DCCB)} को **RBI के पास CRR बनाए रखना होता है।**
    - प्रत्येक गैर-अनुसूचित सहकारी बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक को स्वयं या भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) बनाए रखना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बैंक **CRR राशि** को कॉर्पोरेट या व्यक्तिगत उधारकर्त्ताओं को उधार नहीं दे सकते, बैंक उस धन का उपयोग निवेश उद्देश्यों के लिये नहीं कर सकते तथा बैंक उस धन पर कोई ब्याज अर्जित नहीं कर सकते।
- चूँकि बैंक की जमा राशि का एक हिस्सा RBI के पास है, इसलिये किसी भी आपात स्थिति में **राशि की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाती है।**
- CRR **मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने** में मदद करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - यदि अर्थव्यवस्था में उच्च मुद्रास्फीति का खतरा होता है, तो **RBI CRR बढ़ा देता है**, जिससे बैंकों को अधिक धन आरक्षित रखने की आवश्यकता होती है, जिससे बैंकों के लिये उपलब्ध धन की मात्रा प्रभावी रूप से कम हो जाती है।
        - इससे अर्थव्यवस्था में धन के अत्यधिक प्रवाह पर अंकुश लगता है।

**161. (B)**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- खान मंत्रालय ने **30 महत्त्वपूर्ण खनिजों** की पहचान की है जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये आवश्यक माना गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ये खनिज हैं एंटीमनी, बेरिलियम, बिस्मथ, **कोबाल्ट, ताँबा**, गैलियम, जर्मेनियम, **ग्रेफाइट**, हैफनियम, इंडियम, लिथियम, मोलिब्डेनम, नियोबियम, निकल, PGE, फॉस्फोरस, पोटाश, REE, रेनियम, **सिलिकॉन**, स्ट्रॉंटियम, टैंटलम, टेल्यूरियम, टिन, टाइटेनियम, **टंगस्टन**, वैनेडियम, ज़िरकोनियम, सेलेनियम और **कैडमियम।**
    - खान मंत्रालय ने **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)** और अन्य एजेंसियों के माध्यम से देश में इन खनिजों की खोज पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।
- **खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL)** नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी को तीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड और मिनरल एक्सप्लोरेशन कंपनी लिमिटेड के इक्विटी योगदान के साथ शामिल किया गया है, ताकि आपूर्ति पक्ष आश्वासन सुनिश्चित करने के लिये लिथियम, कोबाल्ट और अन्य जैसी महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक प्रकृति की **विदेशी खनिज परिसंपत्तियों की पहचान और अधिग्रहण** करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - KABIL ने महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिये अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के साथ अनुबंध किया है।
- संसद ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 पारित किया, जिसके तहत कुछ दुर्लभ मृदा तत्त्वों पर **प्रतिबंधात्मक वर्गीकरण** हटा दिया गया, जिन्हें पहले 'परमाणु खनिज' माना जाता था। **अत: कथन 3 सही है।**
    - परमाणु खनिजों से तात्पर्य ऐसे खनिजों से है, जिनका उपयोग **परमाणु ऊर्जा के उत्पादन या उपयोग** अथवा उससे संबंधित विषयों पर अनुसंधान के लिये किया जाता है या किया जा सकता है।

**162. (B)**

**व्याख्या:**

**कुलीनतंत्रीय सरकार का स्वरूप:**

- कुलीनतंत्र एक प्रकार की सरकार है जिसमें सत्ता **व्यक्तियों के एक छोटे समूह के हाथों में केंद्रित** होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- शासक समूह की पहचान कुलीनता, धन, शिक्षा, प्रसिद्धि या कॉर्पोरेट, धार्मिक, राजनीतिक या सैन्य संस्थाओं पर नियंत्रण जैसे कारकों से की जा सकती है।
- प्रमुख विशेषताओं में शासक वर्ग में शामिल होने में **बाधाओं के साथ विशिष्टता,** एक छोटे समूह के भीतर धन का संकेंद्रण, तथा नागरिकों का सीमित राजनीतिक प्रभाव शामिल हैं।
- कुलीनतंत्र में, **आम जनता का राजनीतिक निर्णयों पर सीमित या कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं** होता है, क्योंकि सत्ता एक छोटे, विशिष्ट समूह के हाथों में केंद्रित होती है, जो धन, कुलीनता या सैन्य नियंत्रण जैसे कारकों से अलग होता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**163. (C)**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि:**

- 19 सितंबर, 1960 को **विश्व बैंक** (World Bank) की मध्यस्थता के माध्यम से **भारत एवं पाकिस्तान** के बीच कराची (पाकिस्तान) में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये गए।
- यह संधि सिंधु नदी तथा इसकी पाँच सहायक नदियों **सतलुज, व्यास, रावी, झेलम एवं चिनाब** के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच **सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र** स्थापित करती है।
- इसमें निर्धारित किया गया है कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल भारत एवं पाकिस्तान के बीच किस प्रकार विभाजित किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसने तीन **पश्चिमी नदियों** सिंधु, चिनाब तथा झेलम को भारत द्वारा कुछ गैर-उपभोग्य, कृषि एवं घरेलू उपयोगों को छोड़कर अप्रतिबंधित उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया तथा तीन **पूर्वी नदियों रावी, ब्यास एवं सतलुज को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये भारत को आवंटित** किया गया।
- इसका अर्थ यह है कि 80% जल पाकिस्तान को चला गया, जबकि शेष 20% जल भारत के उपयोग के लिये रहेगा।
- सिंधु जल संधि के अंतर्गत दोनों देशों को एक **स्थायी सिंधु आयोग** का गठन करना होगा, जिसकी वार्षिक बैठक अनिवार्य होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- IWT एक **तीन-चरणीय विवाद समाधान तंत्र** प्रदान करता है जिसके अंतर्गत दोनों पक्षों के "प्रश्नों" को स्थायी आयोग द्वारा हल किया जा सकता है, अथवा इसे अंतर-सरकारी स्तर पर भी उठाया जा सकता है।
- जल-बंटवारे पर देशों के मतभेदों को विश्व बैंक द्वारा नियुक्त **तटस्थ विशेषज्ञ (NE)** द्वारा सुलझाया जा सकता है।
  - विश्व बैंक के किसी तटस्थ विशेषज्ञ की अपील को **विश्व बैंक** द्वारा स्थापित **मध्यस्थता न्यायालय** (Court of Arbitration) में भेजा जा सकता है।

**164. (A)**

**व्याख्या:**

**दुधवा टाइगर रिज़र्व:**

- दुधवा टाइगर रिज़र्व उत्तर प्रदेश में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एक **संरक्षित क्षेत्र** है।
  - यह मुख्य रूप से लखीमपुर खीरी और बहराईच ज़िलों में विस्तारित है।
  - यह राज्य का **एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान** है।
- इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:
  - **दुधवा राष्ट्रीय उद्यान,** जहाँ से सुहेली और मोहना नदियाँ प्रवाहित होती हैं,
  - **किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य,** जहाँ से शारदा नदी प्रवाहित होती है और
  - **कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य,** जहाँ से गेरुवा नदी प्रवाहित होती है।
    - ये सभी नदियाँ **घाघरा नदी की सहायक नदियाँ** हैं।
- यह **हिरणों की पाँच प्रजातियों के लिये अद्वितीय है,** जिनमें दलदली हिरण (बारासिंघा) भी शामिल है।
  - यह **बंगाल टाइगर** और संकटग्रस्त भारतीय एक सींग वाले गैंडे का भी आवास है, जो इसे पारिस्थितिकी रूप से महत्त्वपूर्ण बनाता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**165. ( A )**

**व्याख्या:**

**झींगा पालन:**

- झींगा क्रस्टेशियन (शेलफिश का एक रूप) है, जिसका शरीर अर्द्ध पारदर्शी होने के साथ चपटा होता है तथा उदर लचीला होने के साथ इसके पश्च भाग से संलग्न होता है।
    - उनके करीबी वंशज में केकड़े, क्रेफिश और झींगा मछली शामिल हैं। ये सभी महासागरों में उथले और गहरे जल में तथा मीठे जल की झीलों एवं झरनों में पाए जाते हैं।
- **झींगा पालन** का आशय मानव उपभोग के लिये तालाबों या टैंकों जैसे नियंत्रित क्षेत्रों में झींगा पालन करना है।
- भारत **विश्व के सबसे बड़े झींगा निर्यातकों** में से एक है।
    - आंध्र प्रदेश भारत का सबसे बड़ा झींगा उत्पादक राज्य है, जो भारत के झींगा उत्पादन का 70% है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सभी झींगा इकाइयाँ समुद्री उत्पाद **निर्यात विकास प्राधिकरण ( MPEDA ) तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ( FSSAI )** के साथ पंजीकृत हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे अमेरिकी संघीय विनियम संहिता के अनुसार, HACCP **( संकट विश्लेषण और गंभीर नियंत्रण बिंदु )** आधारित खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का पालन करते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- वर्ष 2002 से जलीय कृषि में औषधीय किंतु हानिकारक पदार्थों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**166. ( C )**

**व्याख्या:**

**नागरिकता:**

- नागरिकता **व्यक्ति और राज्य** के बीच संबंध को दर्शाती है।
- **मोतीलाल नेहरू समिति,** 1928 के समय से ही भारतीय नेतृत्व जस सोलि की प्रबुद्ध अवधारणा के पक्ष में था। **अत: कथन 1 सही है।**
    - जहाँ **'जस सोलि'** (Jus Soli) जन्म स्थान के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है, वहीं **'जस सांगुइनिस** (Jus Sanguinis) रक्त संबंधों को मान्यता देता है।
- नागरिकता को संविधान के तहत संघ सूची ( Union List ) में सूचीबद्ध किया गया है और इस प्रकार यह संसद के अनन्य अधिकार क्षेत्र में है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **संविधान 'नागरिक'** शब्द को परिभाषित नहीं करता है, लेकिन नागरिकता के लिये पात्र व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों का विवरण भाग 2 (अनुच्छेद 5 से 11) में दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- संविधान के अन्य प्रावधानों के विपरीत, जो 26 जनवरी, 1950 को अस्तित्व में आए इन अनुच्छेदों को संविधान को अपनाते हुए 26 नवंबर, 1949 को ही लागू कर दिया गया था।

**167. ( B )**

**व्याख्या:**

**मानसिक स्वास्थ्य:**

- **भारतीय पुनर्वास परिषद ( RCI )** चिकित्सीय या नैदानिक क्षेत्र के लिये नैदानिक मनोवैज्ञानिकों को लाइसेंस प्रदान करता है, लेकिन परामर्श जैसी अन्य मनोविज्ञान शाखाओं को विनियमित नहीं करता है।
- भारत में मनोचिकित्सक मनोचिकित्सा में विशेषज्ञता वाले चिकित्सक होते हैं और **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ( NMC ) द्वारा विनियमित होते हैं।**
- मनोवैज्ञानिकों की तुलना में, मनोचिकित्सकों के लिये अधिक संरचित नियामक ढाँचा मौजूद है, हालाँकि, नैतिक और व्यावसायिक मानकों का प्रवर्तन भिन्न होता है।
    - NMC सभी चिकित्सा पेशेवरों के लिये **नैतिक दिशा-निर्देश निर्धारित करता है, जबकि भारतीय मनश्चिकित्सा सोसायटी ( IPS )** मनश्चिकित्सा अभ्यास के लिये विशिष्ट नैतिक दिशा-निर्देश प्रदान करती है।
- इसके अतिरिक्त, ऐसे दिशा-निर्देशों का प्रवर्तन **कई निकायों पर निर्भर करता है,** जैसे राज्य चिकित्सा परिषद, अस्पताल आचार समितियाँ और न्यायपालिका, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

स्तरीय निगरानी होती है और जनता के डिजिटल पहुँच के लिये कोई मानक डेटाबेस नहीं होता है।

- प्रारंभिक कार्रवाई के रूप में, **मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख अधिनियम, 2017** के तहत जवाबदेही बढ़ाने के लिये शिकायत निवारण हेतु **मानसिक स्वास्थ्य समीक्षा बोर्ड** जैसे तंत्रों का प्रावधान किया गया है।
- इसके अतिरिक्त, IPS **चिकित्सकों के बीच नैतिक दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करता है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**168. (A)**

**व्याख्याः**

**सुभाष चंद्र बोसः**

- 1897 में कटक (वर्तमान का ओडिशा, तब बंगाल) में जानकीनाथ और प्रभावती बोस के घर जन्मे नेताजी का पालन-पोषण ऐसे परिवार में हुआ, जो **अंग्रेज़ी शिक्षा और हिंदू रीति-रिवाज़ों को महत्व देता था।**
- वह **रामकृष्ण परमहंस** और **स्वामी विवेकानंद** की शिक्षाओं के साथ-साथ बंकिम चंद्र चटर्जी के आनंद मठ के विषयों से भी प्रेरित थे।
  - उन्होंने पश्चिमी और भारतीय संस्कृतियों का एक अनूठा संश्लेषण विकसित किया, जो भारत की स्वतंत्रता और पुनरुत्थान पर केंद्रित था।
- एस.सी. बोस ने 1920 में **भारतीय सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिये वर्ष 1921 में इस्तीफा दे दिया।**
- वर्ष 1921 में नेताजी ने बंबई में महात्मा गांधी से भेंट की लेकिन स्वतंत्रता के प्रति उनके दृष्टिकोण, विशेषकर उनके धैर्य और अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता से असहमत थे।
- **वर्ष 1938 में, नेताजी हरिपुरा अधिवेशन में कॉन्ग्रेस अध्यक्ष चुने गए** और उन्होंने स्वराज की वकालत की तथा भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत भारतीय संघ का विरोध किया।
- वर्ष 1939 में, नेताजी त्रिपुरी अधिवेशन में गांधी समर्थित डॉ पट्टाभि सीतारमैया को हराकर कॉन्ग्रेस अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गए। गांधी ने इसे व्यक्तिगत हार के रूप में देखा, जिसके कारण जे.एल. नेहरू, पटेल और राजेंद्र प्रसाद सहित 15 कार्यसमिति सदस्यों में से 12 ने इस्तीफा दे दिया।
- बोस ने एक नई कार्यसमिति बनाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें इस्तीफा देना पड़ा और उनके स्थान पर राजेंद्र प्रसाद को नियुक्त किया गया।
- बोस ने 29 अप्रैल 1939 को पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और उग्र-वामपंथी कॉन्ग्रेस सदस्यों को एकजुट करने के लिये फॉरवर्ड ब्लॉक का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता के बाद साम्राज्यवाद-विरोध और समाजवाद पर आधारित वैकल्पिक नेतृत्व की पेशकश करना था।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**169. (B)**

**व्याख्याः**

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO):**

- वर्ष 1948 में स्थापित **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और सार्वभौमिक कल्याण के लिये कमज़ोर आबादी का समर्थन करने के लिये समर्पित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विश्व स्वास्थ्य सभा (WHA)** की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है, जिसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **सचिवालय WHA** द्वारा अनुमोदित नीतियों और कार्यक्रमों को क्रियान्वित करता है।
  - महानिदेशक WHA का नेतृत्व करते हैं और उन्हें एक वरिष्ठ प्रबंधन टीम का समर्थन प्राप्त होता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन को मुख्यतः दो स्रोतों से धन प्राप्त होता है:**
  - **मूल्यांकित योगदानः** यह संगठन में अपनी सदस्यता बनाए रखने के लिये सदस्य देशों द्वारा भुगतान किया जाने वाला अनिवार्य शुल्क है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **स्वैच्छिक योगदान:** इसमें **सदस्य देशों** (उनके निर्धारित योगदान से परे) और अन्य भागीदार जैसे संयुक्त राष्ट्र संगठन, अंतर-सरकारी निकाय, कल्याणकारी संस्थाएँ और निजी क्षेत्र की संस्थाएँ शामिल हैं।

- संयुक्त राज्य अमेरिका WHO का संस्थापक सदस्य है, तथा इसका सबसे बड़ा वित्तीय सहायक भी है, जो इसके कुल वित्तपोषण का लगभग 18% योगदान देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**170. (B)**

**व्याख्या:**

**वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट 2024:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट 2024** के अनुसार, भारत वैश्विक टीबी के मामले (26% मामले) में अग्रणी बना हुआ है तथा यहाँ दवा प्रतिरोधी TB (DR-TB) और टीबी से होने वाली मृत्यु भी अधिक है।
- भारत ने वर्ष 2015 से 2023 तक **तपेदिक (टीबी) की घटनाओं में उल्लेखनीय 17.7%** की गिरावट दर्ज की है।
  - यह गिरावट, जो वैश्विक औसत 8.3% से अधिक है, **राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी)** के तहत **2025 तक टीबी को खत्म करने की** भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**171. (A)**

**व्याख्या:**

**भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI):**

- भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) एक **स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है** जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **25 जनवरी को** ECI की स्थापना की वर्षगाँठ मनाई जाती है और इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह निकाय भारत में लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधान सभाओं तथा देश में **राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों** का संचालन करता है।
- इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। इसके लिये भारत के संविधान में अलग से राज्य चुनाव आयोग का प्रावधान है।
- **भाग XV (अनुच्छेद 324-329)** चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना करता है।
- मूल रूप से आयोग में **केवल एक निर्वाचन आयुक्त होता था**, लेकिन निर्वाचन आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद इसे बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया। **अत: कथन 3 सही है।**
  - निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और अन्य चुनाव आयुक्तों की संख्या (यदि कोई हो) शामिल होगी, जिन्हें राष्ट्रपति समय-समय पर निर्धारित करें।
  - वर्तमान में, इसमें **मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्त (EC) शामिल हैं।**

**172. (A)**

**व्याख्या:**

**भारत में गरीबी का अनुमान:**

- **अलघ समिति (1979): वाई.के. अलघ की अध्यक्षता में योजना आयोग** द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने पोषण संबंधी आवश्यकताओं और संबंधित उपभोग व्यय के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिये गरीबी रेखा का निर्माण किया।
  - आगामी वर्षों के लिये गरीबी अनुमान की गणना मुद्रास्फीति के लिये मूल्य स्तर को समायोजित करके की जानी थी।
- **लकड़वाला समिति (1993): डीटी लकड़वाला** की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन इस धारणा के आधार पर किया गया था कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक की गणना के लिये उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की टोकरी गरीबों के उपभोग प्रारूप को दर्शाती है।
- **तेंदुलकर समिति (2009): योजना आयोग** द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समूह, **जिसकी अध्यक्षता सुरेश तेंदुलकर ने की थी,** गरीबी आकलन की पद्धति की समीक्षा के लिये गठित किया गया था।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**173. ( B )**

**व्याख्या:**

**कृषक उत्पादक संगठन ( FPO ):**

- भारत सरकार ने FPO के पैमाने की अर्थव्यवस्था और बेहतर सौदेबाजी शक्ति के कारण किसानों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिये 2020 में "10,000 **किसान उत्पादक संगठनों ( FPO ) के गठन और संवर्द्धन** " की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना शुरू की, जिससे सदस्य किसानों की आय में सुधार हुआ।
- किसान उत्पादक संगठन (FPO) को सामूहिक सौदेबाजी को बढ़ाने, पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को प्राप्त करने तथा किसानों की आय और बाज़ार पहुँच में सुधार करने के लिये **लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ ( SFAC ) द्वारा समर्थित किया जाता है। अत: कथन I सही है।**
- **किसान उत्पादक संगठनों ( FPO ) को NAB संरक्षण** के लिये कम-से-कम 300 सदस्यों और **SFAC क्रेडिट गारंटी योजनाओं के लिये 500 सदस्यों** की आवश्यकता होती है, जिसमें पूर्वोत्तर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिये छूट शामिल है। **अत: कथन II सही है।**
- **NAB संरक्षण** का उद्देश्य सतत् और समतापूर्ण कृषि और ग्रामीण विकास के लिये ऋण गारंटी और संबंधित गतिविधियों को संचालित करना है।
- **भारत सरकार, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग** के तहत पंजीकृत सोसायटी, **लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम** के माध्यम से किसानों को संगठित करके, उन्हें **कंपनियों के रूप में पंजीकृत करने में मदद** करके तथा उनकी स्थिरता के लिए उन्हें सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बढ़ावा दे रही है।
- SFAC ने देश में विभिन्न FPO संवर्द्धन कार्यक्रम चलाए हैं, जैसे **शहरी क्लस्टर के लिये सब्जी पहल,** मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट (MOVCD), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, आदि।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।**

**174. ( D )**

**व्याख्या :**

**परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड ( AERB ):**

- **परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड को परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962** के तहत परिकल्पित विनियामक और सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में सुरक्षा मानक निर्धारित करने तथा नियम और विनियम बनाने की शक्तियाँ होंगी।
- **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के कार्य निम्नलिखित होंगे:**
  - **यह परमाणु ऊर्जा विभाग ( DAE )** और गैर-डीएई क्षेत्राधिकारों के तहत परमाणु सुविधाओं के लिये मानकों, कोड और दिशा-निर्देशों को स्थापित तथा लागू करके सुरक्षा अनुपालन को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **परमाणु ऊर्जा आयोग ( AEC )** और परमाणु ऊर्जा विभाग को परमाणु संयंत्र की साइटिंग, डिजाइन, निर्माण और संचालन पर सलाह देता है ताकि कर्मियों और जनता के लिये जोखिम कम से कम हो। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सुरक्षा स्थिति पर अध्यक्ष, AEC को समय-समय पर रिपोर्ट भेजें, जिसमें **सुरक्षा विनियमों** और मानकों का पालन और सभी डीएई और गैर-डीएई इकाइयों में सिफारिशों का कार्यान्वयन शामिल है। यह अध्यक्ष, एईसी को अपनी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**175. ( C )**

**व्याख्या:**

**दुर्लभ मृदा तत्त्व ( REE ):**

- दुर्लभ मृदा धातुएँ **सत्रह धातु तत्त्वों का एक समूह है।**
  - इनमें स्कैंडियम और इट्रियम के अतिरिक्त **आवर्त सारणी के पंद्रह लैंथेनाइड** शामिल हैं, जो लैंथेनाइड के समान भौतिक और रासायनिक गुण प्रदर्शित करते हैं।
- इन खनिजों में **अद्वितीय चुंबकीय, प्रकाशमान और विद्युत-रासायनिक** गुण होते हैं।
- ये खनिज स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों के **उत्पादन के लिये** अपरिहार्य हैं, जिनमें पवन टर्बाइन, सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहन, साथ

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

ही उच्च तकनीक वाले डिजिटल उत्पाद शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- जबकि इन खनिजों के वैश्विक भंडार पर्याप्त हैं, उनका वितरण **अत्यधिक असमान है। अतः कथन 2 सही है।**
- अनुमान के अनुसार, विश्व में दुर्लभ मृदा का कुल भंडार लगभग 110 मिलियन मीट्रिक टन है। इनमें से अधिकांश भंडार **चीन में स्थित हैं,** जिनका अनुमानित भंडार लगभग 44 मिलियन मीट्रिक टन है।
- पिछले तीन दशकों में तकनीकी प्रगति ने **अत्यधिक संकेंद्रित आपूर्ति शृंखलाओं** को जन्म दिया है, जिसमें चीन ने खनन के साथ-साथ कई प्रमुख खनिजों के प्रसंस्करण पर महत्त्वपूर्ण नियंत्रण किया है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह प्रभुत्व **प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों,** घरेलू उत्पादन और विदेशी अधिग्रहणों, विशेष रूप से अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में, में रणनीतिक निवेश के माध्यम से हासिल किया गया है।

**176. (B)**

**व्याख्या:**

- IFSC प्राधिकरण द्वारा जारी IFSC **फंड प्रबंधन विनियम, 2022**, ऐसे फंडों की स्थापना की सुविधा प्रदान करता है जो **भारत** और अन्य स्वीकृत विदेशी क्षेत्राधिकारों में निवेश कर सकते हैं, जिससे उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्ति (HNI) विदेशी मुद्रा-मूल्यवान प्रतिभूतियों के साथ **अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने में सक्षम होते हैं । अतः कथन-I सही है।**
  - **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण IFSC में** वित्तीय उत्पादों जैसे प्रतिभूतियों, जमा या बीमा, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के अनुबंधों को नियंत्रित करता है, जिन्हें पहले किसी उपयुक्त नियामक जैसे **भारतीय रिज़र्व बैंक** , भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), आदि द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- गुजरात **इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (GIFT IFSC)** वित्त और प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो HNI और फंड मैनेजरों के लिये एक सुव्यवस्थित और लागत-कुशल विनियामक ढाँचा प्रदान करता है, जो खुद को सिंगापुर और मॉरीशस जैसे स्थापित वैश्विक वित्तीय केंद्रों के लिये एक प्रतियोगी के रूप में स्थापित करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।**

**177. (B)**

**व्याख्या:**

**समकारी शुल्क:**

- समकारी लेवी **उन विदेशी कंपनियों पर कर लगाने के लिये शुरू की गई थी** जिनकी **भारत में महत्त्वपूर्ण डिजिटल उपस्थिति है** और जो स्थानीय ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करती हैं, भले ही वे ऑफशोर संचालित हों और उन पर घरेलू कर दायित्व न हों। इस उपाय का उद्देश्य **घरेलू और विदेशी व्यवसायों के लिये समान अवसर सर्जित करना है।**
- इस शुल्क से **प्रमुख अमेरिकी डिजिटल कंपनियाँ** प्रभावित हुईं, जिसके कारण वाशिंगटन ने लगभग 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर के करों की भरपाई के लिये **कई भारतीय उत्पादों पर 25%** तक का प्रतिकारी आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा।
- नवंबर 2021 में, भारत और अमेरिका ने अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण से उत्पन्न होने वाली कर चुनौतियों का समाधान करने के लिये **OECD/G20 समावेशी ढाँचे के दो-स्तरीय समाधान के तहत सहमति व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिशोधात्मक शुल्कों को निलंबित कर दिया गया।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**178. (C)**

**व्याख्या:**

**प्रमुख निर्णय:**

- **एके गोपालन बनाम मद्रास राज्य (1950):**
  - **ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य** (1950) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय संविधान के भाग III के अंतर्गत मूल अधिकारों की व्याख्या की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इस मामले में, न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षण **केवल मनमानी कार्यकारी कार्रवाई के विरुद्ध उपलब्ध है**, न कि मनमानी विधायी कार्रवाई के विरुद्ध।
- इसका अर्थ यह है कि राज्य विधि के आधार पर **किसी व्यक्ति को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित कर सकता है। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

- **शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (1951):**
  - **इस मामले में प्रथम संशोधन अधिनियम (1951)** की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति में **मूल अधिकारों में संशोधन करने की शक्ति भी सम्मिलित है।**
  - अनुच्छेद 13 में 'विधि' शब्द में **केवल साधारण विधियाँ शामिल हैं**, संविधान संशोधन अधिनियम (संविधायी विधि) शामिल नहीं हैं।
  - अतः **संसद संवैधानिक संशोधन अधिनियम बनाकर किसी भी मूल अधिकार को न्यून कर सकती है या उसे हटा सकती है** और ऐसी विधि अनुच्छेद 13 के तहत शून्य नहीं होगा। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

- **न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ (2017):**
  - **अगस्त 2017 में, जस्टिस केएस पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ** में सर्वोच्च न्यायालय की नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से अभिनिर्धारित किया कि भारतीयों को निजता का संवैधानिक रूप से संरक्षित मूल अधिकार है जो अनुच्छेद 21 के तहत प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का आंतरिक हिस्सा है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
  - इसने यह विनिर्णय किया गया कि **निजता एक नैसर्गिक अधिकार है** जो सभी प्रकृत व्यक्तियों में निहित है और यह अधिकार केवल राज्य की कार्रवाई द्वारा प्रतिबंधित किया जा सकता है जो तीन परीक्षणों में से प्रत्येक को पारित करता है:
    - प्रथम, ऐसी राज्य कार्रवाई के लिये **विधायी अधिदेश होना चाहिये;**
    - दूसरा, इसमें एक **वैध राज्य उद्देश्य का अनुसरण होना चाहिये**; तथा
    - **तीसरा, यह आनुपातिक** होना चाहिये, अर्थात्, राज्य की ऐसी कार्रवाई- अपनी प्रकृति और सीमा दोनों में, एक लोकतांत्रिक समाज में आवश्यक होनी चाहिये और यह कार्रवाई लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये उपलब्ध विकल्पों में से सबसे न्यून हस्तक्षेप करने वाली होनी चाहिये।

- **अतः विकल्प C सही है।**

**179. (B)**

**व्याख्या:**

- **महापाषाण** पत्थर की बड़ी संरचनाओं को संदर्भित करते हैं, जिन्हें या तो कब्रगाह या स्मारक स्थल के रूप में निर्मित किया गया था। **अतः कथन-I सही है।**
- भारतीय पुरातत्ववेत्ता अधिकांश महापाषाणों का इतिहास लौह युग (1500 ई.पू. से 500 ई.पू.) से जोड़ते हैं, हालाँकि कुछ स्थल लौह युग से भी पूर्व के हैं, **जो 2000 ई.पू. तक फैले हुए हैं।**
- विश्व स्तर पर, लौह युग ताम्र-कांस्य युग के बाद आया, लेकिन भारत में, उत्तर ताम्रपाषाण काल बना रहा, **दक्षिण में 3,000 से अधिक स्थलों के साथ, लोहे को अपनाया गया, जो** दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व को दर्शाता है। **अतः कथन-II सही है।**
- महापाषाण भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हुए हैं। इनमें से अधिकांश प्रायद्वीपीय भारत में पाए जाते हैं, जो महाराष्ट्र (मुख्य रूप से विदर्भ), कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों में केंद्रित हैं।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**180. (B)**

**व्याख्या:**

**संघवाद:**

- भारतीय संविधान कुछ एकात्मक विशेषताओं के साथ एक संघीय प्रणाली स्थापित करता है। इसे कभी-कभी **अर्द्ध-संघीय प्रणाली**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**भी कहा जाता है**, क्योंकि इसमें संघ और संघशासित दोनों के तत्व शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- संविधान संघ सरकार और राज्य सरकारों के बीच विधायी, प्रशासनिक और कार्यकारी शक्तियों के वितरण को निर्दिष्ट करता है।

- **एक साथ मिलकर संघ का निर्माण:** इस प्रकार में, स्वतंत्र राज्य एक साथ मिलकर एक बड़ी इकाई का निर्माण करते हैं। यहाँ एक साथ मिलकर संघ बनाने वाले संघ की तुलना में **राज्यों को अधिक स्वायत्तता प्राप्त होती है। उदाहरण: USA, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्ज़रलैंड।**
- **संघ का एकत्रीकरण:** इस प्रकार में संपूर्ण निकाय में विविधता को समायोजित करने के लिये **विभिन्न घटक भागों के बीच शक्तियों को साझा किया जाता है**। यहाँ शक्तियाँ केंद्रीय प्राधिकरण की ओर अवनमित होती हैं। **उदाहरण:** भारत, स्पेन, बेल्जियम। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **S.R. बोम्मई बनाम भारत संघ मामला, 1994:**
- निर्णय में अनुच्छेद 356 के **दायरे** और सीमाओं पर स्पष्टता प्रदान की गई तथा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही इसके उपयोग पर बल दिया गया।
- इस मामले में **संघवाद के सिद्धांतों की पुष्टि की गई,** जिसमें कहा गया कि राज्य सरकारें केंद्र के अधीन नहीं हैं और सहकारी संघवाद की वकालत की गई। **अतः कथन 3 सही है।**
- **निर्णय में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति के कार्यों की जाँच करने**, संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने और सत्ता के दुरुपयोग को रोकने में न्यायपालिका की भूमिका पर बल दिया गया।
- इसने पुष्टि की कि सरकार के बहुमत का परीक्षण करने का एकमात्र अधिकार विधानसभा सदन के पास है, न कि राज्यपाल की व्यक्तिपरक राय पर।

**181. (D)**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान में स्पष्ट रूप से मृत्युदंड को असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में संवैधानिक ढाँचे के अनुसार, दया याचिका के लिये राष्ट्रपति से अनुरोध करना अंतिम संवैधानिक सहारा है।
  - जब एक दोषी को विधिक न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई जाती है तो दोषी भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत भारत के राष्ट्रपति को दया याचिका पेश कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसी प्रकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत राज्यों के राज्यपालों को क्षमादान की शक्ति दी गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**182. (C)**

**व्याख्या:**

**नागरिकता:**

- नागरिकता को संविधान के तहत '**संघ सूची** में सूचीबद्ध किया गया है और इस प्रकार यह संसद के अनन्य अधिकार क्षेत्र में है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान '**नागरिक' शब्द** को परिभाषित नहीं करता है लेकिन नागरिकता के लिये पात्र व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों का विवरण **भाग 2 (अनुच्छेद 5 से 11)** में दिया गया है।
- संविधान के अन्य प्रावधानों के विपरीत (जो 26 जनवरी, 1950 को अस्तित्व में आए) ये अनुच्छेद 26 नवंबर, 1949 (जब संविधान को अपनाया गया था) को ही लागू कर दिये गये थे।
- **भारतीय नागरिकता** को जन्म, वंश, पंजीकरण और प्राकृतिकरण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जैसा कि नागरिकता अधिनियम, 1955 में उल्लिखित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**183. (A)**

**व्याख्या:**

- **चक्रीय मंदी:**
  - चक्रीय मंदी, **सीमित आर्थिक गतिविधि** की एक ऐसी अवधि है जो नियमित अंतराल पर होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ऐसी मंदी **अल्प-से-मध्यम अवधि तक चलती** है और यह व्यापार चक्र में होने वाले परिवर्तनों पर आधारित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- आमतौर पर अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिये **अंतरिम राजकोषीय एवं मौद्रिक उपाय,** ऋण बाज़ारों का अस्थायी पुनर्पूंजीकरण तथा **आवश्यकता-आधारित विनियामक परिवर्तन** आवश्यक होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- दूसरी ओर **संरचनात्मक मंदी** के लिये सरकार को कुछ संरचनात्मक नीतियाँ अपनाने की आवश्यकता होती है। इस संबंध में सबसे अच्छा उदाहरण वर्ष 1991 के आर्थिक संकट को दूर करने के लिये किये गए सुधार हैं।

**184. ( A )**

**व्याख्या:**

- **डीपसीक** एक अत्याधुनिक AI कंपनी है जिसे विश्व में सबसे **उन्नत बड़े-भाषा मॉडल में से एक** विकसित करने के लिये जाना जाता है। इनके हालिया **नवाचारों में सीखने की तकनीकों के माध्यम से जटिल निर्णय निर्माण हेतु अनुकूलित तर्क मॉडल** शामिल हैं। डीपसीक की तकनीक डेटा विश्लेषण और पूर्वानुमान क्षमताओं के माध्यम से उद्योगों को बदलने में भूमिका निभा रही है।
- **स्टारगेट एक महत्त्वाकांक्षी बुनियादी ढाँचा परियोजना** है जिसका उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास में क्रांति लाना है। यह **बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर** एवं AI बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, रोज़गार सृजित करना तथा वैश्विक AI परिदृश्य में देश की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा देना शामिल है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**185. ( A )**

**व्याख्या:**

**फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025:**

- **विश्व आर्थिक मंच ( WEF )** ने अपनी '**फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025**' जारी की, जिसमें वर्ष 2030 तक वैश्विक नौकरी बाज़ार को आकार देने वाले प्रमुख निष्कर्षों और परिवर्तनों पर प्रकाश डाला गया है।
  - 55 अर्थव्यवस्थाओं से प्राप्त इनपुट के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में वर्ष 2030 तक 78 मिलियन नौकरियों की निवल वृद्धि का अनुमान लगाया गया है तथा इस तथ्य पर प्रकाश डाला गया है कि किस प्रकार प्रौद्योगिकी, आर्थिक बदलाव और हरित परिवर्तन नौकरियों और कौशल को प्रभावित करते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**186. ( C )**

**व्याख्या:**

**पर्यावरण, सामाजिक और शासन ( ESG ):**

- पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) लक्ष्य **किसी कंपनी के संचालन के लिये मानकों का एक समुच्चय है** जिससे कंपनियों पर बेहतर प्रशासन, नैतिक प्रथाओं, पर्यावरण के अनुकूल उपायों और सामाजिक ज़िम्मेदारी का पालन करने का दबाव बनता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पर्यावरणीय मानदंड में इस तथ्य पर विचार किया जाता है कि किसी कंपनी का प्रकृति के संरक्षक के रूप में किस प्रकार प्रदर्शन है।
  - सामाजिक मानदंड में इस तथ्य की जाँच की जाती है कि कंपनी कर्मचारियों, आपूर्तिकर्त्ताओं, ग्राहकों और उन समुदायों के साथ संबंधों का प्रबंधन किस प्रकार करती है जहाँ वह संचालन करती है।
  - शासन **कंपनी के नेतृत्व**, कार्यकारी वेतन, लेखा परीक्षा, आंतरिक नियंत्रण और शेयरधारक अधिकारों से संबंधित है।
- **इसमें निवेश निर्णयों को निर्देशित करने हेतु एक मीट्रिक के रूप में गैर-वित्तीय कारकों** पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसमें वित्तीय रिटर्न में वृद्धि अब निवेशकों का एकमात्र उद्देश्य नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र के उत्तरदायी संनिवेशन सिद्धांतों ( UNPRI )** की शुरुआत के बाद से, ESG ढाँचे को आधुनिक समय के व्यवसायों के लिये एक अविभाज्य कड़ी के रूप में मान्यता दी गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**187. ( B )**

**व्याख्या:**

**लाल सागर:**

- लाल सागर एक **अर्द्ध-परिबद्ध उष्णकटिबंधीय बेसिन है,** जो पश्चिम में उत्तरपूर्वी अफ्रीका और पूर्व में अरब प्रायद्वीप से परिवेशित है।
- लंबी और संकीर्ण आकार की यह बेसिन **उत्तर-पश्चिम में भूमध्य सागर** और दक्षिण-पूर्व में हिंद महासागर के बीच विस्तृत है।
- उत्तरी छोर पर यह **अकाबा की खाड़ी और स्वेज़ की खाड़ी में विभाजित हो जाती है,** जो स्वेज़ नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ी हुई है।
- दक्षिणी छोर पर यह बाब-अल-मन्देब जलडमरूमध्य के माध्यम से **अदन की खाड़ी और बाहरी हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है।**
- यह **मरूस्थलीय या अर्द्ध-मरूस्थलीय क्षेत्रों से परिवेशित है** तथा यहाँ अलवणीय जल का कोई बृहद अंतर्वाह नहीं है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**188. ( B )**

**व्याख्या:**

**माइक्रोफाइनेंस संस्थाएँ:**

- MFI, ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को **छोटे ऋण** और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनके पास बैंकिंग सुविधाओं का अभिगम नहीं है। **अत: कथन-I सही है।**
  - माइक्रोफाइनेंस का लक्ष्य **निम्न आय और बेरोज़गार लोगों** को आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है।
  - यह वित्तीय समावेशन के लिये एक शक्तिशाली साधन के रूप में कार्य करता है, तथा हाशिए पर स्थित और निम्न आय वर्ग के लोगों, विशेषकर महिलाओं को सामाजिक समानता और सशक्तीकरण प्राप्त करने में सहायता करता है।
- **RBI NBFC-MFI ढाँचे (2014) के तहत MFI को नियंत्रित करता है,** जिसमें ग्राहक सुरक्षा, उधारकर्त्ता सुरक्षा, गोपनीयता और ऋण मूल्य निर्धारण शामिल हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- भारत में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, तथा 29 राज्यों, 4 केंद्रशासित प्रदेशों तथा 563 ज़िलों में 168 माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI) कार्यरत हैं।
- ये संस्थाएँ 3 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करती हैं।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**189. ( C )**

**व्याख्या:**

- **निजी लेबलिंग** एक व्यावसायिक रणनीति को संदर्भित करता है, जहाँ खुदरा विक्रेता अपने नाम से उत्पाद बेचता है जबकि उन्हें तीसरे पक्ष के निर्माताओं से आउटसोर्सिंग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस दशा में, खाद्य वितरण की बड़ी कंपनियाँ सीधे तीसरे पक्ष के विक्रेता से खाद्य और पेय पदार्थ खरीदकर उन्हें त्वरित वाणिज्य डार्क स्टोर्स से वितरित करेंगी।
- वर्तमान में, **उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम 2020** के अंतर्गत बिचौलियों को अपने निजी लेबल के तहत अथवा किसी ऐसी कंपनी के माध्यम से अपने प्लेटफॉर्म पर वस्तु बेचना प्रतिबंधित है जिसमें उनकी हिस्सेदारी है। अत: **भारत में इस प्रथा की अनुमति नहीं है। अत: कथन 2 सही है।**

**190. ( A )**

**व्याख्या:**

**सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व:**

- सिमिलिपाल दक्कन प्रायद्वीप जैवभौगोलिक क्षेत्र में स्थित है।
- इसमें मुख्य रूप से **आर्द्र मिश्रित पर्णपाती वन हैं,** जिनमें उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार क्षेत्र और विकीर्ण शुष्क पर्णपाती वन और घास स्थल हैं।
- इसमें भारत के 7% पुष्पी पादप तथा 8% आर्किड प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यहाँ 55 स्तनपायी प्रजातियाँ, 361 पक्षी प्रजातियाँ, 62 सरीसृप प्रजातियाँ, 21 उभयचर प्रजातियाँ, तथा असंख्य कीट और सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं।
- बाघों के अतिरिक्त यहाँ पाई जाने वाली अन्य प्रमुख प्रजातियों में सांभर, चीतल, बार्किंग डियर, गौर, माउस डियर, तेंदुए, मछली पकड़ने वाली बिल्लियाँ आदि शामिल हैं।
- प्रबंधन प्रयासों से खैरी और देव नदियों के किनारे पाए जाने वाले मगर प्रजाति के मगरमच्छों की संख्या में पुन: वृद्धि हुई है।
- इसे 2009 से **ग्लोबल नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर साइट के रूप** में भी नामित किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**191. (C)**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- संशोधित RBI अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) गठित करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- MPC को वर्ष में कम-से-कम चार बार बैठक करना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- MPC के प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है और वोटों की बराबरी की स्थिति में, गवर्नर के पास दूसरा या निर्णायक वोट होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**192. (C)**

**व्याख्या:**

**संविधान की छठी अनुसूची:**

- छठी अनुसूची मूल रूप से **अविभाजित असम के मुख्यत: जनजातीय क्षेत्रों (जनजातीय समष्टि 90% से अधिक) के लिये थी**, जिसे भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत "अपवर्जित क्षेत्रों" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और यह राज्यपाल के प्रत्यक्ष नियंत्रण में था।
- संविधान की छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में **जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये** इन राज्यों में जनजातीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा किये जाने का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विशेष प्रावधान संविधान के **अनुच्छेद 244(2) और अनुच्छेद 275(1) के तहत किया गया है।**
- छठी अनुसूची स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC) के माध्यम से इन क्षेत्रों के प्रशासन में स्वायत्तता प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन परिषदों को अपनी अधिकारिता के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के संबंध में विधि निर्माण करने का अधिकार है, जिसमें भूमि, वन, खेती, उत्तराधिकार, जनजातियों के स्वदेशी रीति-रिवाज़ और परंपराएँ आदि शामिल हैं तथा भूमि राजस्व एवं कुछ अन्य करों की लेवी करने का भी अधिकार है।
- **ADC लघु राज्यों की तरह हैं** जिनके पास शासन के तीनों अंगों: विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के संबंध में विशिष्ट शक्तियाँ और ज़िम्मेदारियाँ होती हैं।

**193. (A)**

**व्याख्या:**

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM):**

- यह EU का एक साधन है, जिसके माध्यम से EU में प्रवेश करने वाले कार्बन-गहन वस्तुओं के उत्पादन के दौरान उत्सर्जित कार्बन पर उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है तथा **गैर-EU देशों में स्वच्छ औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है।**
- यह सुनिश्चित करता है कि **आयात के लिये कार्बन मूल्य** यूरोपीय संघ द्वारा उत्पादित वस्तुओं पर लागू कार्बन मूल्य से मेल खाता हो, जिससे निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा बनी रहे।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**194. (C)**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF):**

- **कोई भी देश, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र का सदस्य हो या न हो,** IMF की अनुबंध शर्तों और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार IMF का सदस्य बन सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- IMF में शामिल होने पर, प्रत्येक सदस्य देश **एक निश्चित राशि का योगदान देता है**, जिसे कोटा सदस्यता कहते हैं, जो देश की संपत्ति और आर्थिक निष्पादन (कोटा फॉर्मूला) पर आधारित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह सकल घरेलू उत्पाद का भारित औसत है। (50% भारांक)
    - GDP खुलापन (आर्थिक नीतियों में उदारीकरण)। (30% भारांक)
    - आर्थिक परिवर्तनशीलता। (15% भारांक)
    - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा भंडार। (15% भारांक)
- सदस्य देशों की जीडीपी का मापन बाज़ार आधारित विनिमय दरों (60% भारांक) एवं पीपीपी विनिमय दरों (40% भारांक) पर आधारित मिश्रित जीडीपी के माध्यम से किया जाता है।
- **विशेष आहरण अधिकार (SDR)** IMF सदस्य देशों द्वारा धारित मुद्रा पर दावा हैं जिसके बदले में उनका आदान-प्रदान किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- विशेष आहरण अधिकार (SDR) IMF खाता की एक इकाई है न कि एक मुद्रा।
- SDR की मुद्रा कीमत का निर्धारण अमेरिकी डॉलर में मूल्यों को जोड़कर किया जाता है, जो बाज़ार विनिमय दर, मुद्राओं की एक SDR बास्केट पर आधारित होता है।

**195. (B)**

**व्याख्या:**

**भारतीय संघवाद:**

- संविधान में उल्लिखित भारत के संघवाद ने उल्लेखनीय लचीलेपन का प्रदर्शन किया है।
- संविधान में संघीय विशेषताओं, जैसे **शक्तियों का विभाजन, लिखित संविधान और स्वतंत्र न्यायपालिका** को एक मज़बूत केंद्रीय प्राधिकरण, आपातकालीन प्रावधानों और केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपालों जैसी एकात्मक विशेषताओं के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित किया गया है।
- भारतीय संघवाद में, राज्यों को राज्यसभा में समान प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। **यह प्रतिनिधित्व राज्यों की जनसंख्या के आधार पर होता है,** जबकि अमेरिका जैसी व्यवस्था में सीनेट में प्रत्येक राज्य का समान प्रतिनिधित्व होता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**196. (B)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम (NGRMP):**

- यह **ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) से उत्पन्न जोखिमों को दूर करने** के लिये भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है । **अतः कथन-I सही है।**
- अभियान दल ग्लेशियल लेक की **संरचनात्मक स्थिरता और संभावित उल्लंघन बिंदुओं** का आकलन करते हैं, प्रासंगिक जल विज्ञान और भूवैज्ञानिक नमूने और डेटा एकत्र करते हैं, जल की गुणवत्ता और प्रवाह दरों को मापते हैं, जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करते हैं, और निचले इलाकों के समुदायों को जागरूक करते हैं।
- इसका उद्देश्य **खतरों का आकलन करना, स्वचालित निगरानी** और पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ स्थापित करना, तथा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) के जोखिम को कम करने के लिये लेक लोअरिंग के उपायों को लागू करना है।
- लेक लोअरिंग वे तकनीकें हैं जिनका उपयोग ग्लेशियल लेक में जल की मात्रा को कम करने के लिये किया जाता है ताकि GLOF के जोखिम को कम किया जा सके।
- NDMA चयनित 189 "उच्च जोखिम वाली" ग्लेशियल लेक की जमीनी हकीकत जानने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- **ग्राउंड-ट्रूथिंग** रिमोट सेंसिंग या अन्य अप्रत्यक्ष तरीकों से एकत्र किये गए डेटा को साइट पर किये गए प्रत्यक्ष अवलोकनों के साथ तुलना करके मान्य और सत्यापित करने की प्रक्रिया है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**197. ( A )**

**व्याख्या:**

- **क्वाड के माध्यम से, अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत** के साथ अपने व्यापक सहयोग को बढ़ाया है, जिससे क्षेत्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला का समाधान हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- AUKUS, ऑस्ट्रेलिया को परमाणु पनडुब्बियों से लैस करने के लिये अमेरिका और ब्रिटेन के केंद्रित सहयोग को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक में संभावित संघर्षों को रोकना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अमेरिका ने दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में चीनी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिये स्क्वाड के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस के साथ **सुरक्षा सहयोग को मज़बूत किया है, जिसमें क्वाड** इन पहलों में सबसे विविध और व्यापक एजेंडा बनाए रखता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**198. ( C )**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग ( CCI ):**

- यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त छह सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके सदस्य कानून, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रशासन और सार्वजनिक मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं।
  - अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होंगे।
- आयोग विभिन्न प्रभागों के माध्यम से कार्य करता है तथा अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिये पेशेवरों की एक टीम नियुक्त करता है।

**199. ( A )**

**व्याख्या:**

**समान नागरिक संहिता ( UCC ):**

- समान नागरिक संहिता की अवधारणा का उल्लेख **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44** में राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व के रूप में किया गया है, जहाँ कहा गया है कि राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिये एकसमान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि यह कानूनी रूप से प्रवर्तनीय (enforceable) अधिकार नहीं है, बल्कि राज्य के लिये एक मार्गदर्शक सिद्धांत है।
- **उत्तराखंड** स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने समान नागरिक संहिता (UCC) को अपनाया है, हालाँकि यह ऐसा करने वाला पहला राज्य नहीं है क्योंकि गोवा में पुर्तगाली शासन के समय से ही यह लागू है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इससे पहले **गोवा भारत का एकमात्र राज्य था** जहाँ वर्ष 1867 की पुर्तगाली नागरिक संहिता के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू थी।

**200. ( D )**

**व्याख्या:**

- **संविधान के अनुच्छेद 245** के तहत , राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून केवल राज्य क्षेत्र तक ही लागू होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- निजता के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत **जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के आंतरिक भाग के रूप में** एवं संविधान के भाग III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के एक भाग के रूप में संरक्षित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ** मामले में निजता और उसके महत्त्व को वर्णित किया। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, निजता का अधिकार एक मौलिक और अविच्छेद्य अधिकार है और इसके तहत व्यक्ति से जुड़ी सभी सूचनाओं के साथ उसके द्वारा लिये गए निर्णय शामिल हैं।

**201. ( A )**

**व्याख्या:**

**वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट ( ASER ) 2024:**

- कोविड-19 महामारी के दौरान अधिगम में बाधा के कारण लंबे समय तक गिरावट के बाद, अब स्कूली छात्रों के बीच **बुनियादी**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन (FLN) में बहुत थोड़ा सुधार हुआ है।**

- यह गैर-सरकारी संगठन **प्रथम फाउंडेशन द्वारा जारी 14वीं** वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) का मुख्य निष्कर्ष है।

- ASER **एक वार्षिक, नागरिक-नेतृत्व वाला घरेलू सर्वेक्षण है** जिसका उद्देश्य भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों का स्कूल में नामांकन और उनके अधिगम का मूल्यांकन करना है।
- **वर्ष 2005 से प्रत्येक वर्ष भारत के सभी ग्रामीण ज़िलों में** ASER का आयोजन किया जाता है। यह भारत में नागरिकों द्वारा किया जाने वाला सबसे बड़ा सर्वेक्षण है।
- ASER सर्वेक्षणों ने राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर **3 से 16 वर्षीय आयु वर्ग के बच्चों** की नामांकन स्थिति और **5 से 16 वर्षीय आयु वर्ग के बच्चों** के बुनियादी पढ़ने और अंकगणित के स्तर पर डेटा प्रदान किया है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**202. (A)**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय समेकन:**

- राजकोषीय समेकन से तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के **विवेकपूर्ण प्रबंधन** से है। **अतः कथन-I सही है।**
- इसके अंतर्गत **सरकारी राजस्व** (कर और गैर-कर प्राप्तियाँ) को व्यय के साथ संतुलित किये जाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करना, लोक ऋण को नियंत्रित करना तथा सतत् आर्थिक विकास का समर्थन करना है। **अतः कथन-II सही है।**
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे आवश्यक, कुशल और उत्पादक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना।
  - कर संग्रहण को अधिकतम करना, कर चोरी को कम करना तथा कर आधार को व्यापक बनाना।
  - अत्यधिक उधार लेने का परिहार करने हेतु राजकोषीय घाटे को सीमित करना।
  - आर्थिक संकटों से बचने हेतु लोक ऋण को धारणीय बनाए रखना।
  - लेखापरीक्षा और विनियमों के अनुपालन के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**203. (A)**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद:**

- **संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत,** अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी इसकी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सुरक्षा परिषद पंद्रह सदस्य देशों से मिलकर** बनती है, जिसमें पाँच स्थायी सदस्य, चीन, फ्राँस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ्रेपो **दस गैर-स्थायी** सदस्य शामिल हैं, जिन्हें क्षेत्रीय आधार पर महासभा द्वारा **दो वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**204. (C)**

**व्याख्या:**

**कैलाश पर्वत:**

- **कैलाश पर्वत (ऊँचाई 6,638 मीटर), काले पत्थर से बना हीरे के आकार का शिखर है और** ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु और करनाली सहित **एशिया की प्रमुख नदियों** का स्रोत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **कैलाश मानसरोवर यात्रा (KMY)** हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और बॉन अनुयायियों द्वारा पूजनीय है।
  - हिंदुओं का मानना है कि भगवान शिव शिखर पर निवास करते हैं, जबकि जैन इसे **अष्टपद पर्वत माना जाता है की** यहाँ ऋषभदेव ने मोक्ष प्राप्त किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत और चीन** ने विशेष प्रतिनिधियों (SR) की 23वीं बैठक आयोजित की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर सैनिकों की वापसी के समझौते की पुष्टि की गई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **वार्ता में तिब्बत में कैलाश पर्वत** और **मानसरोवर झील** की पवित्र तीर्थयात्रा कैलाश मानसरोवर यात्रा (KMY) को फिर से शुरू करने पर चर्चा हुई, जिसे कोविड-19 और चीन द्वारा व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न करने के कारण वर्ष 2020 से निलंबित कर दिया गया है।
  - कैलाश पर्वत के निकट मानसरोवर झील अपनी आध्यात्मिक शक्ति के लिये पूजनीय है।
- **भारत प्रतिवर्ष जून और सितंबर के बीच उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे (1981 से)** तथा सिक्किम में **नाथू ला दर्रे (2015 से)** के माध्यम से KMY का आयोजन करता है।

**205. (B)**

**व्याख्या:**

**कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क (KMGBF):**

- यह एक **बहुपक्षीय संधि** है जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैवविविधता की हानि को रोकना और उसकी पुनर्प्राप्ति करना है। **अत: कथन I सही है।**
- दिसंबर 2022 में पार्टियों के 15वें सम्मेलन (CoP) के दौरान अपनाया गया यह प्रस्ताव **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** का समर्थन करता है और जैवविविधता के लिये 2011-2020 रणनीतिक योजना की उपलब्धियों और सबक पर आधारित है।
  - इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वर्ष 2030 तक कम से कम **30% क्षतिग्रस्त स्थलीय,** अंतर्देशीय जल, समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को **प्रभावी ढंग से बहाल किया जाए।**
  - इसमें वर्ष 2030 तक तत्काल कार्यवाही के लिये 23 कार्य-उन्मुख वैश्विक लक्ष्य शामिल हैं।
  - यह लक्ष्य सामूहिक वैश्विक प्रयासों को संदर्भित करता है, न कि प्रत्येक देश के लिये अपने भूमि और जल क्षेत्र का 30% आवंटित करने का आदेश।
  - यह रूपरेखा वर्ष 2050 तक प्रकृति के साथ **सामंजस्य स्थापित करने के लिये सामूहिक प्रतिबद्धता** की परिकल्पना करती है, तथा जैवविविधता संरक्षण और सतत् उपयोग से संबंधित वर्तमान कार्यों और नीतियों के लिये एक आधारभूत मार्गदर्शिका प्रदान करती है।
- **भारत की पहली राष्ट्रीय जैवविविधता रणनीति और कार्य योजना (NBSAP)** वर्ष 1999 में बनाई गई थी, जिसे आईची जैवविविधता लक्ष्यों के अनुरूप वर्ष 2008 और वर्ष 2014 में अद्यतन किया गया था।
  - भारत एक **विशाल विविधता वाला राष्ट्र** है, यहाँ 55,000 से अधिक वनस्पतियाँ और 100,000 से अधिक पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं। संरक्षण आजीविका और पारिस्थितिक स्वास्थ्य दोनों के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**206. (A)**

**व्याख्या:**

**दादाभाई नौरोजी:**

- उन्होंने **ब्रिटिश संसद के पहले भारतीय सदस्य के रूप में कार्य** किया। वर्ष 1892 में, उन्होंने लिबरल पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सेंट्रल फिन्सबरी सीट से जीत हासिल की।
- वर्ष 1865 में नौरोजी ने **लंदन इंडियन सोसाइटी** की सह-स्थापना की और वर्ष 1866 में उन्होंने ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना की।
- उन्होंने वर्ष 1886 (कलकत्ता), वर्ष 1893 (लाहौर) और वर्ष 1906 (कलकत्ता) में तीन बार **कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष** के रूप में कार्य किया।
- नौरोजी **"ड्रेन थ्योरी (1867)" के प्रमुख समर्थकों** में से एक थे, जिसने ब्रिटेन द्वारा भारत के आर्थिक शोषण को उजागर किया।
- उन्होंने वर्ष 1901 में **पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया** नामक पुस्तक प्रकाशित की।
- नौरोजी ने भारतीय विधायी निकायों के विरोध को संबोधित करने के लिये **ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स में एक स्थायी समिति** की वकालत की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- उन्होंने भारत में सुधारों की पैरवी करने के लिये वर्ष 1893 में ब्रिटिश संसद में एक **भारतीय संसदीय समिति** का गठन किया।
- उन्हें **वर्ष 1895 में भारतीय व्यय पर रॉयल आयोग** में नियुक्त किया गया।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**207. ( A )**

**व्याख्या:**

- **अर्द्धचालकों/सेमीकंडक्टर: अर्द्धचालकों** में कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच **विद्युत चालकता के गुण** होते हैं जिन्हें **डोपेंट** पेश करके संशोधित किया जा सकता है।
  - सेमीकंडक्टर चिप्स, ट्रांज़िस्टर, फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी और वेफर्स इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की कार्यक्षमता के लिये आवश्यक अन्योन्याश्रित घटक हैं।
  - ट्रॉंज़िस्टर विशिष्ट तकनीकों का उपयोग करके वेफर्स पर निर्मित सेमीकंडक्टर चिप्स के **बिल्डिंग ब्लॉक** के रूप में कार्य करते हैं, जो आधुनिक तकनीक को शक्ति देने वाले **जटिल उपकरणों** के निर्माण को सक्षम करते हैं।
- **सेमीकंडक्टर चिप्स:** यह सेमीकंडक्टर (सिलिकॉन या जर्मेनियम) से बना एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है, जो अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक सर्किट के बेसिक बिल्डिंग ब्लॉक के रूप में कार्य करता है।
- **ट्रॉंजिस्टर** सेमीकंडक्टर डिवाइस के मूलभूत घटक हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल और विद्युत शक्ति को बढ़ाते या स्विच करते हैं।
- **फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी** से तात्पर्य चिप्स और ट्रॉंज़िस्टर जैसे सेमीकंडक्टर डिवाइसेस के निर्माण की प्रक्रिया से है। इसमें **वेफर उपक्रम ( wafer preparation )**, फोटोलिथोग्राफी, नक्काशी, डोपिंग और पैकेजिंग सहित कई महत्त्वपूर्ण चरण शामिल हैं।
- वेफर ( जिसे स्लाइस या सब्सट्रेट भी कहा जाता है ) **अर्द्धचालक सामग्री का एक पतला टुकड़ा** होता है, जैसे कि **क्रिस्टलीय सिलिकॉन**, जिसका उपयोग एकीकृत सर्किट के निर्माण के लिये किया जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**208. ( C )**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद** 15( 1 ) के अनुसार राज्य **किसी भी नागरिक के विरुद्ध** केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी भी कारक के संयोजन के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची** के अनुसार, ग्राम सभा को **अनुसूचित समुदाय की संस्कृति** को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने का अधिकार है, **मुख्य रूप से पंचायत ( अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार ) अधिनियम, 1996 ( पेसा अधिनियम ) के प्रावधानों के माध्यम से,** जिसके तहत ग्राम सभा को इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की स्थानीय परंपराओं एवं रीति-रिवाज़ों की रक्षा करने का अधिकार दिया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**209. ( C )**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास ( NMET ):**

- इसकी स्थापना **खान और खनिज ( विकास एवं विनियमन ) अधिनियम, 1957 की धारा 9C के तहत** भारत में खनिज खोज में तेज़ी लाने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- ट्रस्ट गतिविधियों के लिये स्थापित **NMET फंड** को MMDR अधिनियम, 1957 के तहत खनन पट्टाधारकों के 2% रॉयल्टी योगदान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **NMET की संरचना दो स्तरीय है:**
  - इसका सर्वोच्च निकाय **शासी निकाय** है, जिसकी अध्यक्षता खान मंत्री करते हैं। इसका न्यास पर समग्र नियंत्रण होता है।
  - खान मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली **कार्यकारिणी समिति** इसकी गतिविधियों का विनियमन और प्रबंधन करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

**210. ( B )**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी:**

- उनका जन्म 2 अक्तूबर 1869 को पोरबंदर (गुजरात) में हुआ था।
- 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।
  - 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- महात्मा गांधी **20वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ( INC ) के एक प्रमुख नेता बन गए,** जिन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने हेतु अहिंसक प्रतिरोध और जन-आंदोलन की वकालत की।
  - **1924 का बेलगाम अधिवेशन** एकमात्र कॉन्ग्रेस अधिवेशन था जिसकी अध्यक्षता गांधी जी ने की थी।
- गांधीजी ने जलियांवाला बाग हत्याकांड और दमनकारी रौलेट एक्ट के प्रत्युत्तर में **असहयोग आंदोलन ( NCM ) ( 1920-1922 ) शुरू किया।**
- गांधी जी को बोअर युद्ध में उनकी सेवा के लिये 1915 में **कैसर-ए-हिंद स्वर्ण पदक** से सम्मानित किया गया था, लेकिन उन्होंने **जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में 1920 में इसे वापस कर दिया** था।
- गांधी जी ने ब्रिटिश नमक कर के विरोध में गुजरात के तटीय शहर दांडी तक **नमक मार्च ( 1930 ) का** नेतृत्व किया। इससे **सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत** हुई।
- गांधीजी ने भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की मांग करते हुए **भारत छोड़ो आंदोलन ( QIM ) ( 1942 ) का आह्वान किया।**
- उनके नारे **"करो या मरो"** ने लाखों लोगों को विरोध प्रदर्शनों, हड़तालों और सविनय अवज्ञा के कार्यों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया, जिससे स्वतंत्रता संग्राम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यक्तियों की भगीदारी सुनिश्चित हुई।
- 3 मार्च, 1918 को महात्मा गांधी ने छह तमिल और तेलुगु युवाओं से मद्रास प्रेसीडेंसी में हिंदी सीखने और इस भाषा का प्रचार करने की अपील की। इस अपील के परिणामस्वरूप दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का गठन हुआ जिसका मुख्यालय चेन्नई में था।
- 'द लॉ एंड द लॉयर्स' उनकी प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**211. ( B )**

**व्याख्या:**

**समान नागरिक संहिता ( UCC ):**

- समान नागरिक संहिता भारत के सभी नागरिकों के लिये विवाह, तलाक, गोद लेने, विरासत और उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले **कानूनों के एक समूह** को संदर्भित करती है। **अत: कथन-I सही है।**
- समान नागरिक संहिता की अवधारणा का उल्लेख भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 44 में राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत** के रूप में किया गया है, जिसमें कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन-II सही है।**
  - हालाँकि, यह **विधिक रूप से लागू करने योग्य अधिकार नहीं** है, बल्कि राज्य के लिये एक मार्गदर्शक सिद्धांत है।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**212. ( B )**

**व्याख्या:**

**विनायक दामोदर सावरकर:**

- उनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र में नासिक के निकट भगूर नामक गाँव में हुआ था।
- 26 फरवरी 1966 को अपनी इच्छा मृत्यु पर उपवास के कारण उनकी मृत्यु हो गई।
- संबंधित संगठन और कार्य:
  - **अभिनव भारत सोसाइटी** नामक एक गुप्त संस्था की स्थापना की।
  - वह वर्ष 1937 से वर्ष 1943 तक हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- प्रसिद्ध पुस्तकों में '**भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास**' और 'हिंदुत्व: हिंदू कौन है?' शामिल हैं।

- **परीक्षण और सज़ा:**
  - उन्हें वर्ष 1909 में मॉर्ले-मिंटो सुधार (भारतीय परिषद अधिनियम 1909) के खिलाफ **सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने** के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।
  - वर्ष 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस से संबंध रखने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया।
  - दो मुकदमों के बाद, सावरकर को **दोषी ठहराया गया और 50 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई** और 1911 में उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल (जिसे काला पानी के नाम से भी जाना जाता है) में भेज दिया गया।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**213. (D)**

**व्याख्या:**

**रक्षा व्यय:**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक** जैसी ऋणदाता एजेंसियाँ **GDP के 3%** तक के रक्षा व्यय को स्वीकार्य मानती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **नाटो चार्टर** में यह अनिवार्य किया गया है कि सदस्य राष्ट्र सामूहिक सुरक्षा में प्रभावी योगदान सुनिश्चित करने के लिये अपने सकल घरेलू उत्पाद का न्यूनतम 2% रक्षा के लिये आवंटित करें। **अत: कथन 2 सही है।**
- **चीन और भारत दोनों ही** अपने सकल घरेलू उत्पाद का 2% से भी कम रक्षा पर खर्च करते हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका 4% से अधिक खर्च करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**214. (A)**

**व्याख्या:**

- निर्यात वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने से **आयात पर,** खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों जैसे क्षेत्रों में, **निर्भरता कम हो जाती है। अत: कथन-I सही है।**
  - निर्यात को बढ़ावा देने से न **केवल व्यापार** घाटा कम होता है, बल्कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी मज़बूत होता है, जिससे अर्थव्यवस्था बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक अनुकूल हो जाती है।
  - वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत का व्यापारिक निर्यात 6% बढ़कर रिकॉर्ड 447 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसे पेट्रोलियम, फार्मा रसायन और समुद्री जैसे क्षेत्रों के आउटबाउंड शिपमेंट में स्वस्थ वृद्धि और दिसंबर, 2024 में व्यापार घाटे को कम करके 21.94 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक सीमित करने में मदद मिली।
- निर्यात-संचालित विनिर्माण **भारत को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एकीकृत करता है,** जिससे उन्नत प्रौद्योगिकियों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुँच आसान होती है। **अत: कथन-II सही है।**
  - इससे **उत्पादकता और नवाचार में सुधार हो सकता है,** जिससे घरेलू उद्योग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बन सकेंगे।
  - उदाहरण के लिये, एप्पल और उसके आपूर्तिकर्त्ताओं का लक्ष्य वर्ष 2026-27 तक वैश्विक आईफोन विनिर्माण में 32% और भारत में अपने उत्पादन मूल्य का 26% हिस्सा हासिल करना है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।**

**215. (B)**

**व्याख्या:**

**मानहानि:**

- मानहानि किसी व्यक्ति के बारे में **झूठे बयानों को प्रचारित** करने का कार्य है जो कि उस व्यक्ति की प्रतिष्ठा को आघात पहुँचाता है, जबकि आमजन में इसे साधारण नज़रिये से देखा जाता है।
  - जान-बूझकर किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के इरादे से प्रचारित या बोला गया कोई भी झूठ और गैर-कानूनी बयान मानहानि की दृष्टि से देखा जाता है।
- **संविधान का अनुच्छेद** 19 नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- हालाँकि अनुच्छेद 19 (2) ने इस स्वतंत्रता संबंधी कुछ सीमाएँ भी निर्धारित की हैं जैसे- **न्यायालय की अवमानना, मानहानि** और **अपराध उद्दीपन। अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में मानहानि का मामला दीवानी और आपराधिक दोनों के तहत शामिल हो सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उद्देश्य क्या है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सार्वजनिक रूप से की गई गलती वह **गलती है जिसका निवारण मौद्रिक मुआवज़े के साथ किया जा सकता है,** जबकि दंडनीय अपराध के मामले में **आपराधिक कानून किसी गलत काम करने वाले को दंडित कर अन्य को ऐसा कार्य नहीं करने का संदेश देता है।**
  - **दंडनीय अपराध में मानहानि को संदेह से परे होना चाहिये,** लेकिन एक सिविल मानहानि के मुकदमे में संभावनाओं के आधार पर हर्ज़ाने का प्रावधान किया जा सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला किया कि **मानहानि के आपराधिक प्रावधान संवैधानिक रूप से मान्य हैं और यह स्वतंत्र भाषण के अधिकार का उल्लंघन** नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी फैसला सुनाया कि मानहानि को सार्वजनिक रूप से गलत मानना वैध है और यह कि **आपराधिक मानहानि अनुचित रूप से मुक्त भाषण को प्रतिबंधित नहीं करती** है क्योंकि **अच्छी प्रतिष्ठा बनाए रखना एक मौलिक और मानव अधिकार दोनों है।**
  - न्यायालय ने अन्य देशों के निर्णयों पर भरोसा करते हुए **अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार** के हिस्से के रूप में प्रतिष्ठा के अधिकार की पुष्टि की।
  - **मौलिक अधिकारों के संतुलन' के सिद्धांत** का उपयोग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को "इतना बढ़ावा नहीं दिया जा सकता है कि किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, जो कि अनुच्छेद 21 का एक घटक है, को ठेस पहुँचे"।

**216. ( A )**

**व्याख्या:**

**सीरिया:**

- **दमिश्क, अलेप्पो, होम्स और हामा सीरिया** में स्थित हैं जो चल रहे गृहयुद्ध, भू-राजनीतिक संघर्षों एवं मानवीय संकटों के कारण अक्सर समाचारों में रहते हैं।
  - दमिश्क राजधानी है जबकि अलेप्पो, होम्स और हामा संघर्ष से प्रभावित प्रमुख आर्थिक एवं ऐतिहासिक केंद्र हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: